राष्ट्रीय दैनिक

# प्रातः किरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran







12 महिला बिशप की ट्रप से अपील- समलैंगिकों पर दया करें.... मुकेश अंबानी बनाएंगे दुनिया का सबसे बड़ा डेटा से सेंटर गौतम....... 10



वर्ष : 15 | अंक : 279 | नई दिल्ली, शनिवार, 25 जनवरी, 2025 | विक्रम संवत् 2081 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com


# महाराष्ट्र की भंडारा आयुध फैक्टरी में विस्फोट, आठ की मौत

## आयुध फैक्टरी में विस्फोट के कारण एक इकाई की छत गिरने से कई श्रमिक फंस गए



वाशिंगटन/नई दिल्ली, एजेंसी

मुंबई। महाराष्ट्र के भंडारा जिले में शुक्रवार को सुबह एक आयुध फैक्टरी में विस्फोट हो गया। हादसे में आठ लोगों की मौत हो गई, जबकि सात को गंभीर अवस्था में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि प्रारंभिक जानकारी के अनुसार आयुध फैक्टरी में विस्फोट के कारण एक इकाई की छत गिरने से कई श्रमिक फंस गए। उन्होंने विस्फोट में जान गंवाने वालों के लिए शोक भी व्यक्त किया। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि भंडारा में आयुध फैक्ट्री में बड़ा विस्फोट हुआ है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार इस घटना में 8 लोगों की मौत हो गई है और 7 लोग घायल हैं। गडकरी ने जान गंवाने वालों को एक मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने ट्वीट किया कि घटना के बारे में जानकर बहुत दुख हुआ। बचाव दल घटनास्थल पर तैनात हैं। प्रभावित लोगों को सहायता प्रदान करने के लिए सभी प्रयास किए जा रहे हैं। रक्षा प्रवक्ता ने बताया कि घटनास्थल पर जीवित बचे लोगों के लिए बचाव और चिकित्सा दल तैनात किए गए हैं। इससे पहले जिलाधिकारी संजय कोल्टे ने बताया कि विस्फोट सुबह करीब साढ़े 10 बजे आयुध के परिसर में हुआ। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि विस्फोट जवाहर नगर इलाके में स्थित फैक्टरी के एलटीपी सेक्शन में हुआ। विस्फोट के समय एलटीपी सेक्शन में 14-15 कर्मचारी काम कर रहे थे, जिनमें से तीन को बचा लिया गया और एक की मौत हो गई। अग्निशमन दल और एंबुलेंस को मौके पर भेज दिया गया है। छत ढह गई है, जिसे जेसीबी की मदद से हटाया जा रहा है।

**हर तरह की मदद मुहैया कराई जा रहीः फडणवीस**

हादसे की खबर आते ही फडणवीस ने दुख जताया। उन्होंने कहा, ह्यभंडरा जिले में आयुध फैक्टरी में हुए विस्फोट में छत गिरने से 13 से 14 श्रमिकों के फंसने की खबर है। अब तक मिली प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, दुर्भाग्य से एक श्रमिक की मौत हो गई है। कई श्रमिकों को सुरक्षित निकाल लिया गया है। जिला कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक मौके पर हैं और हर तरह की मदद मुहैया कराई जा रही है। बचाव अभियान के लिए एसडीआरएफ और नागपुर नगर निगम की टीमों को भी बुलाया गया है और वे जल्द ही पहुंच जाएंगी। जिला प्रशासन रक्षा बलों के साथ समन्वय में बचाव अभियान में शामिल है। चिकित्सा सहायता के लिए भी टीमों को तैयार रखा गया है। मैं इस घटना में जान गंवाने वाले एक व्यक्ति को अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं।

**रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने जताया शोक**

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भी इस पूरी घटना पर शोक जताया है। उन्होंने एक्स पर ट्वीट किया- महाराष्ट्र के भंडारा में ऑर्डिनेंस फैक्ट्री में हुए विस्फोट के बारे में जानकर बहुत दुख हुआ। शोक संतप्त परिवारों के प्रति मेरी संवेदनाएं। मैं घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूं। बचाव दल घटनास्थल पर तैनात हैं। प्रभावित लोगों को सहायता प्रदान करने के लिए सभी प्रयास किए जा रहे हैं।

**कांग्रेस ने मोदी सरकार को घेरा**

विस्फोट पर महाराष्ट्र कांग्रेस प्रमुख नाना पटोले ने केंद्र सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि यह मोदी सरकार की विफलता है।

**प्रत्यक्षदर्शी ने सुनाई आपबीती**

एक प्रत्यक्षदर्शी ने बताया कि मैं काम पर जा रहा था और मैंने हवा में मलबा उड़ते देखा। एक टुकड़ा मेरे पास आकर गिरा, मैं वहां से भाग गया। मैंने आग और धुआं निकलते देखा। मैंने बहुत तेज धमाका सुना। पूरी इमारत उड़ गई।

# समिति के अध्यक्ष जगदंबिका पाल ने तृणमूल कांग्रेस नेता पर अपशब्दों का इस्तेमाल करने का आरोप लगाया

## वक्फ विधेयक संबंधी संसदीय समिति की बैठक में हंगामा, 10 विपक्षी सदस्य निलंबित



नई दिल्ली, एजेंसी

नई दिल्ली। वक्फ संशोधन विधेयक पर विचार कर रही संयुक्त संसदीय समिति की बैठक में शामिल 10 विपक्षी सदस्यों को अध्यक्ष जगदंबिका पाल के खिलाफ विरोध जताने तथा प्रक्रियाओं को लेकर मनमानी करने का आरोप लगाए जाने के बाद शुक्रवार को एक दिन के लिए निलंबित कर दिया गया। विपक्षी सदस्यों ने पाल पर कार्यवाही को एक तमाशा बनाने का आरोप लगाया और दावा किया कि वह सरकार के निदेशों पर काम कर रहे थे। पाल ने बैठक को बाधित करने के उद्देश्य से उनके आचरण की आलोचना की। समिति के अध्यक्ष पाल ने तृणमूल कांग्रेस नेता कल्याण बनर्जी पर अपशब्दों का इस्तेमाल करने का आरोप लगाया। पाल ने कहा कि उन्होंने बैठक को व्यवस्थित करने का प्रयास किया, इसे दो बार स्थगित किया लेकिन कोई फायदा नहीं हुआ। भाजपा सदस्य निशिकांत दुबे ने विपक्षी सदस्यों को निलंबित करने का प्रस्ताव रखा, जिसे समिति ने स्वीकार कर लिया। निलंबित सदस्यों में बनर्जी और नदीम-उल हक तृणमूल कांग्रेस, मोहम्मद जावेद, इमरान मसूद और सैयद नासिर हुसैन कांग्रेस, ए राजा और मोहम्मद अब्दुल्ला द्रमुक, असदुद्दीन ओवैसी एआईएमआईएम, मोहिबुल्लाह सपा और अरविंद सावंत शिवसेना-यूबीटी शामिल हैं। विपक्षी सदस्यों का निलंबन उस दिन हुआ जब मीरवाइज उमर फारूक के नेतृत्व में जम्मू-कश्मीर का एक प्रतिनिधिमंडल वक्फ संशोधन विधेयक पर संयुक्त समिति के समक्ष मसौदा कानून के बारे में अपनी चिंताओं को साझा करने के लिए उपस्थित हुआ। समिति की बैठक हंगामेदार ढंग से शुरू हुई और विपक्षी सदस्यों ने अध्यक्ष पर कार्यवाही में बाधा डालने और मनमानी से बैठक का एजेंडा बदलने का आरोप लगाया। एक संक्षिप्त स्थगन के बाद दोबारा बुलाई गई समिति की बैठक में विरोध और हंगामा जारी रहने के कारण 10 विपक्षी सदस्यों को निलंबित कर दिया गया। बनर्जी ने कहा, 21 जनवरी को हमारी बैठक के बाद, अध्यक्ष ने सदस्यों को सूचित किया था कि अगली बैठक 24-25 जनवरी को होगी। विपक्षी सदस्यों ने विरोध किया और ए राजा ने भी पत्र लिखकर 30 या 31 जनवरी के बाद बैठक निर्धारित करने का अनुरोध किया। लेकिन अध्यक्ष ने हमारी बात नहीं सुनी। उन्होंने कहा कि शुक्रवार की बैठक का एजेंडा गुरुवार देर रात बदल दिया गया और आधी रात के करीब सदस्यों को सूचित किया गया। बनर्जी ने कहा, सभापति विपक्षी सदस्यों के साथ घरेलू सहायकों की तरह व्यवहार कर रहे हैं और उन्हें इधर-उधर जाने का आदेश दे रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि दिल्ली विधानसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए कार्यवाही में तेजी लाई जा रही है। तृणमूल कांग्रेस नेता ने कहा कि जब बैठक चल रही थी तो पाल को कई फोन आए और उन्होंने आरोप लगाया कि वह कार्यवाही के संचालन के लिए सरकार से आदेश ले रहे हैं। भाजपा सदस्य अपराजिता सारंगी ने दावा किया कि विपक्षी सदस्यों का आचरण शर्मनाक था क्योंकि वे बैठक के दौरान लगातार हंगामा कर रहे थे और असंसदीय भाषा का इस्तेमाल कर रहे थे। इससे पहले, संसदीय समिति की बैठक में हंगामा हुआ और विपक्षी सदस्यों ने आरोप लगाया कि मसौदा विधेयक में प्रस्तावित बदलावों के अध्ययन के लिए उन्हें पर्याप्त समय नहीं दिया जा रहा है। आधिकारिक सूत्रों ने कहा कि समिति 29 जनवरी को अपनी अंतिम रिपोर्ट स्वीकार करेगी। वक्फ (संशोधन) विधेयक, 2024 को अल्पसंख्यक कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने गत आठ अगस्त को लोकसभा में पेश किया था और इसके बाद इसे संयुक्त समिति को भेज दिया गया था। समिति की बैठक से पहले मीरवाइज ने संवाददाताओं से कहा कि वह वक्फ संशोधन विधेयक का कड़ा विरोध करते हैं और धर्म के मामलों में सरकार के हस्तक्षेप नहीं करने का समर्थन करते हैं। उन्होंने कहा, हमें उम्मीद है कि हमारे सुझावों को सुना जाएगा और उन पर अमल किया जाएगा तथा ऐसा कोई कदम नहीं उठाया जाएगा जो मुसलमानों को महसूस कराए कि उन्हें शक्तिहीन किया जा रहा है। उन्होंने कहा, वक्फ का मुद्दा बहुत गंभीर मामला है, खासकर जम्मू-कश्मीर के लोगों के लिए। क्योंकि यह एक मुस्लिम बहुल राज्य है। कई लोगों को इस बारे में चिंताएं हैं और हमने इन चिंताओं के बिंदुवार समाधान के लिए एक विस्तृत ज्ञापन तैयार किया है। हम चाहते हैं कि सरकार वक्फ मामलों में हस्तक्षेप करने से बचे। मीरवाइज ने कहा, हमारा मानना है कि ऐसा कोई कदम नहीं उठाया जाना चाहिए जिससे जम्मू कश्मीर में माहौल खराब हो। इससे पहले मीरवाइज, पाल से उनके आवास पर मिलने वाले थे। यह पहली बार है जब लगभग निष्क्रिय हो चुके अलगाववादी समूह हुर्रियत कॉन्फ्रेंस के प्रमुख मीरवाइज ने पूर्ववर्ती जम्मू कश्मीर राज्य का विशेष दर्जा समाप्त होने के बाद कश्मीर घाटी से बाहर कदम रखा है।

# महाकुंभ के बारे में रोज दुष्प्रचार कर भारत की आस्था से खिलवाड़ करते हैं सपा अध्यक्ष : योगी



अयोध्या, एजेंसी

अयोध्या। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि समाजवादी पार्टी बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर व अन्य महापुरुषों का विरोध करती है, लेकिन माफिया से प्यार करती है। यह लोग माफिया के मरने पर आंसू बहाते हैं और मर्शिया पढ़ने जाते हैं। उन्होंने कहा कि देख सपाई, बिटिया घबराई। दलित बेटी की इज्जत के साथ खिलवाड़ करने वाला मोईद खान सपा का हीरो होता है। बेटी की इज्जत के साथ खिलवाड़ करना ही सपा का वास्तविक चरित्र है। दुर्भाग्य से अयोध्या से बने सपा के सांसद मोईद खान को सिर पर लेकर ढोते हैं। उसकी पैरवी करते हैं, फोटो खिंचवाने में उन्हें गौरव होता है। सीएम योगी ने अपील की कि मोईद खान के भक्तों को चुनाव नहीं जिताना है। इसे सिर आंखों पर बैठाने वाले लोग बेटियों की सुरक्षा में खतरा हैं। भदरसा का चेयरमैन दलितों की जमीन पर कब्जा करके बैठा था, लेकिन उसे बताया गया कि जबर्दस्ती यहां नहीं चलती है। यहां दलित-गरीब की सुनवाई होगी, माफिया-अपराधी की नहीं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मिल्कीपुर उपचुनाव में सपा को आड़े हाथ लेते हुए भाजपा प्रत्याशी चंद्रभानु पासवान के पक्ष में जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि हाल में हुए उपचुनाव में 9 में से 7 पर भाजपा ने जीत दर्ज की है। मिल्कीपुर को रिकॉर्ड तोड़ना है और राष्ट्रवादियों को चुनाव जिताना है। उन्होंने कहा कि मेरी पूरी कैबिनेट ने 22 जनवरी को प्रयागराज में मां गंगा, यमुना व सरस्वती की त्रिवेणी पर डुबकी लगाई। हम सौभाग्यशाली हैं कि देश-दुनिया से आने वाले श्रद्धालुओं की सेवा का अवसर प्राप्त हो रहा है। 10 दिन में प्रयागराज में 10 करोड़ श्रद्धालुओं ने त्रिवेणी में स्नान किया। 45 करोड़ से अधिक आबादी सिर्फ भारत और चीन की है, लेकिन प्रयागराज महाकुंभ में 13 जनवरी से 26 फरवरी तक 45 करोड़ श्रद्धालुओं के आने की संभावना है। यहां बिना जाति, भेदभाव के लोग संगम में स्नान कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि महाकुंभ का एक ही संदेश- एकता से ही अखंड रहेगा यह देश, लेकिन जातिवाद-परिवारवाद एकता के मार्ग में सबसे बड़ी चुनौती और विकास में बाधा है। जातिवाद-परिवारवाद की राजनीति वे लोग कर रहे हैं, जिन्होंने केवल परिवार की चिंता की। जनता-जनार्दन, दलित-वंचित, पिछड़ी जाति के व्यक्ति का उत्थान नहीं किया। डॉ. लोहिया ने कहा था कि जो संपत्ति व संतति के चक्कर में पड़े, वह समाजवादी नहीं, लेकिन आज के समाजवादी संपत्ति के चक्कर में ही पड़े हैं। खाली प्लॉट पर कब्जा कर इनके झंडे लग जाते थे। सपा का झंडा अपराधियों व माफिया को बचाने के लिए था। इनकी सहानुभूति कभी गरीब, कमजोर के प्रति नहीं होती। उन्होंने कहा कि सपा अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री महाकुंभ के बारे में रोज दुष्प्रचार कर भारत की आस्था से खिलवाड़ करते हैं। 22 जनवरी 2024 को जब प्रभु रामलला अयोध्या में विराजमान हुए, समाजवादी पार्टी ने तब भी विरोध किया था। यह वही समाजवादी पार्टी है, जिसके हाथ कारसेवकों के खून से सने हैं। इन लोगों ने कारसेवकों के खून से सरयू मैया को लाल किया था। अयोध्या में राम मंदिर, एयरपोर्ट का नाम वाल्मीकि जी के नाम पर रखने, प्रयागराज महाकुंभ, संत रविदास की जन्मभूमि सीर गोवर्धन, महर्षि वाल्मीकि की साधना स्थली लालापुर, संत तुलसीदास के राजापुर, लखनऊ के बिजली पासी के किले के सुंदरीकरण, बहराइच में महाराज सुहेलदेव के विजय स्मारक को भव्य रूप दिया गया, पीएसी की तीन महिला बटालियन वीरांगना उदा देवी, झलकारी बाई व अवंती बाई के नाम पर गठन की कार्रवाई को बढ़ाया गया तो सपा ने इसका विरोध किया। सपा ने दंगाइयों की काल यूपीपीएसी की 54 कंपनियों को समाप्त कर दिया था।

**जयंती** | भारत के ये महान सपूत कपूरी ठाकुर जी सामाजिक न्याय के मसीहा हैं.........

# कपूरी ठाकुर सामाजिक न्याय के मसीहा : धनखड़



नई दिल्ली, एजेंसी

नई दिल्ली। उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने भारत रत्न डॉ. कपूर्री ठाकुर को सामाजिक न्याय का मसीहा करार देते हुए कहा है कि उन्होंने कभी भी परिवारवाद को बढ़ावा नहीं दिया।

श्री धनखड़ ने शुक्रवार को बिहार के समस्तीपुर में डॉ. कपूर्री ठाकुर की 101 वीं जयंती के अवसर पर आयोजित स्मृति कार्यक्रम में कहा कि डॉ. ठाकुर सामाजिक न्याय के मसीहा थे और उन्होंने आरक्षण लागू कर एक बड़ी आबादी के लिए अपार संभावनाओं के द्वार खोले। उन्होंने कहा, भारत के ये महान सपूत कपूर्री ठाकुर जी सामाजिक न्याय के मसीहा हैं। संक्षिप्त काल में कपूर्री ठाकुर जी ने सामाजिक और राजनीतिक कायाकल्प का नया इतिहास लिखा ...... सदियों की जड़ता को तोड़ दिया और बड़ी आबादी के लिए संभावनाओं के अपार द्वार खोल दिये। उप राष्ट्रपति ने कहा कि डॉ. ठाकुर ने समता युग की नई शुरूआत की। उनका त्याग, उनका समर्पण, परिवारवाद को उन्होंने कभी बढ़ावा नहीं दिया। वह एक ऐसे राष्ट्रीय नेता थे जिन्होंने जाति, धर्म और वर्ग से ऊपर उठकर समानता को दृष्टिगत रखते हुए, विकास संपन्न करते थे। श्री धनखड़ ने कहा कि डॉ. ठाकुर स्टेट्समैन थे। वर्तमान में काम करने के साथ-साथ भविष्य का भी चिंतन करते थे। उन्होंने आरक्षण लागू किया।

किसी विरोध की परवाह नहीं की। ये एक नया अध्याय लिखा। उन्होंने अंग्रेजी की अनिवार्यता को खत्म किया। सरकारी दफ्तर में हिन्दी कामकाज को बढ़ावा दिया। उनका उपहास भी हुआ। इस अवसर पर बिहार के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान, केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान, राज्यसभा के उप सभापति डॉ. हरिवंश, कृषि एवं किसान कल्याण राज्यमंत्री राज्यसभा रामनाथ ठाकुर और भागीरथ चौधरी, तथा केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय और अन्य गणमान्य व्यक्ति भी इस अवसर पर उपस्थित रहे।

# आम बजट में इनकम टैक्स स्लैब में मिल सकती है छूट : रिपोर्ट






नई दिल्ली, एजेंसी

नई दिल्ली। ग्लोबल फाइनेंसियल सर्विसेज कंपनी नोमुरा ने गुरुवार को कहा कि केंद्र सरकार आगामी 2025-26 के आम बजट में उपभोक्ता खर्च को प्रोत्साहित करने के लिए इनकम टैक्स स्लैब में बदलाव कर सकती है। साथ ही इस नोमुरा द्वारा यह अनुमान भी लगाया गया कि बजट में सरकार द्वारा राजकोषीय समेकन और विकास का समर्थन करने वाले उपायों दोनों पर ध्यान केंद्रित करेगी। फाइनेंसियल सर्विसेज फर्म को उम्मीद है कि भारत वित्त वर्ष 2025 के लिए अपने राजकोषीय घाटे के लक्ष्य को पार कर जाएगा और घाटा सकल घरेलू उत्पाद का 4.8 प्रतिशत रहने का अनुमान है, जो कि पहले के 4.9 प्रतिशत के पूवानुर्मान से थोड़ा कम है। यह बदलाव पूंजीगत व्यय कैपेक्स खर्च में कमी के कारण हुआ है। वित्त वर्ष 2026 के लिए नोमुरा का अनुमान है कि पूंजीगत व्यय जीडीपी के 4.4 प्रतिशत पर रहेगा, जो भारत के मध्यम अवधि के लक्ष्यों के अनुरूप है। नोमुरा यह भी उम्मीद जताई है कि वित्त वर्ष 2026 में सार्वजनिक पूंजीगत व्यय में सालाना आधार पर 12.5 प्रतिशत की वृद्धि होगी। नोमुरा ने सोने पर आयात शुल्क में वृद्धि, बीमा क्षेत्र में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश की सीमा में विस्तार और रुपये को समर्थन देने के लिए पूंजी प्रवाह को बढ़ावा देने के लिए कदम उठाए जाने की संभावना जताई है। इसके अलावा, वित्तीय फर्म ने कहा कि भारत की सकल बाजार उधारी वित्त वर्ष 26 में मामूली वृद्धि होगी और यह 14.4 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच जाएगी, जो कि चालू वित्त वर्ष में 14 लाख करोड़ रुपये थी। वहीं, शुद्ध बाजार उधारी गिरकर 11.03 लाख करोड़ रुपये रह जाएगी, जो कि वित्त वर्ष 25 के मुकाबले 60,000 करोड़ रुपये कम है। इसके अतिरिक्त, नोमुरा का मानना है कि बजट में सरकार एक बैलेंस रुख अपनाएगी। इससे भारतीय रिजर्व बैंक को फरवरी में होने वाली मौद्रिक नीति समिति की बैठक में रेपो रेट को कम करने में मदद मिलेगी।

# देश के आर्थिक, आध्यात्मिक विकास में उत्तर प्रदेश महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा हैः राष्ट्रपति



नई दिल्ली, एजेंसी

नई दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शुक्रवार को उत्तर प्रदेश के स्थापना दिवस के अवसर पर लोगों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि राज्य देश के आर्थिक, सामाजिक, राजनीतिक और आध्यात्मिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। उन्होंने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा, उत्तर प्रदेश दिवस पर राज्य के सभी निवासियों को मेरी हार्दिक शुभकामनाएं। देश के आर्थिक, सामाजिक, राजनीतिक और आध्यात्मिक विकास में यह राज्य महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। मुझे विश्वास है कि यह प्रदेश समग्र विकास के पथ पर अग्रसर रहेगा। मैं उत्तर प्रदेश के मेहनती और प्रतिभाशाली निवासियों की निरंतर प्रगति और सुख-समृद्धि की मंगल कामना करती हूं। उत्तर प्रदेश को पहले संयुक्त प्रांत के रूप में जाना जाता था। 24 जनवरी, 1950 को इसे उत्तर प्रदेश के रूप में मान्यता दी गई। मुर्मू ने कहा, उत्तर प्रदेश दिवस पर राज्य के सभी निवासियों को मेरी हार्दिक शुभकामनाएं। यह राज्य देश के आर्थिक, सामाजिक, राजनीतिक और आध्यात्मिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

# भारत के मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में जनवरी में हुई मजबूत वृद्धि : रिपोर्ट



नई दिल्ली, एजेंसी

नई दिल्लीभारत के मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में जनवरी में मजबूत वृद्धि दर्ज की गई है। इसकी वजह नए निर्यात ऑर्डर में इजाफा होना है। यह जानकारी एचएसबीसी फ्लैश पीएमआई रिपोर्ट में शुक्रवार को दी गई। 100 एक्टिविटीज इंडिकेटर्स के एनालिसिस के आधार पर तैयार की गई रिपोर्ट में बताया गया कि दिसंबर के अंत में समाप्त होने वाली तिमाही में 65 प्रतिशत इंडिकेटर्स सकारात्मक थे। वहीं, इससे पहले की तिमाही में 55 प्रतिशत इंडिकेटर्स सकारात्मक थे। यह दिखाता है कि वृद्धि दर में तेजी आई है। एचएसबीसी ने बयान में आगे कहा कि जनवरी में सर्विस पीएमआई पिछले महीने के मुकाबले कमजोर रही है। रिपोर्ट में बताया गया, मैन्युफैक्चरिंग और सर्विसेज में अंतर टैरिफ लगने के डर के कारण है। हमने पाया कि मैन्युफैक्चरिंग से जुड़े नए निर्यात ऑर्डर में तेजी से वृद्धि हुई है। यह घरेलू या सर्विस ऑर्डर में वृद्धि से भी अधिक तेजी से बढ़े हैं। हमें लगता है कि इसका श्रेय नए संभावित टैरिफ लागू होने से पहले दुनिया भर में तेजी से स्टॉक भरने को दिया जा सकता है। इन नए निर्यात ऑर्डर को पूरा करने के लिए मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर का आउटपुट भी तेजी से बढ़ा है। रिपोर्ट में बताया गया कि लागत में भी दोनों सेक्टरों में विपरीत रुझान देखने को मिला है। मैन्युफैक्चरर्स के लिए इनपुट प्राइस 10 महीने के निचले स्तर पर पहुंच गए हैं। वहीं, सर्विस प्रोवाइडर्स के लिए इनपुट लागत बढ़ी है। हालांकि, बिक्री कीमत में बदलाव न होने के कारण सर्विस प्रोवाइडर्स का मार्जिन घटा है, जबकि मैन्युफैक्चरर्स का मार्जिन बढ़ा है। रिपोर्ट में बताया गया कि महंगाई में गिरावट का दौर जारी है। जनवरी में यह 4.2 प्रतिशत रहने का अनुमान है। एचएसबीसी को उम्मीद है कि फरवरी और अप्रैल में क्रमशः 25-25 आधार अंक रेपो रेट कम हो सकता है। इससे रेपो रेट घटकर 6 प्रतिशत हो जाएगा, जो फिलहाल 6.5 प्रतिशत है।

## संक्षिप्त समाचार

### रोडवेज बसें महाकुंभ में, हल्द्वानी-नैनीताल की दो सेवाएं प्रभावित

**नैनीताल, एजेंसी।** महाकुंभ में उत्तराखंड परिवहन निगम की बसों के जाने से नैनीताल-हल्द्वानी मार्ग की दो सेवाएं प्रभावित हुई हैं। ऐसे में तल्लीताल स्टेशन की ओर से यहां बसों के फेरे बढ़ाए गए हैं। हालांकि इन दिनों शहर में यात्रियों की संख्या सामान्य है। बता दें कि यात्रियों की सुविधा के मद्देनजर महाकुंभ में उत्तराखंड परिवहन की बसें लगाई गई हैं। नैनीताल स्थित रोडवेज स्टेशन से भी दो बसें महाकुंभ भेजी गई हैं, जिससे यहां की सेवाएं प्रभावित हुई हैं। रोडवेज के वरिष्ठ इंचार्ज धर्मानंद जोशी ने बताया कि इन दिनों यात्री कम है। संख्या में बढ़ोतरी होने पर बसों के फेरे बढ़ाए जाएंगे।

### बिंदुखत्ता को राजस्व ग्राम घोषित करने की अधिसूचना जारी करने की मांग

**लालकुआं, एजेंसी।** बिंदुखत्ता को राजस्व ग्राम का दर्जा दिलाने की मांग को लेकर मंगलवार को वन अधिकार समिति के नेतृत्व में बैठक की गई। इसमें विभिन्न सामाजिक कार्यकर्ताओं ने पूर्ण समर्थन का एलान किया। वन अधिकार समिति के सचिव भुवन भट्ट ने अब तक हुए बिंदुखत्ता राजस्व गांव के संघर्ष की कार्यवाही की जानकारी दी। इस दौरान बिंदुखत्ता में वन अधिकार अधिनियम 2006 पर राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन कर भारत के अन्य राज्यों की वन अधिकार समितियों के प्रतिनिधियों को आमंत्रित करने का निर्णय लिया गया। सामाजिक कार्यकर्ता पीयूष जोशी ने कहा कि यदि जल्द ही अधिसूचना जारी नहीं की गई तो आंदोलन किया जाएगा। वहां सामाजिक कार्यकर्ता पीयूष जोशी समेत अन्य ग्रामीण थे।

### एमबी इंटर कॉलेज में होगी हल्द्वानी, लालकुआं और कालाढूंगी की मतगणना

**हल्द्वानी, एजेंसी।** सात निकाय चुनाव में पोलिंग पार्टियां एमबी इंटर कॉलेज से रवाना होंगी, लेकिन चार निकाय की मतपेटियां यहां नहीं आएंगी। हल्द्वानी एमबी इंटर कॉलेज में तीन निकायों की मतपेटियां ही आएंगी। एडीएम शिवचरण द्विवेदी ने बताया कि बुधवार को पोलिंग पार्टियां सुबह आठ बजे से रवाना होंगी। वोटिंग के बाद हल्द्वानी के एमबी इंटर कॉलेज में हल्द्वानी नगर निगम, लालकुआं नगर पंचायत और कालाढूंगी नगर पालिका की मतपेटियां आएंगी। 25 जनवरी को यहीं मतगणना होगी। उधर वोटिंग के बाद भीमताल, नैनीताल और भवाली नगर पालिका की मतपेटियां जीजीआईसी नैनीताल में रखी जाएंगी।

### 600 रेंजर और गार्डों ने जीपीएस मैपिंग के बारे में जाना

**हल्द्वानी, एजेंसी।** वन प्रशिक्षण संस्थान में कुमाऊं रेंज के 600 रेंजर और गार्ड को विशेष प्रशिक्षण दिया गया। तीन दिवसीय ट्रेनिंग में इन सभी को जीपीएस मैपिंग के साथ ही कैमरा चलाने के तरीकों को बताया गया। वन की सुरक्षा और वनाग्नि से बचाने के लिए भी प्रशिक्षित किया गया। इसके अलावा रानीबाग के रेस्क्यू सेंटर के जरिए बचाव की जानकारी भी दी गई। प्रशिक्षण संस्थान में इन सभी को वन संपत्ति अधिनियम की भी जानकारी दी। एक दिन के लिए नैनीताल के चिड़ियाघर का भी भ्रमण कराया गया।

### फिर टूटी सड़क के बीच से गुजर रही नाली की जाली

**नैनीताल, एजेंसी।** लंबे समय से नैनीताल-हल्द्वानी रोड पर तल्लीताल जीआईसी व जेल गेट के बीच सड़क के बीचोंबीच बनी नाली के ऊपर लगाई गई जाली टूट गई थी। लोगों की शिकायत के बाद विभाग ने नई जाली लगा दी थी, लेकिन बुधवार को फिर से जाली टूट गई और सड़क के बीच नाली के ऊपर गड्ढा बन गया है। इससे वाहनों के फंसने का खतरा व बाइकों के गिरने का खतरा बना हुआ है। बुधवार को सुबह से शाम तक कई बाइक सवार बाल बाल बचे। इधर, एनएच के सहायक अभियंता प्रमोद सुयाल ने बताया कि जल्द ही नाली में जाली लगा दी जाएगी।

### झील किनारे फैली गंदगी से लोग परेशान

**भीमताल, एजेंसी।** झील किनारे फैली गंदगी से स्थानीय लोगों और सैलानियों को दुर्गंध का सामना करना पड़ रहा है। साथ ही झील और शहर की सुंदरता भी प्रभावित हो रही है। क्षेत्र के नवीन कुमार ने कहा कि झील किनारे की गंदगी से सैलानियों में अच्छा संदेश नहीं जा रहा है। उन्होंने कहा कि गंदगी की दुर्गंध से भी लोग परेशान हो रहे हैं। स्थानीय लोगों ने सिंचाई विभाग और नगर पालिका से झील किनारे फैली गंदगी को साफ कराने की मांग की है।

### बच्चों को स्वास्थ्य और कानून की जानकारी दी

**गरमपानी (नैनीताल), एजेंसी।** रामगढ़ ब्लॉक के राजकीय इंटर कॉलेज जौरासी में बुधवार को डायट की ओर से संचेतना कार्यशाला आयोजित की गई। इसमें गरमपानी सीएचसी की स्वास्थ्य विभाग की टीम ने छात्र-छात्राओं को शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य की जानकारी दी। खैरना पुलिस के एसआई प्रकाश मेहरा ने छात्र-छात्राओं आपातकालीन की स्थिति में पुलिस को सूचना देने की अपील की। साथ ही नशे के सेवन से दूर रहने के लिए प्रेरित किया। इसके अलावा विद्यार्थियों को साइबर अपराध के साथ महिला सुरक्षा को लेकर भी जानकारी दी गई। वहां संजीव पांडेय, डॉ. योगेश, भावना बिष्ट, विनोद जोशी, डॉ. दीपक सती आदि थे।

# वोटिंग लिस्ट में नाम नहीं होने के कारण एसएसपी सहित कई पुलिस अधिकारी नहीं डाल पाए वोट

**हल्द्वानी, एजेंसी।**
सरकारी अमले के शत-प्रतिशत मतदान के दावों की पोल तब खुल गई जब एसएसपी, एसपी सिटी, सीओ सहित कई पुलिस अधिकारियों के अलावा कई विभागीय अधिकारियों के नाम वोटर लिस्ट से गायब निकले। उधर काठगोदाम, अंबिका विहार, बनभूलपुरा, सुभाषनगर सहित कई जगह लोगों ने वोटर लिस्ट में नाम न होने की शिकायत की।

बृहस्पतिवार को निकाय चुनाव के लिए हुए मतदान में एसएसपी प्रह्लाद नारायण मीणा, एसपी सिटी प्रकाश चंद्र, सीओ नितिन लोहनी सहित कई पुलिस अधिकारियों के नाम वोटर लिस्ट में नहीं थे। उधर पुलिस कॉलोनी में रहने वाले कई दरोगा सहित अधिकारियों के नाम वोटर लिस्ट में नहीं थे। ये ही हाल अन्य विभागों का भी था। उधर, वोटर लिस्ट में नाम न होने से वार्ड पांच अंबिका विहार कॉलोनी के 20 परिवार मतदान से वंचित रहे जबकि लोकसभा और विधानसभा चुनाव में मतदान कर चुके हैं। क्षेत्र के लोगों ने जिला निर्वाचन अधिकारी को भी शिकायत की। अंबिका विहार समिति अध्यक्ष जगत सिंह डोभाल ने बताया कि कॉलोनी में 70 परिवार रहते हैं। सुबह जब कॉलोनी के लोग वोट डालने गए तो जो वोटर लिस्ट उन्हें दी गई उसमें 20



परिवारों के नाम ही नहीं थे। कहा कि लोकसभा और विधानसभा चुनाव में यहां के लोग मतदान कर चुके हैं। कहा, हमने आधार कार्ड और वोटर आईडी से मतदान कराने की गुहार लगाई लेकिन हमें वोट नहीं डालने दिया गया। निर्वाचन विभाग से इसकी शिकायत की है। वार्ड-छह सुभाषनगर के लोगों के लिए स्थानीय प्राइमरी स्कूल में मतदान केंद्र बनाया गया था। यहां सुबह से ही लोग वोट डालने पहुंचने लगे थे। इस बीच वार्ड के 50 लोगों का नाम मतदाता सूची में दर्ज नहीं था। स्थानीय निवासियों ने बताया कि वे वर्षों से हर चुनाव में वोट डाल रहे हैं लेकिन इस बार किस कारण से उनका नाम कट गया, इसकी जानकारी नहीं मिल पाई। उन्होंने मतदात सूची बनाने में लापरवाही करने का आरोप लगाया। कहा, इसकी शिकायत अपर जिलाधिकारी से की गई है। राजपुरा और वार्ड 56 में दो महिलाओं का किसी अन्य वोटर ने वोट डाल दिया। राजपुरा वार्ड 12 निवासी आरती शाम को जब बूथ में वोट देने पहुंची तो बताया गया कि उनका वोट तो सुबह ही डाल दिया गया है। आरती ने कहा कि वह अभी वोट देने आई है। बिना वोट डाले वह नहीं जाएंगी। इसके बाद उन्होंने आपत्ति दर्ज कराई। तब जाकर पीठासीन अधिकारी ने उन्हें वोट देने दिया। वहीं, वार्ड 56 में भी एक महिला का वोट कोई और व्यक्ति देकर चला गया।

### हाईकोर्ट के जज समेत कइयों के नाम वोटर लिस्ट से कटे

**नैनीताल/भीमताल , एजेंसी।** मतदान के दौरान कई लोगों का नाम वोटर लिस्ट में नहीं होने का मामला भी सामने आया है। इसमें हाईकोर्ट के एक जज समेत नगर के कारोबारी और रंगकर्मी भी शामिल रहे। वोटर लिस्ट में नाम नहीं होने के कारण लोगों को बूथों से बिना वोट डाले ही लौटना पड़ा। वहीं, कई लोगों को वोटर लिस्ट में नाम नहीं मिलने से वे मतदान केंद्र ही नहीं पहुंचे। यही नहीं भाकपा माले नेता कैलाश जोशी के नाम के आगे महिला अंकित हो गया।

पहचान पत्र आदि के आधार पर उन्हें वोट डालने दिया गया। मामले में डीएम वंदना सिंह ने बताया कि डोर टू डोर सर्वेक्षण में कोई कारण रहा होगा, जिसकी वजह से लोगों के नाम वोटर लिस्ट में नहीं चढ़ सके होंगे। बीएलओ की ओर से कारण जरूर दिया गया होगा, जिसकी जांच की जाएगी। कुछ इसी तरह का हाल भीमताल में भी देखने को मिला।

## प्रधानाध्यापक भट्ट हैंडबाल प्रतियोगिता के टेक्निकल ऑफिशियल नियुक्त

**द्वाराहाट (अल्मोड़ा), एजेंसी।** ब्लॉक के राजकीय प्राथमिक विद्यालय ईड़ा (जालली) के प्रधानाध्यापक भुवन चंद्र भट्ट को उत्तराखंड में होने वाली नेशनल गेम्स हैंडबाल प्रतियोगिता के लिए टेक्निकल ऑफिशियल नियुक्त किया है। उनकी यह नियुक्ति फेडरेशन आफ इंडिया के सेक्रेटरी जनरल डॉ. प्रीत पाल सिंह सलूजा ने की है।

बता दें कि 25 जनवरी से 31 जनवरी तक ऋषिकेश में 38वें राष्ट्रीय खेलों के तहत हैंडबाल प्रतियोगिता होने जा रही है। इसी के लिए भट्ट को यह दायित्व दिया गया है। भुवन चंद्र भट्ट उत्तराखंड प्रारंभिक शिक्षा के पहले शिक्षक हैं जिन्हें इस खेल का टैक्निकल ऑफिशियल बनाया है। द्वाराहाट के विजयपुर (धनखलगांव) निवासी भुवन चंद्र भट्ट कई बार राष्ट्रीय/अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में कोच के रूप में प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। इस बार उन्हें बड़ा दायित्व मिला है।

भट्ट की इस उपलब्धि पर उत्तराखंड ओलंपिक संघ के अध्यक्ष महेश नेगी, राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ, द्वाराहाट समेत शिक्षक संगठनों एवं खेल प्रेमियों में खुशी की लहर है।

### बोर्ड परीक्षा की व्यवस्थाओं के लिए बैठक 29 को

**रामनगर, एजेंसी।** उत्तराखंड बोर्ड की हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की बोर्ड परीक्षाएं 21 फरवरी से शुरू हो रही हैं। परीक्षाओं की व्यवस्था के लिए सभापति की अध्यक्षता में 29 जनवरी को बैठक बुलाई गई है। इस साल हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की परीक्षा के लिए 2,23,387 परीक्षार्थियों ने पंजीकरण कराया है। इसमें हाईस्कूल में 1,13,688 जबकि इंटरमीडिएट में 1,09,699 परीक्षार्थी शामिल हैं।

### रोडवेज की 10 बसों की होगी नीलामी

**रामनगर, एजेंसी।** परिवहन निगम मुख्यालय ने रोडवेज डिपो की 10 बसों की नीलामी कराने के निर्देश दिए हैं। डिपो के अधिकारियों ने 31 बसों की नीलामी के लिए मुख्यालय को पत्र भेजा था। रोडवेज के एआरएम आनंद प्रकाश ने बताया कि रामनगर डिपो से 82 बसों का संचालन पर्वतीय व शहरी क्षेत्रों के लिए किया जा रहा है। रोडवेज के मानकों के अनुसार रोडवेज की 31 बसें आठ साल (आठ लाख किलोमीटर) पूरे कर चुकी हैं।

## क्वारब में फिर दरका पहाड़, हाईवे बंद



**अल्मोड़ा, एजेंसी।**
अल्मोड़ा-हल्द्वानी राष्ट्रीय राजमार्ग पर क्वारब के पास बृहस्पतिवार की सुबह करीब आठ बजे एक बार फिर पहाड़ी का बड़ा हिस्सा दरक गया। इस वजह से भारी तादाद में मलबा सड़क पर आ गिरा।

राष्ट्रीय राजमार्ग पर करीब छह घंटे तक वाहनों की आवाजाही पूरी तरह बंद रही। जेसीबी लगाकर राष्ट्रीय राजमार्ग के अधिकारियों ने मलबा हटाया तब जाकर यातायात सामान्य हो सका।

बृहस्पतिवार सुबह करीब सात बजे तक हाईवे पर यातायात सामान्य गति से चल रहा था। करीब साढ़े सात बजे मलबा अचानक गिरने लगा। पहले रुक-रुक कर मलबा और पत्थर गिरने शुरु हुए लेकिन थोड़ी देर बाद ही पहाड़ी का एक बड़ा हिस्सा भरभराकर गिरने लगा।

मलबा आ जाने के कारण राष्ट्रीय राजमार्ग खंड के ईई महेंद्र कुमार के दिशा निर्देशन में अधिकारियों ने जेसीबी लगवाकर मलबे को हटवाया। दोपहर बाद करीब दो बजे क्वारब में वाहनों की आवाजाही शुरू हो सकी। आपदा प्रबंधन अधिकारी विनीत पाल ने बताया कि दोपहर बाद से हाईवे पर वाहनों की आवाजाही सामान्य रूप से जारी है।

लेकिन मौके पर एहतियात के तौर जेसीबी तैनात रखी गई है।

## धीमी गति से मतदान, छोटे पड़े केंद्र, सड़क पर ही लगी कतार

**हरिद्वार, एजेंसी।**
नगर निकाय चुनाव के मतदान को लेकर की गई व्यवस्थाएं कई केंद्रों पर नाकाफी साबित हुई। तमाम केंद्रों पर मतदान की प्रक्रिया बेहद धीमी गति से चलने से मतदाताओं को परेशानी झेलनी पड़ी। कई मतदान केंद्र छोटे पड़ गए और सड़क किनारे ही मतदाताओं की कतार लग गई। मतदान करने के लिए एक-एक मतदाता को तीन से चार घंटे तक लाइन में लगकर अपनी बारी का आने इंतजार करना पड़ा। कुछ केंद्रों पर पुलिसकर्मियों की संख्या भी नाकाफी रही।

बृहस्पतिवार की सुबह आठ बजे नगर निगम और नगर पालिका शिवालिक नगर में मतदान की प्रक्रिया शुरू हो गई। सुबह से लेकर शाम तक मतदान केंद्रों पर लंबी कतारें लगी रही। कुछ मतदान केंद्रों को छोड़कर अधिकांश जगहों पर मतदान की प्रक्रिया की गति बहुत ही धीमी चलती रही। दोपहर तीन बजे तक भी वार्डों में आधे से अधिक भी



मतदान नहीं हो सका था। वार्ड नंबर 45 तपोवन नगर का मतदान केंद्र इतना छोटा पड़ गया कि सड़क किनारे मतदाताओं की लंबी लाइन लग गई। सड़क तक मतदाताओं की कतार लगने से राहगीरों को परेशानी पेश आई। भीड़ बढ़ने के बाद सेक्टर मजिस्ट्रेट डॉ. नरेश चौधरी को मौके पर जायजा लेने पहुंचना पड़ा। यहां मतदान की गति बिल्कुल धीमी थी।

वार्ड नंबर 37 कोटरावान के इंडियन पब्लिक स्कूल में बने मतदान केंद्र पर भी काफी लंबी कतार थी। मतदाता अब्दुल सुब्हान, नयाब, तौसीफ का कहना था कि साढ़े तीन घंटे से अधिक लाइन में लगने के बाद मतदान करने का नंबर आया। वोट डालने की प्रक्रिया बेहद धीमी थी। वहीं, वार्ड नंबर 42 वाल्मीकि बस्ती का मतदान केंद्र इतना छोटा था कि यहां भी सड़क किनारे मतदाताओं की कतारें लगी रही। इसी तरह वार्ड नंबर 41 में सड़क किनारे ही मतदाताओं को खड़ा होना पड़ा। वार्ड नंबर 50 मैदानियान में भी मतदान केंद्र काफी छोटा होने से सड़क पर ही मतदाताओं की लाइन लगी रही।

## अब पाषाण देवी में भी करें बाबा नीब करौरी महाराज के दर्शन

**नैनीताल, एजेंसी।** ठंडी सड़क स्थित मां पाषाण देवी मंदिर में भक्त अब बाबा नीब करौरी महाराज के दर्शन भी कर सकेंगे। मंगलवार को यहां बाबा की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा की गई। साथ ही प्रतिमा को मंदिर के मंडप पर आम भक्तों के दर्शनार्थ रखा गया। मंदिर के 19वें वार्षिकोत्सव के अंतिम दिन मंगलवार को मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। श्रद्धालुओं ने मालपुए का प्रसाद ग्रहण किया। मंदिर के मुख्य पुजारी जगदीश भट्ट ने बताया कि मंदिर में सुबह पूजा अर्चना के साथ ही अखंड रामायण का समापन किया गया। इसके बाद बाबाजी की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा कर पूजन किया गया। हवन के बाद कन्या पूजन और विशाल भंडारा हुआ। विधायक सरिता आर्या ने भी मंदिर पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया। पंडित भगवती प्रसाद जोशी, घनश्याम जोशी और अमित डालाकोटी ने पूजा संपन्न कराई। वहां गौरव जोशी, बसंत पांडे, रोहित भट्ट, कैलाश पलड़िया, उदय बिष्ट, अजय भट्ट, कुनाल आदि थे।

## सिख समाज ने भाजपा प्रत्याशी सुखदेव सिंह को दिया पूर्ण समर्थन

**सितारगंज, एजेंसी।** सिख समाज ने भाजपा के नगरपालिका अध्यक्ष पद के प्रत्याशी सुखदेव सिंह को पूर्ण समर्थन दिया सिख समाज ने सुखदेव सिंह की समाज के प्रति सेवाभाव, उनकी सक्रियता और विकास कार्यों को प्राथमिकता देने की प्रतिबद्धता की सराहना की। समाज के सदस्यों ने भरोसा जताया कि सुखदेव सिंह उनके हितों और क्षेत्र के विकास के लिए निरंतर कार्य करेंगे। सुखदेव ने सिख समाज के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सभी का समर्थन उनके लिए प्रेरणा है। वह समाज की आशाओं और विश्वास को पूरा करने के लिए पूरी लगन और ईमानदारी से कार्य करेंगे। विकास और जनसेवा उनका प्रमुख उद्देश्य रहेगा। सिख समाज के इस समर्थन के बाद भाजपा कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल है और पार्टी को निकाय चुनाव में सकारात्मक परिणाम की उम्मीद है। इस दौरान कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा भी मौजूद थे।

### सड़क के ग   ों में पलट रहे दोपहिया वाहन

**सोमेश्वर, एजेंसी।** यहां से पर्यटन स्थल कौसानी और बागेश्वर को गुजरने वाले मोटर मार्ग काफी समय से अनदेखी का सामना कर रही है। सड़क पर जगह-जगह डामर उखड़ चुका है और बड़े-बड़े गड्ढे बने हैं। यहां दोपहिया वाहन पलटने से कई लोग चोटिल हो चुके हैं।

उप जिला चिकित्सालय सोमेश्वर के पास तो सड़क की हालत दयनीय है। गड्ढों में कीचड़ भरा रहता है। आए दिन दोपहिया वाहन रपट रहे हैं और सवार घायल हो रहे हैं। इस जगह से बालिका इंटर कॉलेज और अटल उत्कृष्ट राइंका सोमेश्वर के छात्र-छात्राएं गुजरते हैं। इससे यहां से गुजरने में उन्हें दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।

## 88.81 प्रतिशत मतदान के बाद भी रिकॉर्ड नहीं तोड़ पाया महुआखेड़ा गंज

**काशीपुर, एजेंसी।** महुआखेड़ा गंज अच्छे मतदान के बावजूद अपने पुराने रिकॉर्ड तोड़ने में असफल रहा। इस बार 88.81 प्रतिशत मतदान हुआ, जबकि पिछले वर्ष 92 प्रतिशत लोगों ने अपने अधिकार का प्रयोग किया था। बृहस्पतिवार को महुआखेड़ा गंज के नौ वार्डों के पार्षद और अध्यक्ष पद के लिए चुनाव हुए। यहां 13 पोलिंग बूथों पर कुल 10884 मतदाताओं में से 9727 ने मतदान किया। पिछले चुनाव में 9384 मतदाता थे, जिसमें से करीब 8633 ने मतदान किया था। ऐसे में इस बार वोटरों की संख्या तो बढ़ी, लेकिन मतदान में गिरावट आई। महुआखेड़ा गंज नगर पालिका पद के लिए इस बार बसपा से मो. सलीम और रिजवान अहमद, यसीन, अब्दुल हुसैन, नसीमा बेगम, मो. हनीफ निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में मैदान में थे। वहीं पार्षद के लिए 39 प्रत्याशी अपनी किस्मत आजमा रहे हैं।

केलाखेड़ा। बृहस्पतिवार को निकाय चुनाव में मतदान सुबह आठ बजे शुरू हुआ। इस दौरान सभी मतदान स्थलों पर सुबह से ही लंबी कतारें लगी रहीं। केलाखेड़ा में 9147 मतदाताओं में से 7668 मतदाताओं ने मतदान किया। केलाखेड़ा में 83.83 प्रतिशत मतदान हुआ। संवाद

पांच साल पहले हुए निकाय चुनाव से मतदान एक प्रतिशत बढ़ गया। मतदान प्रतिशत कम होना मतदान को लेकर लोगों में रुचि बताई जा रही है। पिछली बार 78.30 प्रतिशत था, जबकि इस बार 79.11 प्रतिशत मतदान हुआ था।

## यादें संजोने की पहल : राष्ट्रीय खेलों में पदक जीतने वाले खिलाड़ियों के नाम पर लगेगा पौधा

**देहरादून, एजेंसी।** राष्ट्रीय खेलों को ग्रीन गेम्स के तौर पर ऐतिहासिक बनाने के लिए कई नई पहल की गई है। सभी खेल स्पर्धा में कुल मिलाकर लगभग 4,350 मेडल दिए जाने हैं इसलिए यह योजना बनाई गई है कि जितने पदक विजेता होंगे, उतने ही पौधे उन खिलाड़ियों के नाम से लगाए जाएंगे। 38वें राष्ट्रीय खेलों की यादों को संजोकर रखने और पदक विजेताओं के लिए वन पार्क विकसित किया जाएगा। जिसमें राष्ट्रीय खेलों में पदक जीतने वाले हर खिलाड़ी के नाम पर एक पौधा लगाया जाएगा। वन पार्क में 10 हजार से ज्यादा पौधे लगाने की योजना है। खेलमंत्री रेखा आर्या ने बताया कि राष्ट्रीय खेलों को ग्रीन गेम्स के तौर पर ऐतिहासिक बनाने के लिए कई नई पहल की गई है। सभी खेल स्पर्धा में कुल मिलाकर लगभग 4,350 मेडल दिए जाने हैं इसलिए यह योजना बनाई गई है कि जितने पदक विजेता होंगे, उतने ही पौधे उन खिलाड़ियों के नाम से लगाए जाएंगे। ताकि वे उन यादों को बढ़ता देखने के लिए आगे भी उत्तराखंड आते रहें। इसके अलावा खेलों में आने वाले अन्य मेहमान के नाम पर भी पौधे लगाएंगे, इस तरह से लगभग 10 हजार पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया है। खेल मंत्री ने बताया कि खेलों के दौरान पटाखों से होने वाले प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए केवल प्रमाणित ग्रीन पटाखों का उपयोग किया जाएगा। इवेंट की सजावट के लिए लगी कलाकृतियों और सेल्फी प्वाइंट को ई-वेस्ट और खेल उपकरणों के वेस्ट से बनाया जा रहा है। खेल मंत्री रेखा आर्या ने बताया कि ज्यादातर खेल स्थलों पर सौर ऊर्जा से संचालित हीटिंग संरचनाओं का उपयोग किया जाएगा, जिससे गैर-नवीकरणीय ऊर्जा पर निर्भरता कम होगी। मेडल और प्रमाणपत्र भी पर्यावरण अनुकूल और बायोडिग्रेडेबल पदार्थ से बनाए गए हैं। ट्रॉफियों के निर्माण में ई-वेस्ट और वुडवेस्ट का उपयोग किया गया है। खेलों की ब्रांडिंग में प्लास्टिक की जगह कपड़े का उपयोग होगा, जिससे प्लास्टिक कचरे को कम किया जा सके।

## बिरादरी एवं धार्मिक जिम्मेदारों के राजनीतिक मंच साझा करने से मुस्लिम समुदाय में आक्रोश

**जसपुर, एजेंसी।** बिरादरी एवं धार्मिक संस्था के जिम्मेदारों के राजनीतिक मंच साझा करने से मुस्लिम समुदायों में आक्रोश है। उनका कहना है कि जब दोनों ही संस्थान गैर राजनीतिक हैं तो पदाधिकारियों को मंच साझा नहीं करना चाहिए था। उन्होंने अन्य जिम्मेदारों से इन पर कार्रवाई करने की मांग की है। मुस्लिम छीपी वेलफेयर सोसायटी छीपी बिरादरी की गैर राजनीतिक तंजीम है। आरोप है कि इसी तंजीम के सदर हाजी अनीस अहमद और सेक्रेटरी हाजी बाबू रहमतुल्लाह निकाय चुनाव में एक राष्ट्रीय पार्टी का मंच साझा कर रहे हैं। अहलेसुन्नत बदरूल उलूम के सदर हाजी नसीम अहमद ने भी बीते दिनों एक राष्ट्रीय पार्टी के साथ मंच साझा किया था। उनके मंच साझा करने पर मुस्लिम समुदाय के लोग नाराज हैं। नगर निवासी सरफराज अहमद, नौशाद हुसैन और सईद अहमद आदि ने कहा कि यदि किसी बिरादरी या धार्मिक संस्था के जिम्मेदार को राजनीति करनी है तो वह पहले बिरादरी के ओहदे से अपना इस्तीफा दें। उधर, सदर अनीस अहमद ने बताया कि बिरादरी की पंचायत में पहले से ही तय है कि बिरादरी के किसी भी पद पर रहते हुए कोई भी कहीं भी राजनीतिक पार्टी के साथ जा सकता है।

### 3.74 करोड़ से होगा अहमदनगर-सन्यासियोंवाला मार्ग का पुनर्निर्माण

**जसपुर, एजेंसी।** अहमदनगर एवं सन्यासियोंवाला के ग्रामीणों के लिए राहत भरी खबर है। इन गांव की सड़क निर्माण के लिए वित्तीय एवं प्रशासनिक स्वीकृति मिल गई है। पत्रकार वार्ता में उत्तराखंड ग्रामीण सड़क विकास अभिकरण के सुपरिंटेंडेंट इंजीनियर श्रीहर कटियार के हवाले से बताया कि प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत 3 करोड़ 74 लाख 83 हजार रुपये की लागत से ग्राम अहमदनगर से सन्यासियोंवाला तक लगभग 5.1 किमी के मार्ग की वित्तीय व प्रशासनिक स्वीकृति हो गई है। इस मार्ग के निर्माण के लिए टेंडर प्रक्रिया भी पूरी हो चुकी है।

# आपका वोट आपकी आवाज है, पैसे या तोहफों से वोट खरीदने वाले को कभी वोट न दें- केजरीवाल

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली की जनता से भावुक अपील की है। उन्होंने कहा कि आपका वोट आपकी आवाज है। इसे पैसे या किसी अन्य लालच में न बेचें। जो लोग आपका वोट पैसे या तोहफों से खरीदना चाहें, उन्हें कभी वोट न दें। दिल्ली चुनाव में गाली-गलौज पार्टी के नेता पुलिस के संरक्षण में सरेआम पैसे, साड़ी, कंबल, जूते और सोने की चेन बांट रहे हैं। आप सब रख लेना, लेकिन अपना वोट मत बिकने देना। अगर आपने अपना वोट वोट बेचना शुरू कर दिया तो कोई भी आपके लिए स्कूल, अस्पताल, सड़कें नहीं बनवाएगा। उन्होंने कहा कि बाबा साहब डॉ. अंबेडकर ने हमें वोट देने का अधिकार दिलाया है और अब अपने जनतंत्र और संविधान को बचाने की जिम्मेदारी हमारी है। इसलिए आप अपनी मर्जी से वोट करना। अगर आपने पैसों के लिए देश और लोकतंत्र को बेच दिया तो भगवान माफ नहीं करेगा। पुलिस के संरक्षण में खुलेआम लोगों में सामान बांटा जा रहा है- केजरीवाल आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने शुक्रवार को वर्चुअल प्रेस कॉन्फ्रेंस कर दिल्ली की जनता से कहा कि अक्सर चुनावों में कहा जाता है कि चुनाव से पहले वाली रात कत्ल की रात होती है। उस रात को खूब शराब, पैसे और मुर्गा बंटता है। लेकिन दिल्ली का यह चुनाव एक अलग ही चुनाव है। इसमें चुनाव से डेढ़ महीने पहले से ही खुलेआम पैसे और सामान बंटना शुरू हो गया है। जूते बंट रहे हैं। 1100-1100 रुपए बांटे जा रहे हैं। किसी को कोई डर नहीं है कि कोई चुनाव आयोग है, कोई हमें रोकेगा। यह सब पुलिस के संरक्षण में बांटा जा रहा है। पुलिस बकायदा तरीके से लाइन लगवा रही है। पुलिस चेक कर रही है कि कोई वोटर है तो उसे ही सामान मिले। चादरें, साड़ियां, जूते, कंबल, जैकेट, राशन और सोने की चेन बंट रही है। यह हमारे देश के लिए बेहद खतरनाक है।

गाली-गलौज पार्टी के लोग भ्रष्टाचार का पैसा बांट रहे हैं, ले लो, लेकिन वोट मत बेचना- केजरीवाल

अरविंद केजरीवाल ने कहा कि ये सारा सामान और पैसा सरकारी पैसे से नहीं बंट रहा है। यह गाली गलौज पार्टी के चंद नेता बांट रहे हैं। इनके पास इतना पैसा कहां से आया? यह जो करोड़ों-अरबों रुपए वोट खरीदने के लिए बांटे जा रहे हैं, यह कहां से आए? यह इनका भ्रष्टाचार का पैसा है जो इन्होंने देश को लूटकर कमा रखा है। मेरी आपसे निवेदन है कि यह पैसा इन्होंने जनता को ही लूटकर कमाया है। ये जितना सामान और पैसा बांट रहे हैं, सब ले लो। चिंता मत करो। लेकिन अपना वोट मत बेचना। 1100-1100 रुपए में वोट मत बेचना। एक साड़ी, चादर और जूते की जोड़ी के बदले अपना वोट कतई मत बेचना। वोट बेशकीमती है। गरीब और मिडिल क्लास के लोग बहुत सयाने होते हैं, अपना वोट नहीं बेचेंगे- केजरीवाल

अरविंद केजरीवाल ने कहा कि गरीब और मिडिल क्लास के लोग बहुत सयाने होते हैं। मैं टीवी में देख रहा था कि एक अम्मा से एक पत्रकार ने पूछा कि अम्मा पैसे ले आई? अम्मा बोली - हां ले आई। पत्रकार ने पूछा कितने पैसे लाई इस पर अम्मा ने कहा कि 1100 रुपए। पत्रकार ने पूछा कि वोट किसे दोगे? अम्मा ने कहा केजरीवाल को अपना वोट दूंगी। इसके बाद पत्रकार ने पूछा कि पैसे तो उनसे लेकर आई तो वोट केजरीवाल क्यों देगी? अम्मा ने बड़ा अच्छा जवाब दिया। अम्मा ने कहा कि उसे क्या लगता है कि मुझे 1100 रुपए में खरीद लेगा। वो अगर 11 करोड़ या 100 करोड़ रुपए देता तो मैं कुछ सोचती। अम्मा ने कितना अच्छा जवाब दिया। मेरा आपसे निवेदन है कि इन लोगों से जितना ले सकते है उतना पैसा ले लो। इन्होंने आपका ही पैसा लूट रखा है। इन्होंने देश को बेइंताह लूटा है। इनके पास अरबों-खरबों रुपए है। इन लोगों से जितना लूट सकते हो लूट लो। लेकिन किसी भी हालत में अपना वोट मत बेचना। आपका वोट 1100 रुपए और एक चादर से ज्यादा कीमती है।

अगर ये 1100-1100 रुपए में वोट खरीदने लग गए तो पूरा देश खत्म हो जाएगा- केजरीवाल अरविंद केजरीवाल ने कहा कि यह वोट देने का अधिकार बाबा साहब अंबेडकर ने दिया। आप बाबा साहब अंबेडकर की इज्जत करते हो ना? जब संविधान बनाया जा रहा था तब संविधान सभा में चर्चा हुई। चर्चा में कुछ लोगों का कहना था कि अनपढ़ और गरीब लोगों को वोट देने का अधिकार नहीं होना चाहिए। इस पर बाबा साहब अड़ गए। वह सबसे लड़े। उन्होंने कहा कि इस देश के हर व्यक्ति को वोट देने का अधिकार होना चाहिए। बाबा साहब ने जो आपके लिए जो संघर्ष किया और बाकियों से लड़कर आपको वोट देने का अधिकार दिलवाया। उस वोट को एक चादर, एक साड़ी और 1100 रुपए में मत बिकने देना। इस जनतंत्र को बचाना हम सबकी जिम्मेदारी है। अगर ये 1100-1100 रुपए में वोट खरीदने लग गए तो पूरा देश खत्म हो जाएगा, देश का जनतंत्र खत्म हो जाएगा और बाबा साहब का सपना खत्म हो जाएगा। जिसके पास पैसे हैं, वह 1100 क्या कल 2,200 और 3,000 रुपए देकर वोट खरीद लेगा। फिर तो इस देश के ऊपर बड़े-बड़े साहूकारों का राज हो जाएगा। आपके बच्चों के लिए कोई स्कूल नहीं बनाएगा। आपके लिए कोई अस्पताल, सड़कें और कुछ नहीं बनाएगा अगर आपने अपने वोट को बेचना शुरू कर दिया। इस देश के ऊपर लुटेरों का राज हो जाएगा। पैसे से वोट खरीदने वाल भ्रष्टाचारी, गद्दार और देश का दुश्मन है- केजरीवाल अरविंद केजरीवाल ने कहा कि जिसे मर्जी अपना वोट दे दो लेकिन जो आपके वोट खरीदने की कोशिश कर रहा है, उसे कतई वोट मत देना। वह एक नंबर का भ्रष्टाचारी, गद्दार और देश का दुश्मन है। जो आपको साड़ियां, कंबल, जैकेट और 1100 रुपए बांट रहा है, वह देश के साथ गद्दारी कर रहा है। वह हमारे देश के जनतंत्र के लिए खतरा है। वह जनतंत्र को खत्म करना चाहता है। आप जिसे चाहे अपना वोट दो। मुझे वोट देना है दो, नहीं देना मत दो। लेकिन उस शख्स को वोट मत देना जो आपका वोट खरीदकर इस देश को बर्बाद करना चाहता है। उससे सारा सामान और पैसा ले लो। लेकिन यह कसम खा लेना कि उसे वोट कतई नहीं देना है। मैं भगवान से प्रार्थना करूंगा कि इन्होंने जो आपको झूठी कसम खिलाई है, वह आपको ना लगे- केजरीवाल अरविंद केजरीवाल ने कहा कि मुझे पता चला है कि जब कुछ लोग उनके घर पर पैसे लेने गए तो उन्होंने लोगों को बच्चों और भगवान की कसम खिलाई। उस कसम की चिंता मत करना, उसका कोई मतलब नहीं है। कसम का तब मतलब होता है जब किसी पवित्र और ईमानदारी के काम के लिए कसम खाई जाए।

### दिल्ली की सत्ता में आए तो पूर्वांचल के लोगों के लिए अलग मंत्रालय बनाएंगे: कांग्रेस

नई दिल्ली। कांग्रेस ने शुक्रवार को कहा कि दिल्ली में उसकी सरकार बनने पर पूर्वांचल के लोगों के लिए अलग मंत्रालय बनाने के साथ ही बजट का प्रावधान किया जाएगा ताकि स्वास्थ्य, शिक्षा समेत उनकी तमाम समस्याओं का समाधान हो सके। बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अखिलेश प्रसाद सिंह, कांग्रेस की सोशल मीडिया विभाग की प्रमुख सुप्रिया श्रीनेत, पार्टी नेता कन्हैया कुमार और प्रणव झा ने पूर्वांचली लोगों से जुड़े मुद्दों को लेकर आम आदमी पार्टी सरकार पर निशाना साधा और अलग मंत्रालय का वादा किया। ये सभी नेता मूल रूप से पूर्वांचली हैं। उन्होंने संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में यह आरोप भी लगाया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और आप ने पूर्वांचलियों की अनदेखी की है।कांग्रेस ने कुछ दिनों पहले ही वादा किया था कि दिल्ली में उसकी सरकार बनने पर छठ का पर्व महाकुंभ की तर्ज पर मनाया जाएगा।अखिलेश प्रसाद सिंह ने शुक्रवार को कहा, एक तरफ अरविंद केजरीवाल जी पूर्वांचल के लोगों को ये कहकर अपमानित करते हैं के वे 500 रुपये का टिकट कटाकर आते हैं और पांच लाख का इलाज करा के चले जाते हैं। दूसरी तरफ जेपी नड्डा जी हमारी तुलना बांग्लादेशी घुसपैठियों से करते हैं। उन्होंने कहा, हमारा वादा है कि हम पूर्वांचल के लोगों के लिए अलग मंत्रालय बनाएंगे। उनके लिए अलग बजट बनाया जाएगा ताकि स्वास्थ्य, शिक्षा समेत तमाम समस्याओं से निजात मिल सके।सुप्रिया श्रीनेत ने कहा,पूर्वांचल के लोगों ने देश के कोने-कोने में जाकर, उन जगहों के सृजन का काम किया है, लेकिन ये शर्मनाक है कि उन्हें उनका हक देने के समय बेईमानी की जाती है। श्रीनेत ने कहा

## ओखला सीट पर कड़ा मुकाबला, वोटों का बंटवारा बना बड़ा मुद्दा

नई दिल्ली। दिल्ली विधानसभा चुनाव 2025 में ओखला सीट पर इस बार मुकाबला बेहद दिलचस्प और चुनौतीपूर्ण हो गया है। आम आदमी पार्टी (आप) के प्रत्याशी अमानतुल्लाह खान ने शाहीन बाग में एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए स्पष्ट रूप से कहा कि यदि वोट बंटे तो भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) को इसका फायदा मिल सकता है। अमानतुल्लाह खान ने इस बात पर जोर दिया कि वोटों का विभाजन बीजेपी को सत्ता के करीब ले जा सकता है, जो उनकी पार्टी और दिल्ली के विकास के लिए नुकसानदायक साबित होगा।

### ओखला में बहुकोणीय मुकाबला

ओखला विधानसभा सीट पर इस बार चतुष्कोणीय मुकाबला देखने को मिल रहा है। आम आदमी पार्टी (आप) के अमानतुल्लाह खान, बीजेपी के मनीष चौधरी, कांग्रेस की अरीबा खान और एआईएमआईएम के शिफाउर रहमान मैदान में हैं। एआईएमआईएम द्वारा दिल्ली दंगों के आरोपी शिफाउर रहमान को टिकट देने के बाद मुकाबला और रोचक हो गया है। ओखला जो कभी कांग्रेस का गढ़ हुआ करता था, अब आप का मजबूत किला बन चुका है। लेकिन विपक्षी दलों के आक्रामक प्रचार अभियान और कई दावेदारों के मैदान में उतरने से यहां की चुनावी लड़ाई कठिन हो गई है।

### आप सरकार की उपलब्धियां बनी चुनावी मुद्दा

चुनावी सभा के दौरान अमानतुल्लाह खान ने अपनी सरकार की उपलब्धियों को गिनाते हुए कहा कि शिक्षा, स्वास्थ्य और परिवहन के क्षेत्र में आप सरकार ने ऐतिहासिक काम किए हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की प्रशंसा करते हुए लोगों से बिना बंटे आप के पक्ष में वोट देने की अपील की। खान ने बीजेपी पर आरोप लगाया कि वह बुलडोजर राजनीति के जरिए अल्पसंख्यकों को निशाना बना रही है।

### वोटों के बंटवारे से बीजेपी को फायदा?

अमानतुल्लाह खान ने अपने भाषण में यह भी कहा कि यदि वोट बंटते हैं, तो बीजेपी को इसका सीधा लाभ मिलेगा। उन्होंने बीजेपी की बंटेंगे तो कटेंगे रणनीति का जिक्र करते हुए कहा कि यह नारा हरियाणा और महाराष्ट्र में सफल रहा है और अब बीजेपी इसे दिल्ली में आजमाना चाहती है। उन्होंने मतदाताओं से एकजुट होकर आप को समर्थन देने की अपील की।

### ओखला सीट पर आप का भविष्य दांव पर

पिछले दो चुनावों में ओखला से जीतने वाले अमानतुल्लाह खान के सामने इस बार हैट्रिक लगाने की चुनौती है। हालांकि, कांग्रेस और एआईएमआईएम के सक्रिय अभियान और बीजेपी के मजबूत उम्मीदवार के कारण मुकाबला काटे का हो गया है। 5 फरवरी को मतदान होगा और 8 फरवरी को मतगणना के बाद ही यह तय होगा कि ओखला में किसकी जीत होगी और दिल्ली में किसकी सरकार बनेगी।

## जब सो रहे होते लोग, यह चुरा लेता उनकी कार की बैट्री

### 45 मामलों को दे चुका अंजाम, मोहन गार्डन में दबोचा

संवाददाता

मोहन गार्डन थाना की पुलिस टीम ने आधी रात कार की बैटरी चोरी करने वाले एक शातिर चोर को गिरफ्तार किया है। जिसकी पहचान संजय गोस्वामी के रूप में हुई है, यह पहले से चोरी और स्नेचिंग के 45 मामलों में है शामिल रहा है। इसके पास से कार की पांच बैटरी, चोरी करने वाला औजार और एक स्कूटी बरामद की गई है। गिरफ्तार आरोपी उत्तम नगर इलाके का रहने वाला है और यह मूलत उत्तराखंड का निवासी है। दिल्ली में इधर-उधर रहकर चोरी की वारदात को अंजाम देता था। इससे पहले यह हरी नगर, तिलक नगर, बिंदापुर, यमुना विहार, जनकपुरी, राजीव चौक मेट्रो स्टेशन, द्वारका नॉर्थ, मोहन गार्डन, मायापुरी, राजौरी गार्डन, सागरपुर इत्यादि थाना इलाकों में वारदात को अंजाम दे चुका है। डीसीपी द्वारका अंकित सिंह ने बताया कि एसीपी महेश नारायण की देखरेख में एसएचओ मुकेश अंटील, सहायक सब इंस्पेक्टर मुरली सिंह और हेड कांस्टेबल अनिल की टीम ने इसका पता लगा करके इसे सुबह 3:30 बजे के आसपास विपिन गार्डन इलाके में गिरफ्तार किया। जब यह एक घर के बाहर पार्क की हुई कार से बैटरी चोरी कर रहा था।

# अब्बू विधायक हैं हमारे, ऐसे कैसे चालान काट दोगे... अमानतुल्लाह के बेटे की एसएचओ से बदसलूकी पर बवाल

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



गणतंत्र दिवस से पहले दिल्ली के ओखला इलाके में सुरक्षा गश्त के दौरान एक ऐसा मामला सामने आया जिसने सत्ता के दुरुपयोग और कानून के पालन पर सवाल खड़े कर दिए. दिल्ली पुलिस ने संशोधित साइलेंसर के साथ मोटरसाइकिल चलाने और ड्यूटी पर मौजूद अधिकारियों से दुर्व्यवहार करने के मामले में दो युवकों के खिलाफ कार्रवाई की. इस घटना ने राजनीतिक और सामाजिक बहस को जन्म दे दिया है. इस पूरी घटना को लेकर अमित मालवीय ने दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और उनकी पार्टी पर तंज कसा. उन्होंने ट्वीट कर कहा कि ये हैं आप-दा के गुंडे. अरविंद केजरीवाल अपने विधायक के बेटे की करतूत पर कुछ बोलेंगे?.

पुलिस के मुताबिक ये युवक तेज आवाज वाले मॉडिफाइड साइलेंसर के साथ गलत दिशा में बाइक चला रहे थे और लापरवाही भरे तरीके से गाड़ी को जिगजैग में मोड़ रहे थे. जब पुलिस ने उन्हें रोका और पूछताछ की, तो उनमें से एक ने खुद को आम आदमी पार्टी (अअढ) के विधायक अमानतुल्लाह खान का बेटा बताया. उसने पुलिस पर आरोप लगाया कि उसे इसलिए रोका गया क्योंकि वह एक विधायक का बेटा है. युवकों ने न तो अपनी पहचान जाहिर की और न ही ड्राइविंग लाइसेंस या आईडी दिखाने के निर्देशों का पालन किया. इस दौरान, युवक ने अमानतुल्लाह खान को फोन किया और उन्हें पुलिस के स्टेशन हाउस ऑफिसर (स्ळड) से बात करने को कहा. हालांकि, पुलिस ने अपने कर्तव्य को निभाते हुए नियमों का उल्लंघन करने पर चालान जारी किया और बाइक को जब्त कर लिया. पुलिस ने बताया कि मोटर वाहन अधिनियम की कई धाराओं के तहत इन पर 20,000 रुपये का जुमार्ना लगाया गया है. कानून बनाम सत्ता का प्रभाव स घटना ने आम आदमी पार्टी की छवि को राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप की आग में झोंक दिया है. भाजपा के आईटी सेल के राष्ट्रीय संयोजक अमित मालवीय ने इस मुद्दे को लेकर दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और उनकी पार्टी पर तंज कसा. उन्होंने ट्वीट कर कहा कि ये हैं आप-दा के गुंडे. अरविंद केजरीवाल अपने विधायक के बेटे की करतूत पर कुछ बोलेंगे? दिल्ली पुलिस की कार्रवाई और सुरक्षा का सवाल

पुलिस का कहना है कि यह मामला केवल राजनीतिक जुड़ाव तक सीमित नहीं है, बल्कि सड़क सुरक्षा और नागरिकों की जिम्मेदारी का सवाल भी है. संशोधित साइलेंसर न केवल शोर प्रदूषण का कारण बनता है, बल्कि यह सड़क पर अन्य लोगों के लिए खतरा भी है. इस घटना से यह स्पष्ट है कि कानून का पालन हर व्यक्ति पर समान रूप से लागू होना चाहिए, चाहे वह किसी भी पद या परिवार से हो. इस मामले ने यह संदेश दिया है कि सड़क पर सुरक्षा और नियमों का सम्मान किसी भी राजनीतिक या सामाजिक प्रभाव से ऊपर होना चाहिए

# न्यायालय ने दिल्ली सरकार के निलंबित अधिकारी खाखा की पत्नी को जमानत देने से इनकार किया

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



उच्चतम न्यायालय ने दिल्ली सरकार के निलंबित अधिकारी प्रेमोदय खाखा की पत्नी को शुक्रवार को जमानत देने से इनकार कर दिया। खाखा पर एक नाबालिग से कई बार बलात्कार करने और उसे गर्भवती करने का आरोप है।

न्यायमूर्ति बी.वी. नागरत्ना और न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा की पीठ ने याचिकाकर्ता को एक साल बाद जमानत के लिए निचली अदालत जाने की छूट दे दी। आरोपी की ओर से पेश हुए वकील सुभाशीष सोरेन ने दलील दी कि आरोपी अगस्त 2023 से जेल में है और मामले में आरोप पहले ही तय हो चुके हैं। दिल्ली पुलिस के वकील ने जमानत देने का विरोध किया। हालांकि, शीर्ष अदालत इससे प्रभावित नहीं हुई और याचिका खारिज कर दी।

दिल्ली उच्च न्यायालय ने छह सितंबर को सीमा रानी खाखा की जमानत याचिका खारिज करते हुए कहा था कि यह मामला दो परिवारों के बीच विश्वास की जड़ पर प्रहार को दशार्ता है और इस स्तर पर गवाहों को प्रभावित करने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता है।प्रेमोदय खाखा पर नवंबर 2020 से जनवरी 2021 के बीच अपने एक परिचित की बेटी से कई बार बलात्कार करने का आरोप है। अगस्त 2023 में गिरफ्तार होने के बाद से वह न्यायिक हिरासत में है। खाखा की पत्नी सीमा रानी ने कथित तौर पर लड़की को गर्भपात कराने के लिए दवाएं दीं। वह भी न्यायिक हिरासत में है।

उच्च न्यायालय ने कहा था कि ह्यह्यजमानत नियम है और जेल अपवाद है, लेकिन अदालतों को संतुलन बनाना चाहिए, खासकर नाबालिगों के यौन उत्पीड़न के मामलों में। अदालत ने कहा था, मौजूदा मामले में पीड़ित अपने पिता की मृत्यु के बाद आरोपी के परिवार के साथ रहने चली गई। पीड़ित प्रेमोदय खाखा को मामा कहती थी।

अदालत के अनुसार, तथ्य बहुत गंभीर प्रकृति के हैं। यह दोनों परिवारों के बीच विश्वास की जड़ पर प्रहार करता है।ह्णह्ण आरोपी महिला के वकील ने दलील दी थी कि वह 50 वर्ष की है और एक साल से हिरासत में है और नाबालिग पीड़िता द्वारा लगाए गए आरोप, जिसमें गर्भावस्था का आरोप भी शामिल है, झूठे हैं। आरोपी महिला के वकील ने कहा था कि एक मेडिकल रिपोर्ट दशार्ती है कि मुख्य आरोपी ने पहले नसबंदी करवाई थी और इसलिए वह ह्यह्यप्रजनन करने में असमर्थह्णह्ण है। हालांकि, अदालत ने इस पर कहा था कि गर्भावस्था का मुद्दा जमानत के चरण में प्रासंगिक नहीं है और आरोपी महिला को ह्यह्यलड़की की रक्षा करनी चाहिए थी। अदालत ने कहा, हम गर्भावस्था या गर्भपात (इस चरण में) पर बात नहीं कर रहे हैं। एक बच्ची आपके घर आती है और आप उसके साथ ऐसा बर्ताव करते हैं। पीड़ित द्वारा अस्पताल में मजिस्ट्रेट के सामने अपना बयान दर्ज कराने के बाद अगस्त 2023 में दोनों को गिरफ्तार किया गया था। इस संबंध में यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम और भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) के प्रावधानों के तहत मामला दर्ज किया गया था।

## 7 लाख में अजरबैजान भेजने बनाया दो लोगों का वीजा

### एयरपोर्ट पर खुली आधी रात पोल, यूपी का एजेंट दबोचा

संवाददाता

आईजीआई एयरपोर्ट थाना की पुलिस ने फर्जी वीजा के मामले में उत्तर प्रदेश के एक एजेंट को गिरफ्तार किया है। जिसकी पहचान साहेब अली के रूप में हुई है। यह लखनऊ का रहने वाला है। आरोप है कि इसने अजरबैजान जाने के लिए दो लोगों का फर्जी डॉक्यूमेंट का इंतजाम किया था। इस मामले का खुलासा तब हुआ जब उत्तर प्रदेश के उन्नाव और फतेहपुर के रहने वाले दो लोग रोहित कुमार और रजनीश आईजीआई एयरपोर्ट 19 जनवरी की रात पहुंचे थे। उन्हें अजरबैजान के बाकू जाने के लिए डिपार्चर इमीग्रेशन क्लीयरेंस के दौरान डॉक्यूमेंट की जांच की गई तो फर्जी वाड़ा का पता चला। दोनों से पूछताछ की गई, उनके खिलाफ मामला दर्ज करके गिरफ्तार किया गया। उन्होंने बताया कि लखनऊ के एक एजेंट साहब अली से संपर्क किया था। उसने 7 लाख में अजरबैजान भेजने के लिए बात तय की थी। कुछ अमाउंट उसने कैश दिया और कुछ अकाउंट में भेजा था। उसी ने फिर डॉक्यूमेंट का इंतजाम करके इन दोनों को आईजीआई एयरपोर्ट से अजरबैजान भेजने के लिए बुलाया था। उसके बाद एसीपी वीकेपीएस यादव की देखरेख में एसएचओ सुशील गोयल, सब इंस्पेक्टर सुधीर जून, हेड कांस्टेबल बहादुर की टीम ने इस एजेंट के बारे में पता लगा करके इसे फिर गिरफ्तार किया। उसने फिर बताया कि वह पहले सिंगापुर और दुबई में काम कर चुका है। वहीं उनकी मुलाकात कुछ एजेंट से हुई थी, जो लोगों को विदेश भेजने का काम करते हैं। उसके बाद यह भी कमीशन बेसिस पर काम शुरू कर दिया। भारत आने के बाद यह लखनऊ में एक बुकिंग और वीजा उपलब्ध कराने का बुकिंग सेंटर खोल लिया।

# रात में दिल्ली पुलिस की टीम का झुग्गियों में सर्च ऑपरेशन

- अवैध बांग्लादेशियों को लेकर पुलिस का अभियान तेज
- जो दिन में इधर उधर रहते वो रात में आ जाते झुग्गी में
- इसलिए पश्चिमी जिला पुलिस रात में शुरू किया जांच
- वेस्ट दिल्ली से 10 अवैध बंग्लादेशी हो चुके हैं डिपोर्ट

संवादाता

दिल्ली पुलिस द्वारा अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशियों को लेकर चलाए गए अभियान को और तेज कर दिया है। पश्चिमी जिला पुलिस का अभियान अब दिन के साथ साथ रात में भी किया जा रहा है। जिससे कि रात में जब घर के सभी लोग पहुंच जाएं तो उनकी एक साथ पहचान हो सके। जो दिन में इधर उधर रहते हैं, काम निपटाकर वो रात में घर जरूर लौटते हैं। इसलिए दिल्ली पुलिस रात में झुग्गी बस्ती में पहुंचकर सर्च ऑपरेशन कर रही है। जिससे कि पूरे परिवार के डॉक्यूमेंट की जांच हो सके। डीसीपी वेस्ट विचित्र वीर ने बताया कि जिला के अलग अलग थाना क्षेत्र की झुग्गी बस्ती में हजारों हजारों तक पहुंचकर पुलिस टीम ने जांच कर चुकी है। जो संदिग्ध लगे उनके डॉक्यूमेंट को वेरीफाई करवाया गया, दूसरे स्टेट से भी। उनमें से 10 लोग ऐसे निकले जो बांग्लादेश के रहने वाले थे। लेकिन उन्होंने शुरू में यह बताने की कोशिश किया कि वे भारत के अलग अलग राज्यों के रहने वाले हैं। दिल्ली में रोजी रोटी के लिए आकर रह रहे हैं। जब पूरी छानबीन को गई तो बंग्लादेश के रहने वाले निकले, जिनको भारत से डिपोर्ट करने के लिए भेजा जा चुका है।

विकासपुरी थाना क्षेत्र में बीती रात तिलक नगर एसीपी सुरेंद्र सिंह राठी की देखरेख में एसएचओ राजवीर सिंह की टीम ने झुग्गी बस्ती में घर घर पहुंचकर डॉक्यूमेंट की जांच की। उनके डिटेल को नोट किया गया और उनके आधार कार्ड, पहचान पत्र इत्यादि चेक किए। जिससे यह सुनिश्चित हो सके कि वे भारत के नागरिक हैं की नहीं। डीसीपी ने कहा यह अभियान लगातार किया जा रहा है।

## आप को शाहदरा सीट दिला सकेंगे पद्म जितेंद्र सिंह शंटी, जानें सामाजिक और सियासी सफर

नई दिल्ली। दिल्ली विधानसभा चुनाव में शाहदरा सीट से आम आदमी पार्टी (आप) के टिकट पर किस्मत आजमा रहे जितेंद्र सिंह शंटी का जन्म 1 अगस्त 1962 को हुआ था। भारतीय राजनीति और समाजसेवा के कार्यों में जितेंद्र सिंह शंटी एक सम्मानित नाम हैं। वह पूर्व भाजपा नेता हैं, जो अब आम आदमी पार्टी (आप) में हैं। शंटी ने 1996 में शहीद भगत सिंह सेवा दल की स्थापना की, जिसका उद्देश्य लावारिस शवों का हिंदू और सिख धर्म के अनुसार अंतिम संस्कार करना और अस्थियों का विसर्जन करना है। यह पहल एक श्मशान घाट पर हुई एक घटना के बाद शुरू हुई, जब शंटी ने महसूस किया कि कई लोग अपने मृतकों का उचित तरीके से अंतिम संस्कार करने में सक्षम नहीं थे। शंटी का यह कार्य आज भी समाज के गरीब और असहाय लोगों के लिए एक उम्मीद की किरण बना हुआ है। साल 2008 में शंटी ने भाजपा से जुड़कर दिल्ली के झिलमिल वार्ड से पार्षद का चुनाव लड़ा और जीत हासिल की। इसके बाद, 2013 में उन्होंने भाजपा से शाहदरा विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ा और जीते। शंटी के जीवन में कई संघर्ष आए हैं। सितंबर 2014 में उन पर गोली चलाई गई, लेकिन वह बाल-बाल बच गए। इससे पहले 2007 और 2013 में भी उन पर हमले हो चुके थे।

## दिल्ली से था 18 महीने के लिए तड़ीपार

### पालम पुलिस ने दबोचकर फिर भेजा तिहाड़

संवादाता

पालम गांव थाना की पुलिस टीम ने दिल्ली से तड़ीपार एक बदमाश को गिरफ्तार किया है। जिसे 18 महीने के लिए साउथ वेस्ट डिस्ट्रिक्ट के एडिशनल डीसीपी ने दिल्ली से तड़ीपार किया था। लेकिन वह पुलिस को गच्चा देकर अपने इलाके में ही छुपकर रह रहा था। गिरफ्तार आरोपी की पहचान सुरजीत के रूप में हुई है। डीसीपी सुरेंद्र चौधरी ने बताया कि 26 जनवरी को लेकर चलाए गए सर्च अभियान के तहत इस शातिर बदमाश के बारे में पुलिस को जानकारी मिली थी। जिसके आधार पर एसएचओ पालम, सहायक सब इंस्पेक्टर नित्यानंद और हेड कांस्टेबल कमलेश की टीम ने इस आरोपी के बारे में पता लगने पर इसे गिरफ्तार किया। यह दिल्ली पुलिस का घोषित बेड करेक्टर भी है। पहले से चोरी, आर्म्स एक्ट के कई मामलों में शामिल रहा है।

# आप ने चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन करने पर भाजपा प्रत्याशी रमेश बिधूड़ी के खिलाफ की शिकायत

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



आम आदमी पार्टी की कालकाजी से उम्मीदवार मुख्यमंत्री अतिशी के चुनाव प्रतिनिधि ने भाजपा के उम्मीदवार रमेश बिधूड़ी के खिलाफ चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन करने की शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत में कहा गया है कि रमेश बिधूड़ी ने गोविंदपुरी में पोलिंग बूथ के 80 मीटर के भीतर चुनाव कार्यालय खोला, जो चुनाव आयोग के नियमों का उल्लंघन करता है। चुनाव आयोग के नियमों के अनुसार, चुनाव कार्यालय पोलिंग बूथ से 200 मीटर के अंदर नहीं खोला जा सकता।

मुख्यमंत्री अतिशी के चुनाव एजेंट विजय कुमार ने विधानसभा क्षेत्र 51 कालकाजी के रिटर्निंग अधिकारी के पास एक शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत में कहा गया है कि रमेश बिधूड़ी ने गोविंदपुरी के बनारस हाउस, 1/42, डी.डी.ए. लोकल शॉपिंग कॉम्पलेक्स में चुनाव कार्यालय खोला है, जो गिरी नगर स्थित एमसीडी को-एड स्कूल के पास है और यह स्कूल मतदान केंद्र के रूप में इस्तेमाल होता है।

शिकायत के अनुसार, यह चुनाव आयोग द्वारा निर्धारित दिशा-निर्देशों का स्पष्ट उल्लंघन है। चुनाव आचार संहिता के नियमों के तहत, मतदान केंद्र से 200 मीटर की निर्धारित दूरी के भीतर कोई चुनाव कार्यालय नहीं खोला जा सकता है, ताकि मतदाताओं के लिए एक निष्पक्ष माहौल सुनिश्चित किया जा सके।

आम आदमी पार्टी द्वारा दी गई आधिकारिक शिकायत में मांग की गई है कि इस मामले की जांच की जाए। रमेश बिधूड़ी द्वारा खोले गए चुनाव कार्यालय को तुरंत बंद किया जाए। इस उल्लंघन के लिए जिम्मेदार व्यक्तियों के खिलाफ उचित कार्रवाई की जाए। चुनाव आचार संहिता का सख्ती से पालन किया जाए। आम आदमी पार्टी ने शिकायत को सही ठहराने के लिए फोटोग्राफ और वीडियो प्रमाण भी दिए हैं और रिटर्निंग अधिकारी से अनुरोध किया है कि इस मामले को जल्दी सुलझाया जाए ताकि चुनावी प्रक्रिया की निष्पक्षता बनाए रखी जा सके।

## महरौली की जनता मेरे साथ, कांग्रेस जीतेगी इसका पूरा विश्वास : पुष्पा सिंह

नई दिल्ली। दिल्ली की महरौली विधानसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी पुष्पा सिंह अपनी जीत को लेकर आश्वस्त हैं। उन्होंने दावा किया है कि इस बार दिल्ली में लोग बदलाव चाहते हैं और वो कांग्रेस को ये मौका देंगे। पुष्पा सिंह के शुक्रवार चुनावी कार्यालय का बसंत कुंज के मसूदपूर में उद्घाटन हुआ। कांग्रेस को मिल रहे जनसमर्थन को लेकर कांग्रेस प्रत्याशी पुष्पा सिंह ने बताया कि जिस दिन मैंने नामांकन दाखिल किया था, उस दिन पूरे गांव के लोग मेरे साथ थे। महरौली से टिकट मिलने के बाद लोगों को बहुत खुशी है। उनको भरोसा है कि कई सालों के बाद पूरी महरौली विधानसभा का विकास होगा। इस विधानसभा क्षेत्र में लोगों को मूलभूत सुविधाएं नहीं मिल रही हैं। लोग साफ पानी, अच्छी सड़क और अच्छे ड्रेनेज सिस्टम के लिए परेशान हैं। ऐसे में मैं चुनाव जीतते ही जो मूलभूत सुविधाएं बढ़ाने पर जोर दूंगी। मैं पीने के लिए शुद्ध पानी उपलब्ध कराने का प्रयास करूंगी, साथी ही सीवर ओवरफ्लो और टूटी सड़कों को सही कराने का काम करूंगी। उन्होंने दावा किया कि ह्लजीत कर आने के बाद महरौली विधानसभा की सड़कें दिल्ली की सबसे अच्छी सड़कें बनेंगी। जब मैं चुनाव प्रचार के लिए निकलती हूं तो लोगों का हुजूम अपने आप जुड़ जाता है। चारों तरफ कांग्रेस की लहर देखने को मिल रही है। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में 5 फरवरी को विधानसभा चुनाव के लिए मतदान होना है। 70 सदस्यीय विधानसभा वाली दिल्ली में इस बार लड़ाई रोमांचक हो गई है। हाईप्रोफाइल सीटों में गिनी जाने वाली महरौली से पिछले दो बार से आम आदमी पार्टी की जीत हुई है। महरौली से आम आदमी पार्टी के मौजूदा विधायक नरेश यादव हैं, जिन्हें पार्टी ने 2025 विधानसभा चुनाव में रिपीट किया

## सोशल मीडिया से हुआ इंस्पायर घर से छोड़ पहुंचा शिमला

किशनगढ़ थाना की पुलिस ने दिल्ली से गुम हुए 13 साल के एक नाबालिक लड़के को ढूंढ कर परिवार तक सकुशल पहुंचाकर परिवार की खुशियां लौटाई। डीसीपी के अनुसार 20 जनवरी को मुनिरका इलाके से यह लड़का गुम हो गया था। उसकी मां आईआईटी दिल्ली में प्राइवेट जॉब करती है। वह जब ड्यूटी पर जाती है, तो अपने रिलेटिव के पास बेटे को मुनिरका में छोड़ देती है। वहां से वह लड़का स्कूल जाता है और फिर वापस अपने घर लौट आता है।

लेकिन उस दिन जब वह छोड़कर गई तो उसके बाद उसका फोन स्विच ऑफ हो गया और उसके बारे में कोई जानकारी नहीं मिल रही थी। पुलिस को सूचना दी गई, टीम ने जांच शुरू की तो पता चला कि उसका लोकेशन शिमला आ रहा है। पुलिस की एक टीम को वहां भेजा गया और काफी मशक्कत के बाद उसके बारे में पता लगाकर उसे ढूंढा। पूछताछ में पता चला कि वह सोशल मीडिया पर देखकर इंस्पायर हो गया था और उसके बाद घर छोड़कर शिमला के लिए निकल गया था।

संक्षिप्त खबरें

## आईएएमआर कॉलेज में दो दिवसीय प्लेसमेंट ड्राइव आयोजित हुई

गाजियाबाद, । आईएएमआर कॉलेज में गुरुवार से चल रहे दो दिवसीय प्लेसमेंट ड्राइव कार्यक्रम का समापन हुआ। जिसमें बीसीए, बीबीए के कई छात्रों ने इसमें भाग लिया। संस्थान के संयुक्त निदेशक पीके वशिष्ठ ने बताया कि संस्थान छात्रों के शैक्षिक और व्यावसायिक विकास के लिए प्रतिबद्ध है। कॉलेज में 23 एवं 24 जनवरी को दो दिवसीय प्लेसमेंट ड्राइव आयोजित की गई जिसमें बड़ी संख्या में बीसीए,बीबीए छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया एवं साक्षात्कार दिया। जिसमें 10 से अधिक छात्र-छात्राओं का चयन किया गया। कॉलेज की चेयरपर्सन अंशु बंसल ने छात्रों को आश्वस्त किया कि संस्थान आने वाले समय में सभी छात्रों को उचित मौका देगा। ताकि वे अच्छा भविष्य बना सके। इस कार्यक्रम में संजय बंसल, पंकज शर्मा, श्वेता श्रीवास्तव आदि लोग मौजूद थे।

## जाम लगाने के मामले में 24 के खिलाफ केस दर्ज

मोदीनगर, । रुकमणी मोदी मार्केट के बाहर से अतिक्रमण हटाने के दौरान हंगामा करने वाले 24 दुकानदारों के खिलाफ थाने में केस दर्ज किया गया है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी। रुकमणी मोदी मार्केट के सामने से अवैध रूप से लगीं अस्थाई दुकानों को हटाने के लिए गुरुवार को नगर पालिका परिषद की टीम पुलिस बल के साथ पहुंची थी। दुकानदार बुलडोजर के सामने लेट गए थे और कर्मचारियों के साथ अभद्रता की थी। इतना ही नहीं, व्यापारियों ने दिल्ली-मेरठ मार्ग पर जाम लगाकर जमकर हंगामा किया था। इस संबंध में नगर पालिका परिषद के अधिशासी नरेंद्र मोहन मिश्रा ने थाने में तहरीर दी है। एसीपी ज्ञानप्रकाश राय ने बताया कि तहरीर के आधार पर 24 लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है।

## दो की बजाय एक पार्सल देने के विरोध पर हमला

ट्रांस हिंडन, । शालीमार गार्डन एक्सटेंशन निवासी युवक को डिलीवरी ब्वॉय ने एक ही पार्सल पर दो ऑर्डर का बिल थमा दिया। दूसरे पार्सल का सामान नहीं मिलने पर पीड़ित ने विरोध जताया तो आरोपी ने पत्थर और धारदार हथियार से हमला कर दिया। पीड़ित ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। शालीमार गार्डन एक्सटेंशन एक निवासी रूपांश राहुल ने बताया कि 22 जनवरी को भोजन पहुंचाने वाली ई-कॉमर्स कंपनी पर दो आर्डर किए थे। एक ऑर्डर 500 और दूसरा 338 रुपये का था। डिलीवरी ब्वॉय ने कम राशि वाले ऑर्डर का सामान दिया और बिल दोनों आर्डर के थमा दिए। विरोध करने पर आरोपी ने सिर पर पत्थर और धारदार हथियार से वार कर दिया। इसके बाद अंजाम भुगतने की धमकी देकर फरार हो गया। सोसाइटी के गार्ड ने परिवार वालों को बुलाया। उनके सिर में 10 टांके लगाए गए। एसीपी शालीमार गार्डन सलोनी अग्रवाल ने बताया कि सीसीटीवी कैमरों की फुटेज के आधार पर आरोपी डिलीवरी ब्वॉय की तलाश की जा रही।

## ट्रक की टक्कर से स्कूटी सवार युवक की मौत

ट्रांस हिंडन, । कौशांबी थाना क्षेत्र में डाबर तिराहे के पास ट्रक की टक्कर से स्कूटी सवार युवक की मौत हो गई। युवक ड्यूटी के बाद कौशांबी स्थित किराये के कमरे पर जा रहा था। भोवापुर में उदय गुर्जर के मकान में किराये पर रहने वाले विनय कुमार के अनुसार, मंगलवार रात भाई सन्नी कुमार वैशाली सेक्टर-चार में ड्यूटी के बाद स्कूटी से लौट रहा था। रात लगभग 10 बजे सन्नी डाबर तिराहा लाल बत्ती पर पहुंचा, तभी पीछे से आए ट्रक ने टक्कर मार दी और फरार हो गया। हादसे में सन्नी की मौके पर ही मौत हो गई। कौशांबी पुलिस के अनुसार शिकायत पर केस दर्ज कर लिया गया है। वाहन नंबर के आधार पर आरोपी चालक की तलाश की जा रही।

# हरियाणा में नायब सरकार के 100 दिन, लिए 18 नायाब फैसले; किसान-महिलाओं पर मेहरबान

प्रात: किरण संवाददाता



चंडीगढ़। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार के कार्यकाल के 100 दिन 27 जनवरी को पूरे होने जा रहे हैं। इन 100 दिनों में मुख्यमंत्री नायब सैनी ने एक के बाद एक कई अहम फैसले लेकर जहां अपनी सरकार की जनता के प्रति प्रतिबद्धता दोहराई है, वहीं यह संदेश देने की भी कोशिश की है कि आने वाले दिनों में भाजपा जन कल्याण के महत्वपूर्ण निर्णय लेने वाली है। इन सौ दिनों में नायब सरकार के 18 फैसले काफी महत्वपूर्ण माने जा सकते हैं। केंद्रीय ऊर्जा, आवासन एवं शहरी विकास मंत्री मनोहर लाल ने नायब सिंह सैनी की सरकार को पूरे नंबर दिये हैं। नायब सैनी भी अपनी सरकार के 100 दिनों में लिए गए फैसलों से संतुष्ट हैं और भाजपा के संकल्प पत्र में किए गये वादों को पूरा करने का रोडमैप तैयार कर रहे हैं। वादों को पूरा करने में जुटी सरकार मुख्यमंत्री ने पिछले दिनों राज्य के सभी विभागों के प्रशासनिक सचिवों, उपायुक्तों व पुलिस अधीक्षकों की अलग-अलग बैठकें लेकर उन्हें संकल्प पत्र के वादों और घोषणाओं को पूरा करने के लिए योजनाएं बनाने के आदेश दिए हैं। वित्त मंत्री के नाते नायब सैनी अपनी सरकार का पहला बजट मार्च में पेश करेंगे। इस बजट में भाजपा के संकल्प पत्र के तीन दर्जन वादों को पूरा किया जा सकता है और उनके लिए बजट का प्रविधान भी संभव है। सभी प्रशासनिक सचिव और विभागाध्यक्ष इस काम में जुटे हुए हैं। सरकार के फैसले को जनता कर रही स्वीकार नायब सिंह सैनी 12 मार्च 2024 से अक्टूबर 2024 तक पहले कार्यकाल में मुख्यमंत्री रहे। लोकसभा व विधानसभा चुनाव के दौरान के उन 56 दिनों में नायब सैनी ने अपने काम करने के तरीके का प्रदर्शन कर दिया था। अपने दूसरे कार्यकाल में नायब सैनी 17 अक्टूबर 2024 को दोबारा हरियाणा के मुख्यमंत्री बने। तब से अब तक नायब सरकार ने जितने भी फैसले लिए, उन्हें जनता स्वीकार कर रही है। मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने से पहले 24 हजार युवाओं को बिना पर्ची बिना खर्ची सरकारी नौकरियां देकर नायब सैनी युवाओं के नायक बन गये। इसके बाद उन्होंने राज्य में होने वाली सभी फसलों की एमएसपी पर खरीद की गारंटी देते हुए अधिसूचना जारी करवाई। 500 में दिए जा रहे सिलेंडर सौ दिनों के कार्यकाल में नायब सरकार ने स्वास्थ्य के क्षेत्र में भी बड़ी पहल की। सभी मेडिकल कॉलेजों और नागरिक अस्पतालों में डायलिसिस की निशुल्क सुविधा देने वाला राज्य हरियाणा बना। प्रधानमंत्री मोदी को पानीपत बुलाकर नायब सैनी ने यहां से ह्यबीमा सखी योजनाह्न की शुरूआत कराई। हर घर गृहणी योजना के तहत 13 लाख परिवारों को 500 रुपये में गैस सिलेंडर दिए जा रहे हैं। पांच लाख महिलाओं को ड्रोन दीदी बनाने का लक्ष्य तय किया जा चुका है, जिसमें से 1.45 लाख महिलाओं को ड्रोन दीदी बनाया जा चुका है। महिलाओं को पंचायती राज प्रणाली में 50 प्रतिशत आरक्षण का प्रविधान भी महिलाओं के सशक्तीकरण की दिशा में बड़ा कदम है। नायब सरकार के इन फैसलों ने भी बढ़ाया मान हरियाणा की नायब सरकार ने अब तक वंचित रह गई अनुसूचित जातियों को उनका अधिकार दिलवाया है। इसके लिए राज्य में अनुसूचित जातियों में आरक्षण को दो वर्गों वंचित अनुसूचित जाति और अनुसूचित जाति वर्ग में वर्गीकृत किया गया। राज्य में समाधान शिविरों की शुरुआत की गई, जिनमें 96 हजार शिकायतें आईं और 75 हजार का समाधान हो चुका। फसल बेचने के बाद किसानों को पैसा उनके खातों में भेजने की अवधि 72 घंटे से कम कर 48 घंटे नायब सरकार ने की है। हरियाणा कृषि भूमि पट्टा विधेयक 2024 सरकार की बड़ी उपलब्धि है, जिसमें पट्टे पर जमीन के लिए लिखित अनुबंध अनिवार्य कर दिया गया है। इससे मालिकों को अपनी जमीन पर कब्जे का डर नहीं रहेगा। किसान और महिला कर्मचारियों पर मेहरबानीमुख्यमंत्री के मीडिया सचिव प्रवीण आत्रेय के अनुसार नायब सरकार ने शामलात भूमि पर 20 वर्षों से काबिज कृषक पट्टेदारों को भूमि का मालिकाना हक भी दिया है। खरीफ फसलों के लिए दो हजार रुपये प्रति एकड़ की दर से अब तक 948 करोड़ रुपये किसानों को मुआवजे के रूप में प्रदान किए जा चुके हैं। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के मानदेय में 750 रुपये और आंगनबाड़ी सहायिकाओं के मानदेय में 400 रुपये की बढ़ोतरी भी नायब सरकार ने की है। ग्रामीण क्षेत्रों में 50 करोड रुपये से जिम खोले गए। करनाल के उचानी में सात सौ करोड़ रुपये की लागत से बागवानी विश्वविद्यालय बनाया जा रहा है।

# संगोष्ठि का आयोजन विद्यार्थियों को क्षयरोग के प्रति जागरूक

● टीबी मरीज के लिए सरकार ने की मुफ्त इलाज की व्यवस्था, पोषण के लिए प्रतिमाह देती धनराशि

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

बदायूँ: । प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत 100 दिवसीय सघन क्षय रोग खोज अभियान पूरे उत्तर प्रदेश में चलाया जा रहा है। इसके तहत गुरुवार को भगवान परशुराम विद्या मंदिर इंटर कॉलेज नेकपुर बदायूं में जनजागरूकता फैलाने के उद्देश्य से छात्रों के साथ एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठि में जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. विनेश कुमार ने 24 मार्च तक चलने वाले सघन क्षय रोग खोज अभियान के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने टी.बी. के लक्षण, जाँच, उपचार एवं बचाव के बारे में बताया। सभी छात्र एवं छात्राओं से अपील की गयी कि उनके घर आशा एवं आंगनवाड़ी की टीम पहुंचेगी वह 60 साल से ऊपर के सभी व्यक्तियों, एचआईवी, मधुमेह, 5 साल के पुराने टी.बी. के मरीज एवं उनके संपर्क में रहने वाले व्यक्ति, सीने में दर्द, लगातार बुखार रहना, 15 दिन से लगातार खांसी,बलगम में खून आना, वजन कम होना, लगातार पेट खराब रहना, एवं गर्दन एवं बगल में गांठ, एवं लगातार थकान रहने वाले लोगों के बारे में जानकारी एकत्र करके उनकी बलगम की जाँच एवं एक्स रे कराएंगे। उन्होंने बताया कि यदि किसी में टी.बी. की बीमारी निकलती है तो उसका सरकार मुफ्त में इलाज कराएगी एवं मुफ्त इलाज के साथ साथ अच्छे पोषण युक्त खाने हेतु 1000 रुपये महीने भी डीबीटी के माध्यम से सभी मरीजों के खाते में भारत सरकार भेजेगी। यह धनराशि जितने महीने टी बी की बीमारी का इलाज चलेगा तब तक हर माह मिलती रहेगी। संगोष्ठी में प्रधानाचार्य बृजेश कुमार शर्मा, चीफ प्रॉक्टर के एल गुप्ता, संदीप राजपूत, सुदेश सक्सेना उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय लोक अदालत के सम्बंध में प्री-ट्रायल बैठक आयोजित

### 08 मार्च को होगा राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन

प्रात: किरण संवाददाता

बदायूँ: । जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बदायूं, मनोज कुमार-त्तीय के निदेर्शानुपालन में अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बदायूं शिव कुमारी, द्वारा 08 मार्च 2025 को प्रातः 10:00 बजे से आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल आयोजन हेतु शुक्रवार को समस्त प्रशासनिक अधिकारी/पुलिस प्रशासनिक अधिकारी व विभिन्न विभागों के अधिकारीगण/प्रतिनिधियों के साथ प्री-ट्रायल की बैठक अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के विश्राम-कक्ष में आहूत की गयी। उक्त बैठक में उपस्थित समस्त अधिकारीगण/प्रतिनिधियों को आगामी राष्ट्रीय लोक अदालतमें अधिक से अधिक वादों को चिन्हित करने हेतु निर्देशित किया गया। ताकि इस राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक वादों का निस्तारण कर उक्त लोक अदालत को सफल बनाया जा सके। राष्ट्रीय लोक अदालत में सिविल प्रकृति के वाद, अपराधिक शमनीय वाद, राजस्व वाद, धारा 138 पराक्रम्य लिखत अधिनियम, बैंक वसूली वादों, मोटर दुघर्टना प्रतिकर याचिकाऐं, पारिवारिक वादों, श्रम वादों, भूमि अधिग्रहण वादों, विद्युत, जल-कर एवं दूरसंचार बिल के विवाद, एन0आई0एक्ट आदि सहित ऐसे विवाद जो अभी तक न्यायालय के समक्ष नहीं आये हैं, उन्हें भी वाद पूर्व सुनवाई (प्री-लिटीगेशन) स्तर पर निस्तारित कराया जा सकता है। उन्होंने जनपद के सभी जनसामान्य एवं वादकारीगण से अनुरोध करते हुए कहा कि अधिक से अधिक संख्या में उक्त राष्ट्रीय लोक अदालत में समय से उपस्थित होकर अपने-अपने वादों/विवादों को निस्तारित करवाकर राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने में सहयोग प्रदान करें। मा0 राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निदेर्शानुपालन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बदायूं के अधीन संचालित लीगल एड डिफेंस काउंसिल सिस्टम में कार्यरत चीफ एल0ए0डी0सी0 श्री ब्रहमा नन्दन गौतम (एड0) द्वारा दिनांक 22-01-2025 को माननीय सप्तम अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश बदायूं के न्यायालय में निःशुल्क पैरवी करते हुए एस0टी0 नं0-345/2010 सरकार बनाम प्रमोद शर्मा आदि अन्तर्गत धारा 307, 506 भा0दं0सं0 थाना-उझानी, जनपद बदायूं, अ0सं0-374/2009 में अभियुक्तगण मनोज शर्मा, प्रमोद शर्मा पुत्रगण हरविलास शर्मा, निवासी छतुईया, थाना उझानी, जनपद बदायूँ को दोषमुक्त कराया गया।

## अश्लील फोटो वायरल कर बदनाम करने व धमकी देने का आरोप

ट्रांस हिंडन, । इंदिरापुरम थाना क्षेत्र में रहने वाली महिला ने एक युवक के खिलाफ बेटी की फोटो को अश्लील बनाकर वायरल कर बदनाम करने व धमकी देने का आरोप लगाया है। आरोपी फोटो डिलीट करने के नाम पर 15 हजार रुपये की डिमांड कर रहा है। पीड़िता ने पुलिस से आरोपी की शिकायत की है। इंदिरापुरम थाना क्षेत्र में रहने वाली महिला के अनुसार वह सुप्रीम कोर्ट में अधिवक्ता हैं। नवंबर 2024 में उन्हें किसी युवती के माध्यम से पता चला कि उनकी बेटी की नकली सोशल मीडिया प्रोफाईल बनाकर उस पर अश्लील फोटो लगाए हुए हैं। फोटो डिलीट करने के नाम पर उनकी बेटी से 15 हजार रुपये मांगे गए। आरोपी ने सोशल मीडिया पर उनकी बेटी के लिए गंदी गालियां लिखी और बदनाम करने की धमकियां दी। पैसे देने से इंकार करने पर आरोपी ने उनकी बेटी की अश्लील फोटो सोशल मीडिया पर वायरल कर दी। पीड़िता के अनुसार आरोपी ने एआई के जरिए अश्लील फोटो बनाई हैं और बार-बार उन्हें बदलकर लगा रहा है। एसीपी इंदिरापुरम स्वतंत्र कुमार सिंह का कहना है कि शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश की जा रही है। जल्द ही उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# गुरुग्राम: सडक दुर्घटनाओं में घायलों को मिलेगा डेढ लाख तक का मुफ्त इलाज

### पुलिस उपायुक्त यातायात ने इस सुविधा को लेकर की अधिकारियों की बैठक


प्रात: किरण संवाददाता



गुरुग्राम, । दुर्घटना में घायलों को कैशलेस सुविधा प्रदान कराने के बारे में सभी यातायात पुलिस अधिकारियों की पुलिस उपायुक्त यातायात विरेंद्र विज ने शुक्रवार को मीटिंग ली। पुलिस उपायुक्त यातायात विरेंद्र विज ने मीटिंग के दौरान मौजूद सभी यातायात पुलिस अधिकारियों को उचित दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि भारत सरकार द्वारा चलाई गई एक्सीडेंट कैशलैस स्कीम के तहत सडक हादसों पर होने वाली दुर्घटनाओं में घायलों को तुरंत नजदीकी पैनल वाले अस्पताल में पहुंचाएं। इन अस्पतालो में एक्सीडेंट के दौरान घायलों का 1.50 लाख रुपए तक कैशलैस उपचार किया जाएगा। इससे घायलों की जान समय रहते बचाई जा सकेगी। गुरुग्राम में तैनात सभी थानों के एसएचओ और आम जनता यह जानकारी/संदेश भी पहुंचाया जा रहा है, ताकि एक्सीडेंट में घायलों को तुरंत नजदीकी पैनल अस्पताल में उपचार कराकर हर साल होने वाली सडक हादसों में मौतों पर अंकुश लगाया जा सके। इस मीटिंग में सहायक पुलिस आयुक्त यातायात मुख्यालय हाईवे विकास कुमार, सहायक पुलिस आयुक्त यातायात पूर्व सुरेन्द्र कौर, सहायक पुलिस आयुक्त यातायात पश्चिम जयसिंह और यातायात में तैनात सभी टीआई व इंस्पेक्टर ट्रैफिक मौजूद रहे।

# शेयर बाजार और गोल्ड में निवेश के नाम पर तीन लाख ठगे

प्रात: किरण संवाददाता



गाजियाबाद, । साइबर अपराधियों ने शेयर बाजार और गोल्ड में निवेश करने पर नेहरू नगर सेकेंड में रहने वाले व्यक्ति से तीन लाख रुपये ठग लिए। ठगी का पता लगने पर पीड़ित ने सिहानी गेट थाने में शिकायत दी। पुलिस का कहना है कि केस दर्ज कर जालसाजों को ट्रेस करने का प्रयास किया जा रहा है। नेहरू नगर सेकेंड में रहने वाले संतोष कुमार गोयल का कहना है कि उनके पास अनजान नंबर से श्रुति नाम की महिला का फोन आया। उसने खुद को अरिहंत कैपिटल से बताया। उसने उन्हें शेयर बाजार और गोल्ड में निवेश करने पर मोटा मुनाफा होने की बात कही। इसके बाद उनके पास रिलेशनशिप मैनेजर अजय शर्मा की कॉल आई। उसने भी उन्हें गोल्ड में निवेश करने के लिए प्रेरित किया। उसने कंपनी के मालिक का नाम राजेश पुरी बताते हुए पैसा लगाने के लिए कहा। संतोष कुमार गोयल के मुताबिक उन्होंने भरोसा करते हुए पांच जून 2024 को डेढ़ लाख रुपये ट्रांसफर कर दिए। इसके बाद उनके पास कंपनी के अकाउंट मैनेजर सिद्दीकी का फोन आया। उसने जीएसटी और टीडीएस के नाम पर 1.45 लाख रुपये तथा 40 हजार 500 रुपये जमा कराने को कहा। यह रकम भी उन्होंने ट्रांसफर कर दी। इसके बाद आरोपियों ने उन्हें 8.10 लाख रुपये का चेक व्हॉट्सऐप पर भेजा और खाते में जल्द ही रकम आने की बात कही। आरोप है कि उन्हें कोई पैसा नहीं मिला। ठगी का पता लगने पर उन्होंने सिहानी गेट थाने में शिकायत दी। एसीपी पूनम मिश्रा का कहना है कि केस दर्ज कर जालसाजों को ट्रेस करने का प्रयास किया जा रहा है।

# गुरुग्राम: डीएचबीवीएल प्रबंध निदेशक ने सफाई व्यवस्था का लिया जायजा

प्रात: किरण संवाददाता



गुरुग्राम, । सार्वजनिक स्थानों और कार्यालयों में स्वच्छता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से स्वच्छ हरियाणा मिशन के अंतर्गत चलाए जा रहे विशेष सफाई अभियान को लेकर शुक्रवार को हिसार मंडल आयुक्त एवं प्रबंध निदेशक दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम ए. श्रीनिवास ने गुरुग्राम बिजली निगम कार्यालय में औचक निरीक्षण कर अभियान का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने हरियाणा को साफ व स्वच्छ बनाने के लिए विशेष अभियान चलाया हुआ है, जिसके तहत सभी बिजली निगम के अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे अपने कार्यालयों में सफाई व्यवस्था पर विशेष ध्यान दें। प्रबंध निदेशक ने सभी अधिकारियों को कहा कि वे स्वच्छ हरियाणा मिशन के इस सफाई अभियान में किसी प्रकार की ढिलाई न बरतें। सभी के कार्यालय साफ स्वच्छ और सुंदर हों। कार्यालय परिसर एवं परिधि आदि को सुसज्जित किया जाए। किसी भी प्रकार की गंदगी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। गैर जरूरी अप्रयुक्त सामान का निराकरण करें। उन्होंने कहा कि स्वच्छता को संस्थागत बनाने और सरकारी विभागों में लंबित मामलों को कम करने के लिए यह विशेष अभियान है। इसमें सभी ने बकाया कार्यों का समय बद्ध समाधान, बेहतर साफ सफाई, अनावश्यक पुराने अप्रयुक्त खराब सामान फर्नीचर रद्दी फाइलों आदि का निष्पादन करना है। उन्होंने कहा कि कार्यालयों में स्वच्छ वातावरण होगा तो कार्य में गति आएगी और हम निरोगी रहेंगे। हम सभी की व्यक्तिगत स्वच्छता के साथ-साथ अपने आसपास के स्थल को भी साफ सुथरा बनाए रखने की जिम्मेदारी है। गुरुग्राम निरीक्षण के दौरान उनके साथ मुख्य अभियंता वीके अग्रवाल और अधीक्षण अभियंता मनोज यादव भी मौजूद रहे।

# दो घरों के ताले तोड़ लाखों रुपए का माल चोरी किया

प्रात: किरण संवाददाता

गाजियाबाद, । बेखौफ चोरों ने दो अलग-अलग स्थानों पर बंद घरों को निशाना बनाते हुए लाखों रुपये के माल पर हाथ साफ कर दिया। घटना का पता लगने पर पीड़ितों ने संबंधित थाने में शिकायत दी। पुलिस का कहना है कि केस दर्ज कर लिया गया है। चोरों को ट्रेस करने के लिए सीसीटीवी कैमरे खंगाले जाएंगे। मसूरी निवासी वसीम का कहना है कि 22 जनवरी को वह मकान का ताला लगाकर परिवार के साथ रिश्तेदारी में ओखला दिल्ली गए थे। देर रात करीब साढ़े 12 बजे की तड़के ताऊ के लड़के शकील ने उन्हें फोन करके घर का ताला टूटा होने तथा मैन गेट खुला होने के बारे में बताया। शकील ने बताया कि दो लोग बिना नंबर प्लेट की स्कूटी पर फरार हुए हैं। शकील वसीम के मुताबिक रात करीब डेढ़ बजे वह घर पहुंचे तो अलमारी खुली पड़ी थी। चेक करने पर उसमें रखा मोबाइल, हाथ की घडी तथापांच हजार रुपये गायब मिले। घटना के संबंध में पीड़ित ने स्कूटी सवार अज्ञात चोरों के खिलाफ मसूरी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। दूसरी घटना में मुकंदनगर में रहने वाले महेश कुमार का कहना है कि वह 27 नवंबर को घर पर ताला लगाकर निजी कार्य से बागपत चले गए थे। सात दिसंबर की रात करीब नौ बजे वापस लौटे तो एक कमरे का ताला टूटा मिला तथा साथ ही दूसरे कमरे की साइड की दीवार पर लगी खिड़की की ग्रिल भी टूटी हुई थी। चोर इसी के रास्ते घर में घुसे थे। चेक करने पर पता चला कि चोर सोने की चेन, एक जोड़ी सोने के कुंडल, दो जोड़ी पायल, दो जोड़ी बिछुवे, 65 हजार की नगदी, एलईडी टीवी, गैस सिलेंडर, मोबाइल तथा क्रेडिट कार्ड गायब है। घटना के संबंध में पीड़ित ने 20 जनवरी को सिहानी गेट थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस का कहना है कि केस दर्ज कर चोरों को ट्रेस करने का प्रयास किया जा रहा है।

# गुरुग्राम में गणतंत्र दिवस समारोह की हुई फुल ड्रेस रिहर्सल

● डीसी ने मार्च पास्ट व सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति का अवलोकन किया

प्रात: किरण संवाददाता



गुरुग्राम, । स्थानीय ताऊ देवीलाल स्टेडियम परिसर में शुक्रवार को गणतंत्र दिवस समारोह का अंतिम पूर्वाभ्यास किया गया। गुरुग्राम के उपायुक्त अजय कुमार ने राष्ट्रीय ध्वज फहरा कर फाइनल रिहर्सल का शुभारंभ किया। शुक्रवार को सुबह सर्वप्रथम उपायुक्त अजय कुमार ने स्थानीय सिविल लाइंस में शहीद स्मारक पर पुष्पचक्र अर्पित किया। उसके बाद उन्होंने ताऊ देवीलाल स्टेडियम परिसर में राष्ट्रीय ध्वज फहराया और तिरंगे झंडे को सलामी दी। एडीसी हितेश कुमार, डीसीपी अर्पित जैन, डीसीपी ट्रैफिक वीरेंद्र विज, एसडीएम रविंद्र कुमार की उपस्थिति में आयोजित हुई इस फाइनल रिहर्सल में परेड कमांडर एसीपी प्रियांशु दीवान ने मार्च पास्ट का नेतृत्व किया। हरियाणा पुलिस जवानों की टुकड़ी की कमान एएसआई अरविंद, महिला पुलिस की कमान पीएसआई सुमन, ट्रैफिक पुलिस की टुकड़ी की अगुवाई पीएसआई अमित, गृहरक्षी दल का नेतृत्व एसआई सतपाल, एनसीसी ब्वायज की टुकड़ी का नेतृत्व हितेश दहिया, एनसीसी गर्ल्स की टुकड़ी को तक्वान्ना, एसपीसी का नेतृत्व हन्सी, हरियाणा सिविल डिफेंस का नेतृत्व निर्भय बेदी और प्रजातंत्र के प्रहरी टुकड़ी की अगुवाई प्रियांशी ने की। इसके बाद सेंकड़ों स्कूली छात्र-छात्राओं ने एक लय-ताल में डंबल, लेजियम, योगा व पीटी शो का प्रदर्शन किया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में ब्लू बेल्स पब्लिक स्कूल सेक्टर-4 ने भारतीय संविधान, डीएवी पब्लिक स्कूल सेक्टर-49 के विद्यार्थियों ने प्रदूषण मुक्त वातावरण बनाने, राजकीय मॉडल संस्कृति विद्यालय अर्जुननगर की टीम ने महिषासुर मर्दिनी, राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गुडगांव गांव के छात्र-छात्राओं ने राजस्थानी लोक नृत्य, राजकीय मॉडल संस्कृति विद्यालय जैकबपुरा ने पंजाब के लोहड़ी त्योहार तथा राजकीय मॉडल संस्कृति विद्यालय सेक्टर-43 के विद्यार्थियों ने हरियाणवी लोकनृत्य की प्रस्तुति दी। पूर्वाभ्यास के अंत में राजकीय कन्या महाविद्यालय की छात्राओं ने राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन किया। उपायुक्त अजय कुमार ने कार्यक्रम स्थल का मुआयना किया। 26 जनवारी को होने वाले मुख्य समारोह के लिए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गणतंत्र दिवस समारोह पूरी धूमधाम के साथ मनाया जाएगा। समारोह में शानदार झांकियों का प्रदर्शन किया जाएगा। वन, पर्यावरण एवं उद्योग मंत्री राव नरबीर सिंह इस अवसर पर मुख्य अतिथि के तौर पर मौजूद रहेंगे। जिला शिक्षा अधिकारी कैप्टन इंदु बोकन कसाना, जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी मूर्ति, संगीता सुनेजा, डा. ज्योत्सना, डिंपल कपूर सहित अन्य अधिकारी इस मौके पर उपस्थित रहे।

# घर में घुसकर जानलेवा हमला और फायरिंग

प्रात: किरण संवाददाता

ट्रांस हिंडन, । टीला मोड़ थाना क्षेत्र में गुरुवार रात साथियों के साथ घर लौट रहे अधिवक्ता पर कुछ लोगों ने जानलेवा हमला कर दिया। आरोपियों ने पिस्तौल की बट और डंडे से वार किए। वहीं, दहशत फैलाने के लिए कई राउंड फायरिंग भी की। घटना को लेकर टीला मोड़ थाने में शिकायत की गई है। डिफेंस कॉलोनी निवासी अधिवक्ता कपिल चंदेला कड़कड़डुमा कोर्ट दिल्ली में प्रैक्टिस करते हैं। गुरुवार रात नौ बजे वह दो साथियों के साथ घर लौट रहे थे। कपिल के भाई और भारतीय किसान यूनियन अजगर सेना के प्रदेश सचिव सौरभ ने बताया कि रास्ते में कपिल रिस्तल और नितिन सकलपुरा अपने ऑफिस पर जन्मदिन की पार्टी कर रहे थे। आरोप है कि उक्त लोग नशे में थे। जैसे ही कपिल उनके ऑफिस के बाहर से गुजरे तो आरोपियों ने गाली-गलौज कर दी। विरोध पर हत्या की धमकी दी। कपिल किसी तरह घर पहुंच गए। कुछ देर बाद आरोपियों ने आठ-दस साथियों के साथ घर में घुसकर पीड़ित पर हमला कर दिया। इस दौरान कई राउंड फायरिंग की। इससे अफरा-तफरी मच गई। परिजनों ने कपिल को गंभीर हालत में दिल्ली के जीटीबी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उनके सिर में 14 टांके लगाए गए। फिलहाल उनका शालीमार गार्डन क्षेत्र के एक निजी अस्पताल में इलाज चल रहा। कपिल के भाई सौरभ चंदेला का कहना है कि उन्होंने पुलिस को सूचना दी तो हमलावर धमकी देते हुए फरार हो गए। पुलिस ने मौके से पिस्तौल के कई खोखे बरामद किए हैं। सौरभ ने नितिन सकलपुरा और अनिल रिस्तल समेत आठ-दस अज्ञात के खिलाफ तहरीर दी है। घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई है। फुटेज में हमलावर अधिवक्ता पर हमला करते दिखाई दे रहे हैं। एक आरोपी अधिवक्ता पर डंडे से लगातार वार करते दिखाई दे रहा। एक आरोपी खुद थाने पहुंचा अधिवक्ता कपिल के भाई सौरभ का कहना है कि आरोपी नितिन और अनिल आपराधिक प्रवृति के हैं। दोनों पूर्व में जेल जा चुके हैं। आरोपी भाई को जान से मारने की धमकी दे रहे थे। शुक्रवार को एक आरोपी नितिन खुद ही थाने पहुंच गया। शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और आरोपियों की तलाश की जा रही है। जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा। - सलोनी अग्रवाल, एसीपी, शालीमार गार्डन।

# गुरुग्राम में अब क्यूआर कोड भुगते जा सकेंगे चालान, ट्रेफिक पुलिस ने दी सुविधा

### पुलिस ने लोगों की सुविधा के लिए लगवाए क्यूआर कोड
### यह सुविधा देने वाला गुरुग्राम हरियाणा का पहला जिला बना
### कोर्ट में भेजे जा चुके चालानों का भुगतान इस सुविधा से नहीं होगा




प्रात: किरण संवाददाता

गुरुग्राम, । यातायात के नियम तोड़ने पर अब चालान भरने के लिए किसी को परेशान नहीं होना पड़ेगा। गुरुग्राम यातायात पुलिस ने चालान भरने के लिए पेटीएम क्यूआर कोड जारी किया है। उसी पर अब लोग चालान भर सकते हैं। पुलिस उपायुक्त यातायात विरेंद्र विज ने लोगों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए चालान भरने के लिए पेटीएम क्यूआर कोड का शुभारंभ किया। यह सुविधा उपलब्ध कराने वाले गुरुग्राम हरियाणा का पहला जिला बन गया है। क्यूआर कोड की सहायता से चालान आसानी से भरे जा सकेंगे। अब से किसी को भी चालान भरने के लिए इधर-उधर दफ्तरों के चक्कर भी नहीं काटने पड़ेंगे। विरेंद्र विज ने कहा कि इससे अब ना केवल लोगों का समय बचेगा, बल्कि पेटीएम क्यूआर कोड की सहायता से घर बैठे भी इसे स्कैन करके आसानी से चालान का भुगतान किया जा सकेगा। गुरुग्राम क्षेत्र के सभी थानों, चौकियों, ट्रैफिक बूथों और सभी पुलिस कार्यालयों में इस क्यूआर कोड को चिपकाया गया है। इस क्यूआर कोड को स्कैन करने पर सबसे पहले यह आपको हरियाणा ट्रैफिक पुलिस के पेज पर लॉगिन कराएगा। जिस पर आप अपना चालान नम्बर या वाहन नम्बर डालें। जिसके बाद चालान साईट पर आपके चालान की राशि आने पर चालान का भुगतान कर सकते हैं। कोर्ट में भेजे जा चुके चालानों का भुगतान इस पेटीएम क्यूआर कोड द्वारा नहीं किया जा सकेगा।

# कसे कहेंगे घुसपैठिया

फिल्म अभिनेता सैफ अली खान अस्पताल से घर लौट आए हैं। राजनेताओं की भाषा के मुताबिक, सैफ टनाटन और बिल्कुल स्वस्थ नजर आ रहे हैं। हमले के मात्र पांच दिन बाद ही सैफ बिल्कुल ठीक हो गए, उनके गहरे जख्म भी भर गए, वाह! चमत्कार हो गया। यही हमारी राजनीति की भाषा है। हमारे नेताओं के ऐसे वाहियात और बेमानी विश्लेषण हैं कि वे सैफ पर जानलेवा हमले और बांग्लादेशी अभियुक्त को लेकर सवाल कर रहे हैं। बहरहाल हम इस मुद्दे को यहीं छोड़ते हैं, क्योंकि पुलिस और अन्य एजेंसियों को सम्यक जांच करने की पूरी स्वतंत्रता दी जानी चाहिए। यह नेताओं के संदेहों और सवालों का क्षेत्र भी नहीं है। हमारा बुनियादी सरोकार यह है कि बांग्लादेशी घुसपैठियों और रोहिंग्या मुसलमानों का मुद्दा एकदम राष्ट्रीय बन गया है। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने महाराष्ट्र सरकार को अवैध बांग्लादेशी प्रवासियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने का आदेश दिया है। बाकायदा राज्य के गृह विभाग को एक पत्र लिखा गया है। सैफ के हमले ने यह मुद्दा एक बार फिर गरमा दिया है। पश्चिम बंगाल, त्रिपुरा राज्यों की सीमाओं पर अवैध घुसपैठियों की धरपकड़ अचानक बढ़ गई है और उन्हें वापस बांग्लादेश में खदेड़ा जा रहा है। दिल्ली के उपराज्यपाल विनय सक्सेना ने पुलिस आयुक्त को पत्र लिखा था, जिसके बाद बांग्लादेशी घुसपैठियों के खिलाफ तलाशी अभियान बढ़ गया है। अलबत्ता बांग्लादेश वापस भेजने की कोई खबर नहीं आई है, क्योंकि राष्ट्रीय राजधानी के गली-मुहल्लों में बांग्लादेशी दशकों से सक्रिय हैं। वे जीवन और समाज का हिस्सा बने हैं। वे रिक्शा चलाते हैं। उनकी औरतें घरों में काम करती हैं। इलाके के ढाबों और दुकानों पर बांग्लादेशी मजदूरी करते हैं। वे सहकारी सोसायटी के फ्लैटों में निर्माण, मरम्मत, बढ़ई, प्लंबर और एयर कंडीशनर मैकेनिक के तौर पर खुलेआम, सालों से काम कर रहे हैं। उनके पास आधार कार्ड, वोटर आई कार्ड, राशन कार्ड जैसे सरकारी दस्तावेज हैं। वे प्रधानमंत्री की मुफ्त अनाज योजना का भी लाभ उठा रहे हैं। वे आम आदमी पार्टी के चुनावी लाभार्थी समूह में भी शामिल हैं। कानूनन वे भारतीय हैं। उनकी पुश्तैनी जड़ें अधिकतर बंगाल, असम, त्रिपुरा आदि राज्यों से जुड़ी हैं। ऐसे में किसे घुसपैठिया करार देंगे और किस पर अवैध प्रवासी का संदेह कर कानूनी कार्रवाई करेंगे? दरअसल बांग्लादेश से पश्चिम बंगाल, त्रिपुरा, असम, मेघालय और मिजोरम राज्यों की सीमाएं लगती हैं। अधिकतर सीमाएं खुली हैं। हालांकि करीब 77 फीसदी सीमा पर बाड़बंदी का काम किया जा चुका है, लेकिन दोनों देशों के बीच कुछ सीमा-विवाद हैं, कुछ इलाके नदियों से सटे हुए हैं, जहां फेंसिंग नहीं की जा सकती। इन इलाकों के लोग भी बाड़ का विरोध करते रहे हैं। लिहाजा बांग्लादेश से त्रिपुरा, असम, बंगाल के जरिए लोग आते-जाते रहे हैं। पकड़े जाने पर वे खुद को असम, त्रिपुरा के निवासी बताते हैं। दस्तावेज भी होते हैं, तो प्रशासन और पुलिस उन्हें हिरासत में कैसे रख सकते हैं? हमारे देश में ऐसे भी गिरोह सक्रिय हैं, जो फर्जी कार्ड और दस्तावेज बनवा देते हैं। यह भी नए किस्म का भ्रष्टाचार और देशद्रोह है। चूंकि सैफ अली खान वीआईपी शख्स हैं, लिहाजा उनके घर में घुसने और हमला करने का यह मामला सुर्खियों में आ गया। अभी तक की जांच में बांग्लादेशी घुसपैठिए को ही हमलावर माना जा रहा है, लिहाजा यह मुद्दा नए सिरे से राष्ट्रीय बन गया। आरएसएस इस मुद्दे को दशकों से उठाता रहा है। संघ के आकलन में सामने आते रहे हैं कि देश में 2 करोड़ से ज्यादा बांग्लादेशी अवैध रूप से घुस चुके हैं और नकली भारतीय बनकर रह रहे हैं। ऐसे घुसपैठियों में आतंकवादी और तस्करों के एजेंट भी पाए गए हैं। गिरफ्तारी होती है, जांच होती है, लेकिन अंतिम निष्कर्ष शून्य रहा है। बीते 11 साल से केंद्र में मोदी सरकार है, जो चेतना से संघवादी है। इस मुद्दे पर खूब राजनीति होती रही है। अब दिल्ली चुनाव में भाजपा के आरोप हैं कि केजरीवाल की पार्टी बांग्लादेशी घुसपैठियों और रोहिंग्याओं के दस्तावेज बनवा रही है और उन्हें दिल्ली में ही बसा रही है, ताकि वे आप के ही वोटर बने रहें। बेशक यह भी गंभीर जांच का विषय है। अब देखते हैं कि यह मुद्दा राष्ट्रीय फोकस में आने के बाद किस अंजाम तक पहुंचता है।

# भाजपा सबसे धनवान- जो सत्ता में वहीं सिकन्दर

भारत के दो प्रमुख राजनीतिक दल भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस के बीच उम्र व अनुभव के हिसाब से भले ही दादा और परपौते सा रिश्ता हो, क्योंकि कांग्रेस डेढ़ सौ वर्ष से भी अधिक उम्रदराज है और भारतीय जनता पार्टी महज पैंतालीस साल की, कांग्रेस का जन्म 1885 के करीब एक विदेशी ए.ओ. म दादा माने जाते है, जब पूर्व जनसंघ की कोंख से भाजपा का जन्म 1980 में हुआ, इस प्रकार इन दोनों प्रमुख दलों में उम्र के हिसाब से एक सौ साल से भी अधिक साल का अंतर है, कांग्रेस ने देश की आजादी के बाद अर्धशताब्दी से भी अधिक समय तक राज किया और इस नई सदी के साथ ही भाजपा का सितारा चमक पाया, किंतु कांग्रेस का नेहरूवंश साथ ही उतार-चढ़ाव में रहा और आज जब नेहरू खानदान (सोनिया-राहुल) राजनीति में उन्नीसे सिद्ध हो रहे है, तब कांग्रेस भी अस्तांचल की ओर जाती नजर आ रही है। आज वह जहां देश में दूसरे क्रम की पार्टी मानी जाती है, वही कुशल व अनुभवी नेतृत्व के अभाव में अस्तांचल की ओर जाती नजर आ रही है। अर्थात आज भारतीय राजनीतिक परिवार का मुखिया (परदादा) कांग्रेस नही बल्कि (परपौता) भाजपा है और परदादाजी धीरे-धीरे मृत्यु शैय्या की ओर कदम बढ़ाते नजर आ रहे है। वैसे भारतीय राजनीति का अब तक का उसूल ही ऐसा रहा है, कि-जो जीता वही सिकन्दरऔर यहां कांग्रेस ने चाहे पचास साल से भी अधिक राज किया हो, किंतु पिछली एक चैथाई शताब्दी से तो भाजपा का ही बोल बाला है, वह भी देश के विशेषकर हिन्दी भाषी राज्यों व केन्द्र में। ....और चूंकि भाजपा व उसके सहयोगी देश के एक दर्जन से अधिक राज्यों पर अपना प्रभुत्व जमाए हुए है, इसलिए आज भाजपा सिर्फ सियासी हिसाब से नही बल्कि आर्थिक दृष्टि से भी अपने परदादासे काफी आगे है। यदि आर्थिक दृष्टि से ही देखा जाए तो आज जितना धन भाजपा के पास है, उसका दसवां हिस्सा भी कांग्रेस के पास नही है। भाजपा के पास दो हजार दो सौ चवालीस (2244) करोड की राशि सिर्फ चन्दे के रूप में उपलब्ध है, तो कांग्रेस के पास 289 करोड़ रूपए और भारतीय राजनीतिक दलों के बीच आर्थिक दृष्टि से तीसरे क्रम पर बी.आर.एस. है, जिसके पास 580 करोड़ है, देश में सबसे गरीब राजनीतिक दल तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) है, जिसके पास मात्र 6 करोड़ रूपए है। राजनीतिक दलों के ये आर्थिक आंकड़े हाल ही में चुनाव आयोग ने जारी किए है। अर्थात देश की सबसे धनवान पार्टी भाजपा है, जिसकों चन्दें में अन्य दलों से 212 प्रतिशत से अधिक धन चंदे के रूप में प्राप्त हुआ है। वैसे सरसरी तौर पर देखा जाए तो आर्थिक वर्ष 2023-24 में कांग्रेस व भाजपा दोनों ही दलों के ही कोष में बढ़ौत्तरी देखी गई, भाजपा को पूर्व के मुकाबलें तीन गुना अधिक राशि की आमद हुई, वहीं कांग्रेस को भी पूर्व वर्ष के मुकाबलें अधिक धनराशि मिली। सबसे आश्चर्यजनक तथ्य यह उभर कर आया है कि उत्तरप्रदेश पर कभी राज करने वाला बहुजन समाज पार्टी दल को विवादित वर्ष में केवल बीस हजार रूपए का ही चन्दा प्राप्त हो पाया, इसलिए आर्थिक दृष्टि से यह दल सबसे निचले पायदान पर है। इसी बीच मौजूदा दौर में एक यह भी सचाई सामने आई है कि समय के साथ राजनीतिक दलों का भी सितारा ऊपर-नीचे होता है, देश में जहां कांग्रेस का सितारा लगातार पांच दशक तक बुलंदी पर रहा तो पिछले पच्चीस सालों से भाजपा का सितारा बुलंदी पर है, ये सब समय-समय का खेल है, जो मानव के भाग्य से राजनीति के भाग्य तक चलते रहते है। आज जहां सबसे धनवान सत्तारूढ़ दल अपने प्रमुख प्रतिपक्षी दल के कोष पर खर्च करने की पाबंदी लगाने पर आमादा है, तो स्वयं चुनावों के दौरान ह्यधन

# लोकतंत्र को मजबूती देने के लिये मतदाता को जागना होगा

**किसी भी राष्ट्र के जीवन में चुनाव सबसे महत्त्वपूर्ण घटना होती है। यह एक यज्ञ होता है। लोकतंत्र प्रणाली का सबसे मजबूत पैर होता है। राष्ट्र के प्रत्येक वयस्क के संविधान प्रदत्त पवित्र मताधिकार प्रयोग का एक दिन। इसलिये इस दिन भारत के प्रत्येक नागरिक को अपने राष्ट्र के प्रत्येक चुनाव में भागीदारी की शपथ लेनी चाहिए, क्योंकि भारत के प्रत्येक व्यक्ति का वोट ही देश के भावी भविष्य की नींव रखता है और उन्नत राष्ट्र के निर्माण में भागीदारी निभाता है। सत्ता के सिंहासन पर अब कोई राजपुरोहित या राजगुरु नहीं बैठता अपितु जनता अपने हाथों से तिलक लगाकर नायक चुनती है। लेकिन जनता तिलक किसको लगाये, इसके लिये सब तरह के साम-दाम-दंड अपनाये जा रहे हैं। हर राजनीतिक दल अपने लोकलुभावन वायदों एवं घोषणाओं को ही गीता का सार व नीम की पत्ती बता रहे हैं, जो सब समस्याएं मिटा देगी तथा सब रोगों की दवा है। लेकिन ऐसा होता तो आजादी के अमृतकाल तक पहुंच जाने के बाद भी देश गरीबी, महंगाई, भ्रष्टाचार, अफसरशाही, बेरोजगारी, अशिक्षा, स्वास्थ्य समस्याओं से नहीं जुझता दिखाई देता।**





**ललित गर्ग**
(लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं)

भारत में राष्ट्रीय मतदाता दिवस प्रत्येक वर्ष 25 जनवरी को मनाया जाता है। विश्व में भारत जैसे सबसे बड़े लोकतंत्र में मतदान को लेकर कम होते रुझान को देखते हुए इस दिवस को मनाने की आवश्यकता महसूस हुई और पहली बार इसे वर्ष 2011 में मनाया गया। इसके मनाए जाने के पीछे निर्वाचन आयोग का उद्देश्य था कि देश अधिकतम मतदान को प्रोत्साहन दिया जाये। ह्यमतदाता बनने पर गर्व है, मतदान को तैयार हैंह्ल जैसे नारों के साथ मतदान दिवस मनाने का मुख्य कारण है कि लोगों को मतदान का महत्व बताया जाए ताकि लोग इसके प्रति जागरूक हो और अपने मत का आवश्यकतरूप से उपयोग करते हुए सही उम्मीदवार को चुने। 15वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस-2025 की थीम है ह्यह्यवोट जैसा कुछ नहीं, वोट जरूर डालेंगे हम।ह्लह्ल ऐसा करके ही लोकतंत्र को मजबूती दी जा सकती है। पिछले कुछ वर्षों में इसने मतदान के अधिकार के बारे में जागरूकता बढ़ाने और लोकतांत्रिक मूल्यों को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। विशेषतः युवा मतदाताओं को पंजीकृत करने, उन्हें मताधिकार का उपयोग करने के लिये अग्रसर और प्रेरित करने में इस दिवस की महत्वपूर्ण भूमिका बनी है। चुनाव आयोग इस मंच का उपयोग स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनावों में योगदान देने वाले अधिकारियों, हितधारकों और संगठनों के प्रयासों को मान्यता देने के लिए भी करता है। यह लोकतांत्रिक मील का पत्थर बना है और भारत के लोकतंत्र के 78 वर्षों की यात्रा और चुनावी अखंडता के प्रति इसकी प्रतिबद्धता के लिये इसे जश्न रूप में मनाया जाता है।

किसी भी राष्ट्र के जीवन में चुनाव सबसे महत्त्वपूर्ण घटना होती है। यह एक यज्ञ होता है। लोकतंत्र प्रणाली का सबसे मजबूत पैर होता है। राष्ट्र के प्रत्येक वयस्क के संविधान प्रदत्त पवित्र मताधिकार प्रयोग का एक दिन। इसलिये इस दिन भारत के प्रत्येक नागरिक को अपने राष्ट्र के प्रत्येक चुनाव में भागीदारी की शपथ लेनी चाहिए, क्योंकि भारत के प्रत्येक व्यक्ति का वोट ही देश के भावी भविष्य की नींव रखता है और उन्नत राष्ट्र के निर्माण में भागीदारी निभाता है। सत्ता के सिंहासन पर अब कोई राजपुरोहित या राजगुरु नहीं बैठता अपितु जनता अपने हाथों से तिलक लगाकर नायक चुनती है। लेकिन जनता तिलक किसको लगाये, इसके लिये सब तरह के साम-दाम-दंड अपनाये जा रहे हैं। हर राजनीतिक दल अपने लोकलुभावन वायदों एवं घोषणाओं को ही गीता का सार व नीम की पत्ती बता रहे हैं, जो सब समस्याएं मिटा देगी तथा सब रोगों की दवा है। लेकिन ऐसा होता तो आजादी के अमृतकाल तक पहुंच जाने के बाद भी देश गरीबी, महंगाई, भ्रष्टाचार, अफसरशाही, बेरोजगारी, अशिक्षा, स्वास्थ्य समस्याओं से नहीं जुझता दिखाई देता। ऐसी स्थिति में मतदाता अगर बिना विवेक के आंख मूंदकर मत देगा तो परिणाम उस उक्ति को चरितार्थ करेगा कि ह्वअगर अंधा अंधे को नेतृत्व देगा तो दोनों खाई में गिरेंगे।ह्ल इसलिये यह दिवस मतदाता को जागरूक करने के साथ प्रशिक्षित भी करता है।

भारतीय लोकतंत्र दुनिया का विशालतम लोकतंत्र है और समय के साथ परिपक्व भी हुआ है। बावजूद इसके लोकतंत्र अनेक विसंगतियों एवं विषमताओं का भी शिकार है। मुख्यतः चुनाव प्रक्रिया में अनेक छिद्र हैं, सबसे बड़े लोकतंत्र का सबसे बड़ा छिद्र चुनावों की निष्पक्षता एवं पारदर्शिता को लेकर है। खरीद-फरोख्त, नशा एवं मतदाताओं को लुभाने एवं आकर्षित करने का आरोप भी लोकतंत्र पर बड़े दाग हैं। चुनाव सुधारों की तरफ हम चाह कर भी बहुत तेजी से नहीं चल पा रहे हैं। चुनाव आयोग जैसी बड़ी और मजबूत संस्था की उपस्थिति के बाद भी चुनाव में धनबल, बाहूबल एवं सत्ताबल का प्रभाव कम होने के बजाए बढ़ता ही जा रहा है। ये तीनों ही हमारे प्रजातंत्र के सामने सबसे बड़ा संकट है। इन सब संकटों से मुक्ति के लिये मतदाता की जागरूकता की भूमिका सर्वाधिक महत्वपूर्ण है।

लोकतंत्र का सबसे महत्वपूर्ण पहलू चुनाव है, लोकतंत्र में स्वस्थ मूल्यों को बनाये रखने के साथ उसमें सभी मतदाताओं की सहभागिता को सुनिश्चित करना जरूरी है। इसके लिये चुनाव आयोग का आरईवीएम के प्रयोग का प्रस्ताव सैद्धांतिक तौर पर एक सराहनीय एवं जागरूक लोकतंत्र की निशानी है। क्योंकि आजादी के बाद से ही जितने भी चुनाव हुए है, उनमें लगभग आधे मतदाता अपने मत का उपयोग अनेक कारणों नहीं कर पा रहे हैं, ऐसा हर चुनाव में होता आया है। इसलिए लंबे समय से मांग उठती रही थी कि ऐसे लोगों के लिए मतदान का कोई व्यावहारिक एवं तकनीकी उपाय निकाला जाना चाहिए। उसी के मद्देनजर निर्वाचन आयोग के द्वारा घरेलू प्रवासियों के लिए आरवीएम का प्रस्ताव एक सूझबूझभरा एवं दूरगामी सोच एवं विवेक से जुड़ा उपक्रम है। जरूरत है राजनीतिक दल ऐसे अभिनव उपक्रम का विरोध करने या अवरोध खड़ा करने की बजाय उसका अच्छाइयों को स्वीकार करते हुए स्वागत करें। इनदिनों दिल्ली विधानसभा चुनाव की सरगर्मियां उग्रता पर है और इसमें मुफ्त की रेवडियां बांटने की होड़-सी लगी है। लोकतन्त्र में यह मुफ्त बांटने की मानसिकता एक तरह का राजशाही का अन्दाज ही कहा जायेगा जो लोकतंत्र के मूल्यों के विपरीत है। लोकतंत्र में कोई भी सरकार आम जनता की सरकार ही होती है और सरकारी खजाने में जो भी धन जमा होता है वह जनता से वसूले गये शुल्कया टैक्स अथवा राजस्व का ही होता है। राजशाही के विपरीत लोकतन्त्र में जनता के पास ही उसके एक वोट की ताकत के भरोसे सरकार बनाने की चाबी रहती है। दरअसल, जनता के हाथ की इस चाबी को अपने पक्ष में घुमाने एवं जीत का ताला खोलने के लिये यह मुफ्त की संस्कृति एक राजनीतिक विकृति के रूप में विकसित हो रही है। वृद्धों को मुफ्त धार्मिक यात्रा-पेंशन, युवाओं को रोजगार देने का वायदा, महिलाओं को नगद राशि एवं मुफ्त बस सफर हो या बिजली-पानी या गैस सिलेंडर। हालात यह हो गए है कि इस मामले में लगभग सभी पार्टियों के बीच एक होड़ जैसी लग गई है कि मुफ्त के वादे पर कैसे मतदाताओं से अपने पक्ष में लुभा कर मतदान कराया जा सके। इससे राज्यों का आर्थिक संतुलन लड़खड़ाता है या वे कर्ज में डूबती है तो इसकी चिन्ता किसी भी दल की सरकार को नहीं है। इस बड़े संकट से उबारने का काम मतदाता ही कर सकता है, वह बिना प्रलोभन, लोभ एवं मुफ्त की सुविधाओं के निष्पक्ष मतदान के लिये आगे आये।

# कांग्रेस को तय करनी होगी अपनी प्राथमिकता

**कांग्रेस बचाने की लड़ाई लड़ रहे हैं, जबकि मैं देश बचाने की। राजनीतिक टीका-टिप्पणी से इतर देखें तो सच यही है कि दोनों अपनी राजनीति बचाने की लड़ाई लड़ रहे हैं। जब 2023 में दो दर्जन से भी ज्यादा विपक्षी दलों ने अपना मोर्चा-आइएनडीआइए बनाया था तो मंच पर बैनर टंगा था: यूनाइटेड वी स्टैंड। एक और बैठक में मंच पर स्लोगन लिखा था, जुड़ेगा भारत, जीतेगा इंडिया, लेकिन देश को दिखाए गए उन सपनों का सच डेढ़ साल में सामने आ गया। तनातनी पहले भी दिखती रही, लेकिन दिल्ली विधानसभा चुनाव में बात आर-पार तक पहुंच गई। फिलहाल सीधी जंग कांग्रेस और आप के बीच है, जबकि अन्य घटक दर्शक दीर्घा से अपनी पसंद के पक्ष का उत्साहवर्धन कर रहे हैं। जब चुनावी जंग अन्य राज्यों में पहुंचेगी तो वहां भी ऐसे परिदृश्य की संभावना से इन्कार नहीं। गठबंधन बनने के समय ही यह तथ्य रेखांकित किया गया था कि घटक दलों में मोदी और भाजपा के विरोध के अलावा कोई साझा उद्देश्य नहीं है।**





**राज कुमार सिंह**
(लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं राजनीतिक विश्लेषक हैं)

कांग्रेस का नया चुनावी नारा: हाथ बदलेगा हालात, न हरियाणा में हालात बदल सका और न ही महाराष्ट्र में। हां, उसके नेतृत्व वाले गठबंधन के हालात अवश्य बदल गए। हरियाणा और महाराष्ट्र में हार के बाद आइएनडीआइए के नेतृत्व को लेकर उठे सवालों पर चुप्पी साधने वाली कांग्रेस के दिल्ली विधानसभा चुनाव में तेवर बता रहे हैं कि हाथ ने अपने हालात बदलने का मन बना लिया है। लगभग छह महीने पहले लोकसभा चुनाव में कांग्रेस जिस आप के साथ युगल गीत गाते हुए वोट मांग रही थी, अब वह उसे एंटी नेशनल, भ्रष्ट और धोखेबाज दिखने लगी है। पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री अजय माकन ने अरविंद केजरीवाल को एंटी नेशनल बताते हुए आप से दोस्ती को गलती माना। इसके बाद आप और कांग्रेस के बीच तकरार बढ़ गई। दिल्ली में चुनाव प्रचार शुरू करते हुए राहुल गांधी ने तो केजरीवाल को मोदी की तरह झूठे वादे करने वाला करार दिया। इस पर केजरीवाल ने जवाब दिया कि राहुल कांग्रेस बचाने की लड़ाई लड़ रहे हैं, जबकि मैं देश बचाने की। राजनीतिक टीका-टिप्पणी से इतर देखें तो सच यही है कि दोनों अपनी राजनीति बचाने की लड़ाई लड़ रहे हैं। जब 2023 में दो दर्जन से भी ज्यादा विपक्षी दलों ने अपना मोर्चा-आइएनडीआइए बनाया था तो मंच पर बैनर टंगा था: यूनाइटेड वी स्टैंड। एक और बैठक में मंच पर स्लोगन लिखा था, जुड़ेगा भारत, जीतेगा इंडिया, लेकिन देश को दिखाए गए उन सपनों का सच डेढ़ साल में सामने आ गया। तनातनी पहले भी दिखती रही, लेकिन दिल्ली विधानसभा चुनाव में बात आर-पार तक पहुंच गई। फिलहाल सीधी जंग कांग्रेस और आप के बीच है, जबकि अन्य घटक दर्शक दीर्घा से अपनी पसंद के पक्ष का उत्साहवर्धन कर रहे हैं। जब चुनावी जंग अन्य राज्यों में पहुंचेगी तो वहां भी ऐसे परिदृश्य की संभावना से इन्कार नहीं। गठबंधन बनने के समय ही यह तथ्य रेखांकित किया गया था कि घटक दलों में मोदी और भाजपा के विरोध के अलावा कोई साझा उद्देश्य नहीं है, उलटे उनमें दलगत हितों और महत्वाकांक्षाओं का तल्ख टकराव है। दो लोकसभा चुनावों में हाशिये पर रहे विपक्षी दल तीसरे चुनाव के लिए एक साथ तो आए, पर मकसद पूरा न होने पर वापस अपनी-अपनी राह चलने को बेताब हैं। लोकसभा चुनाव में भी बंगाल, केरल और पंजाब में मित्र दल आपस में ही जोर आजमाइश कर रहे थे। अब यदि दिल्ली में भी कांग्रेस और आप ताल ठोंकते दिख रहे हैं तो आश्चर्य नहीं। दिल्ली में कांग्रेस के तेवरों से साफ है कि मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने से रोकने में नाकामी के बाद उसने शायद अपने पुनरुत्थान के प्रयास का मन बना लिया है। इसमें कोई बुराई नहीं, पर यह काम आसान नहीं। दशकों तक देश और प्रदेशों पर एकछत्र राज करने वाली कांग्रेस की दुर्दशा अचानक नहीं हुई। बेशक उसका ऐतिहासिक चुनावी पराभव 2014 में हुआ, लेकिन अपनी कमजोरियों-गलतियों से वह बहुत पहले से जर्जर होने लगी थी। कांग्रेस लंबे समय से तमिलनाडु और बंगाल में अकेले दम पर चुनाव लड़ने लायक भी नहीं रह गई है। दो बड़े राज्य उत्तर प्रदेश और बिहार उसके शक्ति स्रोत थे, लेकिन अब वहां भी वह दशकों से क्षेत्रीय दलों पर निर्भर है। आंध्र, झारखंड में भी यही स्थिति है। यह सब हाल-फिलहाल नहीं हुआ। दरअसल सत्ता पाने के खेल में कांग्रेस इतनी आत्ममुग्ध हो गई कि संगठन खोखला होता गया। जनाधार वाले क्षत्रपों के बजाय आलाकमान की पर्चियों से मुख्यमंत्री बनने लगे। जैसे नेता आगे बढ़े, उन्होंने वैसे ही कार्यकर्ता भी आगे बढ़ाए। नतीजतन उसकी नींव के पत्थर हिलने लगे। आप समेत ज्यादातर क्षेत्रीय दल न केवल कांग्रेस के बिखरते जनाधार पर खड़े हैं, बल्कि कांग्रेस से ज्यादा मजबूत स्थिति में हैं। देश पर शासन को अपना एकाधिकार समझने वाली कांग्रेस की अहमन्यता उसकी दुर्दशा का सबसे बड़ा कारण है। इसके चलते उसकी रणनीति एक कदम आगे-दो कदम पीछे वाली हो गई। 2013 में आप ने ही दिल्ली की सत्ता से कांग्रेस को बेदखल किया, लेकिन उसने भाजपा को रोकने के लिए उसी की सरकार बनवा दी। फिर भला 2015 और 2020 के चुनाव में मतदाता उस पर कैसे विश्वास करते? अब डेढ़ साल साथ रहने के बाद दोनों फिर आमने-सामने हैं। कांग्रेस सिर्फ दिल्ली में दिशाहीन नहीं रही। जिस उत्तर प्रदेश से चुनाव जीत कर नेहरूजी, इंदिरा गांधी और राजीव गांधी प्रधानमंत्री बने, वहां कांग्रेस कभी सपा से गठबंधन करती रही, तो कभी बसपा से, जबकि दोनों पार्टियां उसके परंपरागत वोट बैंक रहे जनाधार पर खड़ी हैं। जिन अखिलेश यादव की सरकार को जंगलराज बताते हुए राहुल गांधी विरोध में पदयात्रा कर रहे थे, उन्हीं से फिर गठबंधन भी कर लिया। नेताओं के लिए इस तरह मौके के मुताबिक हाथ मिला लेना मुश्किल नहीं होता, पर जो कार्यकर्ता दशकों तक एक-दूसरे के विरुद्ध संघर्ष करते हैं और राजनीतिक विरोध की कीमत चुकाते हैं, वे अचानक कैसे गलबहियां कर युगल गीत गाते हुए मतदाताओं के बीच जाएं? ऐसा नहीं है कि कांग्रेस के लिए सब कुछ खत्म हो चुका है। आखिर भाजपा भी तो दो लोकसभा सीटों से 303 तक पहुंची ही, पर कांग्रेस को अपने हालात बदलने के लिए सबसे पहले यह तय करना होगा कि उसे जुगाड़ से सत्ता चाहिए या फिर संगठनात्मक सक्रियता से जनाधार वापस पाकर अपने बल पर।

# अफगानिस्तान में पश्तूनावली की चेतना

कुलदीप चंद अग्निहोत्री

यही मूल अंतर है जिसे पाकिस्तान के लोग तो शायद समझ रहे हैं, लेकिन अपने राजनीतिक स्वार्थों के कारण वहां के हुक्मरान नहीं समझ रहे। पाकिस्तान के हुक्मरान अपने देश के लोगों को इस्लाम के नाम पर उनकी सनातन सांस्कृतिक चेतना से तोड चाहते हैं। पश्तून इसके लिए तैयार नहीं हैं। न तो डूरंड रेखा के इस ओर के पश्तून और न ही उस ओर के पश्तून। यही कारण है कि दशकों तक तालिबान की मदद के बावजूद आज फिर पाकिस्तान और अफगानिस्तान की तालिबान सरकार आमने-सामने हैं और और भारत के विदेश सचिव विक्रम मिसरी तालिबान सरकार के विदेश मंत्री से सार्थक बातचीत कर रहे हैं। पाकिस्तान को पश्तूनावली की सांस्कृतिक चेतना को पहचानना होगा। यही कारण है कि विपरीत परिस्थितियों के बावजूद पश्तून अपने आपको पाकिस्तान की बजाय भारत के ज्यादा नजदीक समझता हैह्व अफगानिस्तान की सरकार को किसी भी देश की सरकार ने मान्यता नहीं दी है। चीन सरकार पिछले कुछ अरसे से जरूर उससे पींघे बढ़ा रही थी। पाकिस्तान पिछले लंबे अरसे से अफगानिस्तान को अपने इलाके का पिछवाड़ा मान कर उसके साथ व्यवहार कर रहा था। उसका प्रमुख कारण अफगानिस्तान की भू-राजनीतिक स्थिति कही जा सकती है। अफगानिस्तान पर रूस के हमले ने पाकिस्तान की स्थिति प्रासंगिक बना दी थी। अमेरिका को हर हालत में मध्य एशिया के इस अंतिम देश, जो अभी तक रूस की छत्रछाया में आने से बचा हुआ था, उसको रूस की इस प्रेतछाया से मुक्त करना था। उसे इसके लिए पाकिस्तान का साथ चाहिए था। उसके लिए अमेरिका ने पैसा और हथियार दिया और पाकिस्तान ने पश्तूनों (पठानों) को नए हथियारों का प्रशिक्षण दिया। तालिबान के नाम से पश्तून योद्धाओं की एक नई पौध तैयार हो गई। इसकी तैयारी और प्रशिक्षण में इस्लाम को केन्द्र बनाया गया। यानी रूस के हमले से अफगानिस्तान खतरे में पड गया है। किसी ने यह सवाल नहीं पूछा कि अफगानिस्तान में इस्लाम की रक्षा के लिए आखिर अमेरिका इतना व्याकुल क्यों है? खैर, रूस ने तो अफगानिस्तान को छोड़ दिया। फिर नई सरकार बनी जिस पर आरोप था कि वह अमेरिका की समर्थक है। तालिबान के प्रशिक्षण में जो पाठयक्रम पढ़ाया गया था, उसमें देश की रक्षा के साथ-साथ इस्लाम की रक्षा के भी अध्याय थे। अमेरिका जिस पश्चिमी सभ्यता का रहनुमा है, वह इस्लाम विरोधी है, इसकी भनक भी तालिबान को अब तक लग चुकी थी। इसलिए तालिबान का नया निशाना नई सरकार ही थी। अमेरिका को यह नई सरकार बनानी ही थी ताकि उसका वर्चस्व अफगानिस्तान में बना रहे। उसे इस देश को नियंत्रण में रखना था, जहां तीन साम्राज्य भारत, चीन और रूस मिलते हैं। अब उसे फिर पाकिस्तान की जरूरत थी। इस बार अफगानिस्तान के शहरों में केवल अमेरिका की फौजें ही नहीं थीं, बल्कि उसके साथ अमेरिका के सहयोगी यूरोप के अन्य देशों की फौजें भी थीं। पाकिस्तान की स्थिति और भी प्रासंगिक हो गई। वह ओसामा बिन लादेन को छिपा भी रहा था और मरवा भी रहा था। तालिबान को भी पाकिस्तान की जरूरत थी। अमेरिका को तो थी ही। लेकिन इस लम्बी लड़ाई में जब हर रोज अमेरिकी सैनिकों के ताबूत वाशिंगटन डीसी में पहुंचने लगे तो अमेरिका के लोग ही नक्शे में अफगानिस्तान की तलाश करने लगे और उसे अमेरिका से इतनी दूर देख कर सवाल करने लगे कि आखिर इतने दूर के देश में हम अपने जिंदा सैनिकों को लाशें में, क्या प्राप्त करने के लिए तबदील कर रहे हैं? इस सवाल का जवाब सरकार के लिए आम जनता को देना मुश्किल था। जब जवाब देना मुश्किल हो गया तो ह्यसैम अंकलह्ल ने पश्तूनों के देश से निकल आने का ही फैसला कर लिया। जाहिर है वे सत्ता तालिबान को सौंप कर ही आते। तालिबान से समझौता करने में फिर पाकिस्तान की जरूरत थी। अपने सारे हथियार वहीं छोडकर अमेरिका तो 2021 में काबुल से चला गया। अब राष्ट्रपति अब्दुल गनी की सरकार और तालिबान की सेना आमने-सामने थी। जाहिर है पाकिस्तान तालिबान के साथ था या यूं कहा जा सकता है कि वह अब्दुल की सरकार को उखाडकर पाकिस्तान समर्थक सरकार बनाने का प्रयास कर रहा था। अगस्त 2021 में अब्दुल गनी को भागना पड़ा और काबुल में तालिबान की सरकार बन गई, जिसे पाकिस्तान गलती से अपनी सरकार मानने लगा। अपनी सरकार यानी भारत विरोधी सरकार। दरअसल काबुल की सरकार को वह अपनी सरकार दो कारणों से मान रहा था। पहला कारण तो यह था कि पाकिस्तान ने तालिबान का निर्माण किया था और दूसरा यह कि तालिबान भी इस्लाम की रक्षा के लिए लड़ रहा था और पाकिस्तान का तो जन्म ही इस्लाम की रक्षा के लिए हुआ था। सब देशों ने अपने दूतावास काबुल में बंद कर दिए। भारत ने प्रतीकात्मक रूप से अपना दूतावास बनाए रखा।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com

राष्ट्रीय दैनिक
प्रात:किरण
नई दिल्ली, शनिवार, 25 जनवरी, 2025



## संक्षिप्त खबरें

### सपाइयों ने मनाई कपूरी ठाकुर की जयंती

अमरोहा। सपा जिला कार्यालय पर शुक्रवार को समाजवादी चिंतक कपूरी ठाकुर की जयंती मनाई गई। जिलाध्यक्ष मस्तराम सिंह यादव ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर नमन किया।

कहा की बिहार के 11वें मुख्यमंत्री कपूरी ठाकुर स्वतंत्रता सेनानी, शिक्षक, पिछड़े और दलितों के लोकप्रिय नेता रहे। उन्हें जननायक कहा गया।

अल्पसंख्यक सभा के प्रदेश सचिव मुमताज खां ने भी उनके जीवन वृतांत की जानकारी दी।

इस दौरान सलमान, राधेलाल रघुवंशी, संतराम सिंह यादव, मुमताज खां, जितांबर सिंह यादव, ऋषिपाल सिंह, डा.ओमपाल, डा.शाहरुख खां, अली वारिस, मोहम्मद अकरम, रविपाल चिकारा, रविंद्र कुमार यादव, मलखान सिंह यादव, दीपक यादव आदि रहे।

### दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार 28 से शुरू

अमरोहा। जेएस हिन्दू पीजी कॉलेज एवं उत्तर प्रदेश हिन्दी संस्थान लखनऊ के संयुक्त संयोजन में 28 जनवरी से दो दिवसीय लोक साहित्य एवं संस्कृति के विविध आयाम विषयक राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन होगा।

शुक्रवार को सेमिनार की तैयारियों को लेकर कालेज परिसर में बैठक की गई।

संयोजक डा. बबलू सिंह ने बताया कि सेमिनार में देशभर 300 से अधिक विद्वान पहुंचेंगे।

सभी अपने वक्तव्य से लोक साहित्य एवं संस्कृति के विविध आयामों पर मंथन करेंगे।

इस दौरान प्रोफेसर अनिल रायपुरिया, प्रो.बीना रुस्तगी, निखिल कुमार दास आदि रहे।

### 44700 हेक्टेयर पर होगी बसंतकालीन गन्ना बुआई

अमरोहा। गन्ना विकास विभाग ने चीनी मिलों को बंसतकालीन गन्ना बुआई के लिए कुल 44700 हेक्टेयर का लक्ष्य निर्धारित किया है।

लक्ष्य के सापेक्ष 1857733 कुंतल बीज उपलब्ध है।

किसानों की सहायता को कंट्रोल रूम नंबर 7078577200 को भी सुचारू कर दिया गया है।

डीसीओ मनोज कुमार कुमार की अध्यक्षता में शुक्रवार को बसंतकालीन गन्ना बुआई को लेकर बैठक हुई।

विशेषज्ञों ने गन्ने की नई प्रजाति की बुआई करने से बेहतर उत्पादन मिलने की बात कही।

पुरानी प्रजाति का गन्ना छोड़ने की अपील की गई ताकि उत्पादन व गुणवत्ता बेहतर मिल सके।

किसानों से उन्नतशील गन्ना प्रजातियों की बुआई करने की अपील की गई।

8272, 1503 व 8420 समेत अन्य उन्नतशील प्रजातियों की बसंतकालीन गन्ना बुआई का समय करीब बताया गया।

पुरानी प्रजाति 5191 व 0238 की बुआई छोड़ने पर जोर दिया गया।

कहा कि इससे मिल और गन्ना किसान दोनों को फायदा होगा।

# उत्तर प्रदेश के स्थापना दिवस पर राज्य को विकसित व आत्मनिर्भर बनाने का संकल्प लें : आदित्यनाथ


प्रात : किरण संवाददाता



लखनऊ,। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को प्रदेश वासियों को राज्य के 76वें स्थापना दिवस की बधाई दी और मिलकर उत्तर प्रदेश को विकसित-आत्मनिर्भर प्रदेश बनाने का संकल्प लेने का आह्वान किया। मुख्यमंत्री ने एक्स पर बधाई संदेश में कहा,रघुकुलनंदन प्रभु श्री राम एवं योगेश्वर श्रीकृष्ण की पावन जन्मस्थली, बाबा श्री विश्वनाथ के आशीर्वाद से अभिसिंचित, सृजन, संस्कृति, संस्कार व शौर्य की गौरवशाली धरा उत्तर प्रदेश के 76वें स्थापना दिवस की प्रदेश वासियों को हार्दिक बधाई! उन्होंने कहा आदरणीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के मार्गदर्शन में नए भारत का ग्रोथ इंजन नया उत्तर प्रदेश विकास, सुरक्षा और सुशासन के नित नए मापदंड स्थापित कर रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा,आइए, हम सब मिलकर उत्तर प्रदेश को विकसित-आत्मनिर्भर प्रदेश बनाने का संकल्प लें। उप्र के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने भी एक्स पर अपने पोस्ट में लिखा,उन्नति के रथ पर, बदलाव के पथ पर उत्तार प्रदेश मयार्दा पुरूषोत्तम श्री राम व लीलाधर श्री कृष्ण की जन्मभूमि, महाकुम्भ की धरती तथा विविधता में एकता को समेटे लोक कला, संस्कृति, धर्म, संस्कार एवं अपने ऐतिहासिक शौर्य गाथा से परिपूर्ण वीर धरा हमारे उत्तर प्रदेश के स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं। मौर्य ने कहा,प्रधानमंत्री मोदी जी के कुशल मार्गदर्शन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार निरंतर आप सभी के विकास, समृद्धि एवं खुशहाली के लिए संकल्प बद्ध है। उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने स्थापना दिवस की बधाई देते हुए एक्स पर कहा मयार्दा पुरूषोत्तम श्री राम व लीलाधर श्री कृष्ण की जन्मभूमि, महाकुम्भ की धरती तथा संस्कृति, धर्म, संस्कार एवं अपने ऐतिहासिक शौर्य गाथा से परिपूर्ण वीर धरा हमारे उत्तर प्रदेश के स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं। उत्तर प्रदेश का गठन 24 जनवरी 1950 को हुआ था, लेकिन इसका स्थापना दिवस 2018 से मनाया जा रहा है। उत्तर प्रदेश के तत्कालीन राज्यपाल राम नाइक की पहल पर इसकी शुरूआत हुई। मार्च 2017 में योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी नीत सरकार बनने के कुछ माह बाद ही सरकार ने स्थापना दिवस समारोह मनाने की घोषणा की थी और अगले वर्ष से लगातार यह समारोह आयोजित किया जा रहा है। उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस के अवसर पर पूर्व राज्यपाल राम नाईक ने उत्तर प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभाकामना और बधाई दी है। एक बयान में कहा गया है,नाइक जब उत्तर प्रदेश के राज्यपाल थे तब उनके सुझाव पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार ने प्रति वर्ष 24 जनवरी को उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस मनाने का निर्णय किया था। बयान में नाइक के हवाले से कहा गया है,लगातार आठ से इस तरह उत्तर प्रदेश दिवस मनाने वाले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व उनकी सरकार अभिनंदन की हकदार है।

## कांग्रेस पार्टी के युवा नेता सैफ मंसूरी ने राज्यसभा सांसद इमरान प्रतापगढ़ी से की मुलाकात

प्रात : किरण संवाददाता, नादिर त्यागी



बिजनौर। शेरकोट नगर के मोहल्ला खुराड़ा निवासी कांग्रेस पार्टी के युवा नेता एवं पूर्व ज़िला महासचिव कांग्रेस सोशल मीडिया विभाग के सैफ मंसूरी ने राज्यसभा सांसद एवं कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष इमरान प्रतापगढ़ी से मुलाकात की सैफ मंसूरी ने दिल्ली कांग्रेस कार्यालय पर इमरान प्रतापगढ़ी से मुलाकात की सैफ मंसूरी ने कहा इमरान प्रतापगढ़ी जी एक बहुत ही अच्छे इंसान है और वह गरीबों किसानों व दबे कुचलो की आवाज है और वह युवा दिलों की धड़कन भी है। सैफ मंसूरी ने कहा उनसे पहली बार मिलकर ऐसा नहीं लगा कि यह मेरी पहली मुलाकात है। सैफ मंसूरी ने कहा हमारा भारत देश में सभी मुल्कों से अलग पहचान रखता है इस मुल्क को अपने खून से सींच कर सभी मजहब के लोगों ने योगदान दिया और कांग्रेस पार्टी का विशेष योगदान रहा सैफ मंसूरी ने कहा इस मुल्क में जिस तरह कांग्रेस ने सरकार चलाई है वह अपने आप में मिसाल है वर्तमान सरकार बीजेपी ने लोगों को गुमराह करने का काम किया और इस देश को बेचने का काम किया। सैफ मंसूरी की इस मुलाकात में दिल्ली विधानसभा चुनाव को लेकर अहम मुद्दे पर चर्चा हुई सैफ मंसूरी ने कहा दिल्ली में जिस तरह कांग्रेस पार्टी का चुनाव चल रहा है कांग्रेस पार्टी की बहुमत से सरकार बनेगी दिल्ली की जनता एक बार फिर शीला दीक्षित जी की वापसी चाहती है और जनता राहुल गांधी जी के संघर्ष के साथ है।

## दूसरों को चुनौती देनेवाले मथुरा से गुजरती यमुना में आचमन करके दिखा दें: योगी पर अखिलेश का तंज



प्रात : किरण संवाददाता

लखनऊ,। समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा आम आदमी पार्टी के प्रमुख अरविंद केजरीवाल को यमुना नदी में दिल्ली सरकार के मंत्रियों के साथ नहाने की चुनौती देने के एक दिन बाद शुक्रवार को उन पर तंज किया है। सपा प्रमुख ने एक्स पर बिना किसी का नाम लिए एक पोस्ट में कहा,दूसरों को चुनौती देनेवाले अपने प्रदेश में मथुरा से गुजरती यमुना जी में आचमन करके दिखा दें। यादव की इस टिप्पणी को योगी आदित्यनाथ पर इसलिए तंज माना गया क्योंकि दिल्ली की एक चुनावी जनसभा में योगी आदित्यनाथ ने केजरीवाल को सीधी चुनौती दी थी,मैंने अपने मंत्रिमंडल के सदस्यों के साथ कुंभ में स्नान किया क्या आप प्रमुख अरविंद केजरीवाल अपने मंत्रियों के साथ यमुना में नहा सकते हैं। यमुना नदी को गंदे नाले में तब्दील करने का आरोप लगाते हुए योगी आदित्यनाथ ने कहा था,अगर उनमें कोई नैतिक साहस है तो उन्हें जवाब देना चाहिए। बुधवार को उत्तर प्रदेश के योगी आदित्यनाथ मंत्रिमंडल के सदस्यों ने प्रयागराज में संगम में डुबकी लगायी थी।

## अयोध्या में प्रशासनिक अधिकारियों की तैनाती में पीडीए की सिर्फ 20 प्रतिशत हिस्सेदारी : अखिलेश यादव

प्रात : किरण संवाददाता



लखनऊ,। समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने शुक्रवार को प्रशासनिक अधिकारियों की तैनाती में पक्षपात का आरोप लगाते हुए दावा किया कि जो पीडीए संख्या में 90 प्रतिशत है उसकी अयोध्या जिले (के प्रशासनिक महकमे) में हिस्सेदारी केवल 20 प्रतिशत है। अयोध्या जिले के मिल्कीपुर विधानसभाक्षेत्र में पांच फरवरी को उपचुनाव है। इस सिलसिले में शुक्रवार को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ वहां एक जनसभा को संबोधित कर रहे हैं। सपा प्रमुख ने योगी की चुनावी जनसभा के कुछ घंटे पहले एक्स पर एक पोस्ट में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार पर गंभीर आरोप लगाए। यादव ने लिखा,भाजपा राज में पक्षपात का उल्टा गणित है : जो पीडीए समाज में 90 प्रतिशत है, अयोध्या में प्रशासनिक नियुक्तियों में उस पीडीए की हिस्सेदारी केवल 20 प्रतिशत के करीब है ह्व उन्होंने यह भी लिखा,और जिनकी संख्या 10 प्रतिशत है, उन प्रभुत्ववादियों को प्रशासनिक पदों पर 80 प्रतिशत नियुक्तियाँ मिली हुई हैं। और कुछ नहीं कहना है। सपा प्रमुख ने इसी पोस्ट में अयोध्या में प्रशासनिक अधिकारियों की तैनाती का एक स्केच भी साझा किया जिसमें कुल 13 पदों में तीन पदों पर पीडीए के लोगों की तैनाती का ज़िक्र है। इसके पहले पिछले शुक्रवार को यादव ने अपने एक्स खाते पर अयोध्या में तैनात पुलिस अधिकारियों के ब्योरे का एक स्केच साझा किया था, जिसमें उन्होंने दावा किया था कि कुल 19 पुलिस अधिकारियों में सिर्फ तीन पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) अधिकारी हैं। सपा के अवधेश प्रसाद के फैजाबाद (अयोध्या) से सांसद चुने जाने के बाद मिल्कीपुर विधानसभा सीट रिक्त हुई। प्रसाद 2022 के विधानसभा चुनाव में मिल्कीपुर से निर्वाचित हुए थे। मिल्कीपुर विधानसभा उपचुनाव के लिये पांच फरवरी को मतदान है और मतों की गिनती आठ फरवरी को होगी। भाजपा ने मिल्कीपुर विधानसभा उपचुनाव के लिए चंद्रभान पासवान को अपना उम्मीदवार बनाया है, जबकि समाजवादी पार्टी ने फैजाबाद के सांसद अवधेश प्रसाद के बेटे अजीत प्रसाद को मैदान में उतारा है। कांग्रेस ने अपना उम्मीदवार नहीं उतारकर समाजवादी पार्टी (सपा) के उम्मीदवार का समर्थन करने का फैसला किया है, जो इंडिया गठबंधन का एक घटक दल है।

## हिंदू पीजी कॉलेज में यूपी दिवस पर गोष्ठी आयोजित

प्रात : किरण संवाददाता

अमरोहा। साहू जगदीश सरन कल्चरल क्लब जेएस हिन्दू पीजी कॉलेज के संयोजन में उत्तर प्रदेश दिवस पर विकास व विरासत प्रगति पथ पर उत्तर प्रदेश थीम पर गोष्ठी का आयोजन किया गया। प्राचार्य प्रो.वीर वीरेंद्र सिंह ने कहा कि उत्तर प्रदेश असीम संभावनाओं का क्षेत्र है। युवाओं एवं विद्यार्थियों को इसकी प्रगति में अपना योगदान देना चाहिए। कहा कि प्रदेश में शैक्षिक स्तर पर नए कीर्तिमान स्थापित किए गए हैं, जिससे छात्र-छात्राओं को बेहतर शिक्षण सुविधा के बाद प्रगति के नए अवसर सुलभ हुए हैं। डा. मोहम्मद तारिक ने शायरी के माध्यम से प्रदेश की सांस्कृतिक विरासत की जानकारी दी। प्रो.बीना रूस्तगी, प्रो. अनिल रायपुरिया, डा. बबलू सिंह, डा. निखिल कुमार दास आदि ने भी विचार रखे। संचालन क्लब प्रभारी डा. अरविंद कुमार ने किया।

## माता-पिता लड़कियों को बोझ न समझें : डीएम



प्रात : किरण संवाददाता

अमरोहा। डीएम निधि गुप्ता की अध्यक्षता में शुक्रवार को कलक्ट्रेट सभागार में राष्ट्रीय बालिका दिवस पर बालिका सुरक्षा, स्वालंबन एवं सम्मान के दृष्टिगत संवेदीकरण कार्यशाला हुई। सीएमओ डॉ. सत्यपाल सिंह समेत स्वास्थ्य विभाग के चिकित्सक, अल्ट्रासाउंड सेंटर संचालक मौजूद रहे। घटते लिंगानुपात पर चिंता जताई गई। लड़का-लड़की के प्रति समानता का भाव रखने पर जोर दिया गया। डीएम ने सभी को राष्ट्रीय बालिका दिवस की शुभकामना दीं। कहा कि किसी भी स्थिति में लड़कियां, लड़कों से कम नहीं है। आज हर क्षेत्र में लड़कियां बेहतर प्रदर्शन कर रही हैं। माता-पिता लड़कियों को बोझ न समझे, उनको लड़कों के समान ही दर्जा दें। बाल विवाह, लिंग परीक्षण की सूचना पर कड़ी कार्रवाई करने की बात कही। इस दौरान संबंधित अधिकारी एवं चिकित्सक मौजूद रहे।

## मुलायम सिंह पर टिप्पणी को लेकर हनुमानगढ़ी के पुजारी के खिलाफ मानहानि मामले में सुनवाई 17 फरवरी को

प्रात : किरण संवाददाता



वाराणसी, । समाजवादी पार्टी (सपा) के संस्थापक दिवंगत मुलायम सिंह के बारे में आपत्तिजनक टिप्पणी करने के आरोप में हनुमानगढ़ी मंदिर के पुजारी राजू दास के खिलाफ दायर मानहानि मामले में वाराणसी की एक अदालत 17 फरवरी को सुनवाई करेगी। मुकदमा दायर करने वाले अधिवक्ता प्रेम प्रकाश यादव ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। यादव ने कहा, राजू दास ने गरीबों के मसीहा मुलायम सिंह के बारे में अपमानजनक टिप्पणी की, जिससे लोगों की भावनाएं आहत हुईं। इस सिलसिले में वाराणसी सिविल अदालत में एक याचिका दायर की गई। अदालत ने याचिका का संज्ञान लिया और सुनवाई के लिए 17 फरवरी की तारीख तय की। यादव ने कहा, हम चाहते हैं कि अदालत राजू दास को सख्त सजा दे, ताकि अन्य लोग महान नेताओं के खिलाफ ऐसी टिप्पणी करने से बचें। सपा प्रवक्ता मनोज राय धूपचंडी ने कहा,पार्टी कार्यकताओं ने राजू दास के खिलाफ शिकायत दर्ज कराने के लिए वाराणसी के पुलिस आयुक्त से संपर्क किया था। हालांकि,हमारी शिकायत पर कोई कार्रवाई नहीं की गई। अब अदालत ने मामला स्वीकार कर लिया है, लेकिन वाराणसी पुलिस को भी उनके खिलाफ उचित कार्रवाई करनी चाहिए। महंत राजू दास ने हाल ही में सोशल मीडिया मंच एक्स पर महाकुंभ में एक शिविर में स्थापित मुलायम सिंह की प्रतिमा को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणी की थी।

## भाजपा नेता निखिल जैन से मिला अंबेडकर स्मारक समिति का प्रतिनिधिमंडल

### अंबेडकर पार्क अमरोहा की शान: निखिल जैन



प्रात : किरण संवाददाता

अमरोहा। बाबा साहेब डा० भीमराव अंबेडकर स्मारक समिति (रजि.) अमरोहा के सदस्यगण प्रबंध समिति के अध्यक्ष पंडित हेतराम सागर एवं डा० मेवा सिंह के नेतृत्व में भाजपा नेता निखिल जैन से मिले तथा अंबेडकर पार्क नवनिर्माण की सुंदर कार्य योजना बनवाकर पार्क के नवीनीकरण के लिए हृदय से आभार प्रकट कर भविष्य में पूर्ण सहयोग का भरोसा दिया तथा अंबेडकर पार्क समिति के सदस्यों ने भाजपा नेता निखिल जैन के कार्य की भूरी भूरी प्रशंसा की। बाबा साहेब डा० भीमराव अंबेडकर स्मारक प्रबंध समिति (रजि.) अमरोहा के प्रतिनिधि मंडल को संबोधित करते हुए कहा कि भारत रत्न बाबा साहेब डा० भीमराव अंबेडकर जी सभी के थे उनको सबको चिंता थी । उन्होंने सभी के लिए कार्य किया आईए हम सब आधुनिक भारत के निमार्ता परम पूज्य बाबा साहेब डा० भीमराव अंबेडकर जी के सिद्धांतों आदर्शो पर चलते हुए एक मजबूत भारत का निर्माण करे। इस अवसर पर पंडित हेतराम सागर, डा० मेवा सिंह, नत्थू सिंह आर्य, शिवलाल आर्य, चंद्रपाल सिंह, डा० मुनेंद्र मोहन, संजू जाटव,पूर्व चेयरमैन अतुल कुमार जैन, सत्यप्रकाश, हरिदास सागर, चौधरी महेंद्र सिंह आदि सदस्यगण मौजूद रहे ।

## बेटियां ईश्वर का उपहार हैं, संस्कारों का विस्तार हैं: योगी आदित्यनाथ

प्रात : किरण संवाददाता



लखनऊ,। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को राष्ट्रीय बालिका दिवस की बधाई देते हुए कहा कि बेटियां ईश्वर का उपहार हैं, संस्कारों का विस्तार हैं। मुख्यमंत्री योगी ने एक्स पर पोस्ट किए गए अपने बधाई संदेश में कहा कि बेटियां ईश्वर का उपहार हैं, संस्कारों का विस्तार हैं। इसी पोस्ट में उन्होंने कहा,आज राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर सभी माताओं-बहनों का अभिनंदन एवं प्रदेश वासियों को हार्दिक बधाई! योगी ने भरोसा दिलाया, ह्यह्यडबल इंजन की सरकार सुरक्षा कवच के रूप में सदैव मातृशक्ति के साथ है। आपकी प्रगति, उन्नति एवं आपका सशक्तिकरण हमारी प्रतिबद्धता है। राष्ट्रीय बालिका दिवस भारत में हर वर्ष 24 जनवरी को मनाया जाता है जिसकी शुरूआत महिला और बाल विकास मंत्रालय ने वर्ष 2008 में की थी। मोदी सरकार ने विभिन्न पहलों से बाल लिंगानुपात को बढ़ाने और लड़कियों को सशक्त बनाने के लिए 2015 में 22 जनवरी को अपनी महत्वाकांक्षी ह्यबेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना शुरू की।

### बरेली में तीन दिन से लापता युवक का शव मिला, अवैध संबंध के कारण हत्या का अंदेशा

बरेली। बरेली जिले के सीबीगंज थाना इलाके के एक गांव में तीन दिनों से लापता युवक का शव सरसों के खेत से पुलिस ने बरामद किया। पुलिस के एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। बरेली के पुलिस अधीक्षक (नगर) मानुष पारीक ने बताया कि सीबीगंज थाना क्षेत्र के परधौली निवासी लोकेश कुमार गंगवार (38) का शव बृहस्पतिवार को एक ग्रामीण की सूचना पर पुलिस ने गांव में ही सरसों के खेत से बरामद किया। उन्होंने बताया कि गंगवार एक महिला से दुष्कर्म के मामले में जेल भी जा चुका था और इन दिनों जमानत पर था। पारीक ने बताया कि एक महिला से उसके अवैध संबंध की सूचना है। महिला के पति से भी उसका विवाद चल रहा था। पुलिस ने महिला के पति समेत तीन लोगों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है।

## उत्तर प्रदेश के स्थापना दिवस पर राज्य को विकसित व आत्मनिर्भर बनाने का संकल्प लें: योगी आदित्यनाथ

प्रात : किरण संवाददाता



लखनऊ,। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को प्रदेश वासियों को राज्य के 76वें स्थापना दिवस की बधाई दी और मिलकर उत्तर प्रदेश को विकसित-आत्मनिर्भर प्रदेश बनाने का संकल्प लेने का आह्वान किया। मुख्यमंत्री ने एक्स बधाई संदेश में कहा,रघुकुलनंदन प्रभु श्री राम एवं योगेश्वर श्रीकृष्ण की पावन जन्मस्थली, बाबा श्री विश्वनाथ के आशीर्वाद से अभिसिंचित, सृजन, संस्कृति, संस्कार व शौर्य की गौरवशाली धरा उत्तर प्रदेश के 76वें स्थापना दिवस की प्रदेश वासियों को हार्दिक बधाई! उन्होंने कहा आदरणीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के मार्गदर्शन में नए भारत का ग्रोथ इंजन नया उत्तर प्रदेश विकास, सुरक्षा और सुशासन के नित नए मापदंड स्थापित कर रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा,आइए,हम सब मिलकर उत्तर प्रदेश को विकसित-आत्मनिर्भर प्रदेश बनाने का संकल्प लें। उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने भी एक्स पर अपने पोस्ट में लिखा, उन्नति के रथ पर, बदलाव के पथ पर उत्तौर प्रदेश मयार्दा पुरूषोत्तम श्री राम व लीलाधर श्री कृष्ण की जन्मभूमि, महाकुम्भ की धरती तथा विविधता में एकता को समेटे लोक कला, संस्कृति, धर्म, संस्कार एवं अपने ऐतिहासिक शौर्य गाथा से परिपूर्ण वीर धरा हमारे उत्तर प्रदेश के स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं। मौर्य ने कहा,प्रधानमंत्री मोदी जी के कुशल मार्गदर्शन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार निरंतर आप सभी के विकास, समृद्धि एवं खुशहाली के लिए संकल्प बद्ध है। उत्तर प्रदेश का गठन 24 जनवरी 1950 को हुआ था, लेकिन इसका स्थापना दिवस 2018 से मनाया जा रहा है। उत्तर प्रदेश के तत्कालीन राज्यपाल राम नाइक की पहल पर इसकी शुरूआत हुई। मार्च 2017 में योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी नीत सरकार बनने के कुछ माह बाद ही सरकार ने स्थापना दिवस समारोह मनाने की घोषणा की थी और अगले वर्ष से लगातार यह समारोह आयोजित किया जा रहा है।

## सदर विधायक महबूब अली ने की चादर पोशी



प्रात : किरण संवाददाता

अमरोहा ।पूर्व कैबिनेट मंत्री, सदर विधायक/लोक लेखा समिति के चेयरमैन महबूब अली ने हजरत सैयद शफुद्दीन शाहविलायत सौहरवर्दी रह0 के 682 वे सालाना उर्स के मौके पर दरगाह शाहविलायत मे पहुंचकर चादर पोशी की और मुल्क व मिल्लत के लिये अमन व तरक्की की दुआ की। यह मजार बिजनौर रोड अमरोहा जनपद अमरोहा में स्थित है और पूरे भारत मे मशहूर व मारूफ है जहाँ पर हजारो की तादात मे हिन्दू मुस्लिम सिख व ईसाई मुल्क के कोने कोने से जायरीन आते है तथा भाईचारे की मिसाल पेश करते है जो लोग मुल्क की अमन चैन खराब करना चाहते है यहाँ आकर हिन्दू-मुस्लिम एकता को देख सकते है यहाँ पर जायरीनो के आने का सिलसिला वैसे तो पूरे साल रहता है मगर उर्स मुबारक के मौके पर यहाँ की रोनक देखने लायक होती है। जहाँ पर जायरीन अपने दिल की मुरादे पाते है। इस मौके पर परवेज अली पूर्व सदस्य विधान परिषद (मुरादाबाद-बिजनोर) हसन शुजा प्रबंधक दरगाह कमेटी, शुजाउल हसन नकवी, इमरान पहलवान, आलेमीन सैफी, आदिल मलिक, मुख्तार नकवी तथा सैकड़ो की संख्या मे जायरीन मोजूद रहे।

## धर्म और सरकार के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी के आरोप में दो शिक्षक निलंबित

महराजगंज,। महराजगंज जिले में सरकारी विद्यालयों में तैनात दो शिक्षकों को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी (बीएसए) ने निलंबित कर दिया जबकि दो अन्य शिक्षकों को आरोप पत्र जारी किया गया है। एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि सोशल मीडिया पर सरकार और धर्म के खिलाफ कथित आपत्तिजनक टिप्पणी करने के आरोप में इन शिक्षकों पर यह कार्रवाई की गयी। जिलाधिकारी अनुनय झा के निर्देश पर बीएसए प्रदीप कुमार शर्मा ने इनमें से दो शिक्षकों को निलंबित कर दिया है, जबकि अन्य दो शिक्षकों को आरोप पत्र जारी किया गया है। उन्होंने बताया कि सोशल मीडिया पर सक्रियता के चलते इन शिक्षकों की टिप्पणियों ने प्रशासन का ध्यान खींचा। शर्मा ने बताया कि जांच में पाया गया कि जिले के कम्पोजिट विद्यालय निपनिया भगवानपुर (निचलौल) के सहायक अध्यापक हरेराम गौतम और कम्पोजिट विद्यालय शाहपुर (नौतनवा) के सहायक अध्यापक अब्दुल हक खान सरकार और धर्म से जुड़ी आपत्तिजनक टिप्पणी कर रहे थे। जिलाधिकारी की पुष्टि के बाद दोनों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया। उन्होंने बताया कि चकदह लालपुर नौतनवा के सहायक अध्यापक हरिंद्र गौतम और कम्पोजिट विद्यालय भैंसहिया के सहायक अध्यापक देवेंद्र नाथ पर भी आपत्तिजनक पोस्ट करने का आरोप है। दोनों को जिलाधिकारी की ओर से आरोप पत्र जारी किया । गया है और उनके खिलाफ जांच चल रही है। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने बताया कि जिलाधिकारी द्वारा जांच कमेटी की पुष्टि के बाद दो शिक्षकों को निलंबित कर दिया गया है और मामले में अग्रिम कार्रवाई जारी है।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें

@Pratahkiran www.pratahkiran.com

राष्ट्रीय दैनिक प्रातःकिरण

नई दिल्ली, शनिवार, 25 जनवरी, 2025




## संक्षिप्त खबरें

### चोरी की बाइक समेत एक गिरफ्तार

ग्रेटर नोएडा, । सूरजपुर पुलिस ने एनटीपीसी कंपनी की पीछे वाली सड़क से शुक्रवार की सुबह अंकित उर्फ बुलेट को गिरफ्तार किया। आरोपी मूलरूप से बिहार का रहने वाला है और फिलहाल लखनावली गांव में किराये के मकान में रहता है। पुलिस ने उसके कब्जे से चोरी की बाइक बरामद की। यह बाइक आरोपी ने 25 नवंबर को लखनावली से चोरी की थी।

### ट्रिनिटी स्पोर्ट्स मीट का समापन

ग्रेटर नोएडा, । ट्रिनिटी स्पोर्ट्स मीट सीजन-1 का शुक्रवार को समापन हो गया। ट्रिनिटी प्रीमियर क्रिकेट और खो-खो लीग में राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के 50 स्कूलों की टीमों ने भाग लिया। क्रिकेट मैच में भारतीय आदर्श इंटर कॉलेज की टीम, खो-खो में जीसस मैरी कॉन्वेंट स्कूल ग्रेटर नोएडा की टीम विजेता रही। विजेता और उपविजेता टीमों को मुख्य अतिथि श्रेया टंडन, लक्ष्य टंडन व संस्थान के निदेशक प्रोफेसर डॉ. अभिनव बक्शी ने 5100 और 3100 रुपये का नकद पुरस्कार, ट्रॉफी और प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम के मुख्य संयोजक गुंजन भाटी ने बताया कि ट्रिनिटी प्रीमियर लीग में 50 स्कूलों की टीमों ने क्रिकेट और खो-खो स्पर्धा में भाग लिया।

### सोसाइटी का ऑडिट कराने की मांग

ग्रेटर नोएडा, । विक्ट्री वन सेंट्रल सोसाइटी में पार्किंग क्षेत्र, एसटीपी सहित अन्य काम अधूरे पड़े हैं। इन्हें पूरा नहीं किए जाने से लोग परेशान हैं। उन्होंने प्राधिकरण से सोसाइटी के कार्यों का ऑडिट कराने की मांग की है। निवासियों ने बताया कि सोसाइटी में करीब 450 परिवार रहते हैं। उन्हें मूलभूत सुविधाएं तक नहीं मिल रहीं। टावर की लॉबी का कार्य अधूरा पड़ा है, स्ट्रक्चरल ऑडिट करने की जरूरत है। एसटीपी ठीक से कार्य नहीं करता। रेनवाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम भी खराब है। इनके अलावा और भी कई समस्याएं हैं।

### मारपीट में दो लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

दादरी, । कटहेरा रोड स्थित कब्रिस्तान के पास बाइक पर जा रहे व्यक्ति के साथ दो लोगों ने मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित ने दो लोगों के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस को दी शिकायत में कटहेरा निवासी धीर सिंह ने बताया कि बुधवार को अपनी बेटी को कोचिंग सेंटर से लेने के लिए बाइक से जा रहे थे। जब कब्रिस्तान के पास पहुंचे तो मेवातियान मोहल्ला निवासी आसिफ व फरदीन ने बाइक को रुकवा लिया और गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध किया तो मारपीट करने लगे। घायल अवस्था में धीर सिंह को उपचार के लिए ले जाया गया। पीड़ित ने आसिफ व फरदीन के खिलाफ कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

### पलवलः खाली प्लॉट में मिला नवजात का शव

पलवल, । पलवल में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। चांदहट थाना क्षेत्र के मुनीर गढ़ी गांव में एक खाली प्लॉट से नवजात बच्चे का क्षत-विक्षत शव बरामद हुआ है। जानवरों ने शव के आधे हिस्से को क्षतिग्रस्त कर दिया था। मामले की सूचना पर पहुंचे ने मौके का मुआयना कर जांच शुरू कर दी है और आस-पास के सीसीटीवी खंगालने का प्रयास किया जा रहा है। मिली जानकारी के अनुसार महेंद्र के प्लॉट में यह घटना सामने आई। महेंद्र ने बताया कि उनके चारदीवारी युक्त खाली प्लॉट में उपलों का बिटोड़ा बना हुआ था। दोपहर लगभग तीन बजे जब उनकी पत्नी प्लॉट में कुछ काम के लिए गईं, तो उन्होंने बिटोडे के अंदर नवजात का शव देखा। चांदहट थाना प्रभारी सुंदरपाल ने शुक्रवार को जानाकारी देते हुए घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए जिला नागरिक अस्पताल भेज दिया। अभी तक मृत नवजात की पहचान नहीं हो पाई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और बच्चे की मां की तलाश में जुटी है, जिसने नवजात को यहां छोड़ा। यह घटना समाज में मानवीय संवेदनाओं के क्षरण और कन्या भ्रूण हत्या जैसी सामाजिक बुराइयों की ओर इशारा करती है। पुलिस टीम आसपास के इलाकों में पूछताछ कर रही है और सीसीटीवी फुटेज की जांच की जा रही है।

# बेटी-बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान को 10 वर्ष सफलता पूर्वक पूर्ण होने पर कार्यक्रम का आयोजन

प्रात: किरण, संवाददाता




फरीदाबाद, । प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा हरियाणा की ऐतिहासिक भूमि पानीपत से बेटी- बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान की शुरूआत दिनांक 22 जनवरी से माननीय मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी व मंत्री श्रुति चौधरी महिला एवं बाल विकास विभाग हरियाणा के कर कमलो से बेटी- बचाओ बेटी पढाओ अभियान को 10 वर्ष की उपलब्धिया सफलता पूर्वक पूर्ण होने पर प्रोग्राम शुरू किया गया जिसके सकारात्मक परिणाम मिले। जिसके उपलक्ष्य में आज जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास फरीदाबाद मीनाक्षी चौधरी की अध्यक्षता में कार्यक्रम का आयोजन उनके कार्यालय में नारी निकेतन स्वर्ण जयंती आश्रय कौशल कुंज फरीदाबाद किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत विज्ञान भवन नई दिल्ली महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा वेब कास्ट के माध्यम से लाइव प्रोग्राम देखा गया तथा सभी सरकारी अस्पतालों, सभी महिला एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी, चाइल्ड केयर सीडब्ल्यूसी फरीदाबाद के द्वारा लाइव वेबकास्ट देखा गया। कार्यक्रम में हमारी लाडो कार्यक्रम का प्रसारण भी सुनाया गया। उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन स्वास्थ्य विभाग और महिला एवं बाल विकास विभाग के सहयोग से लिंगानुपात में सराहनीय सुधार हुआ हैं। समाज में जागरूकता के कारण कई गावों में तो लडकियों की संख्या लड़को से ज्यादा हैं इसलिए समाज के प्रबुद्ध नागरिको को इस कार्य में सहयोग देना चाहिए, इस अभियान में बेटी- बचाओ बेटी पढाओ के साथ -2 बेटियों को समृद्ध भी बनाना है। जिला कार्यक्रम अधिकारी के नेतृत्व में बेटी- बचाओ बेटी पढ़ाओ के 10 वर्ष पूरे होने पर सेमिनार सांस्कृतिक कार्यक्रम व बेटियों का सम्मान रैली को संबोधित कर रही जिला कार्यक्रम अधिकारी मीनाक्षी चौधरी व सुपरवाईजर पिंकी, माया देवी, सुनीता रावत और रॉकेट लर्निंग से स्वंसेवक पल्लवी कुमारी भी उपस्थित थी। डीपीओ जिला कार्यक्रम अधिकारी मिनाक्षी चौधरी ने कहा कि उसी दिन एक साल पूर्व अयोध्या में श्री राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा हुई थी, इस महत्तवपूर्ण बेटी-बचाओ बेटी पढ़ाओ के 10 वर्ष पूर्ण हो गए हैं इस महत्वपूर्ण उपलब्धि के उपलक्ष्य में महिला एवं बाल विकास विभाग में इस अभियान का उदेश्य बेटियों के घटते लिंगानुसार को रोकने तथा महिलाओ को शिक्षित करना तथा उन्हें सशकत बनाना है इस योजना के तहत राज्य सरकार ने अनुसूचित जाति, बीपीएल परिवारो को पहली लड़की और अन्य जाती से सम्बंधित दूसरी लड़की के जन्म पर एलआईसी में 21000/- रुपए की राशि निवेश करेंगी तथा 18 वर्ष पूर्ण होने पर लड़की को यह राशी दी जायेगी, तथा 2017 में गर्भवती व स्तनपान करने वाली महिलाओ के लिए प्रधानमंत्री मात्र वंदना योजना शुरू की गई हैं इस योजना के तहत सभी पात्र लाभार्थियो को तीन किस्तों में 5000 रुपए दिए जाते हैं सरकार ने ऐसी ही एक और योजना की शुरूआत की हैं मुख्यमंत्री मातृत्व सहायता योजना के अंतर्गत गर्भवती महिलाओं और स्तनपान कराने वाली माताओं को दूसरे बच्चा लड़का होने पर एक किस्त में 5000 रुपए का मातृत्व लाभ दिया जा रहा है तथा किशोरी एवं महिला सम्मान योजना के अंतर्गत बीपीएल परिवारों की महिलाओं को सेनेटरी नेपकिन भी दी जा रही है। इसके साथ ही बेटी-बचाओ बेटी पढ़ाओ का सभी आंगनवाडी वर्करो तथा सुपरवाईजरो को शपथ दिलाकर कार्यक्रम का समापन किया गया।

## फरीदाबाद में गणतंत्र दिवस समारोह की फुल ड्रेस रिहर्सल, डीसी ने लिया तैयारियों का जायजा



प्रात: किरण, संवाददाता

फरीदाबाद, । 76वें राज्य स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह की फाइल रिहर्सल गरिमामयी ढंग से संपन्न हुई। शुक्रवार को आयोजित फाइनल रिहर्सल में डीसी विक्रम सिंह ने तिरंगा फहराया व परेड का निरीक्षण कर सलामी ली। समारोह की फाइनल रिहर्सल में रविवार, 26 जनवरी को आयोजित होने वाले सभी कार्यक्रम क्रमवार आयोजित किए गए। गणतंत्र समारोह की सम्पूर्ण तैयारियों को पूरा करने को लेकर संबंधित विभागों के अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए गए। गौरतलब है कि जिला फरीदाबाद में रविवार, 26 जनवरी को आयोजित समारोह में मुख्य अतिथि हरियाणा के राज्यपाल श्री बंडारू दत्तात्रेय होंगे। इसके साथ ही बल्लभगढ़ में आयोजित समारोह में पूर्व मंत्री एवं विधायक मूलचंद शर्मा व बडखल में विधायक धनेश अदलखा राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगे। 76वें गणतंत्र दिवस समारोह में गवर्नमेंट मॉडर्न वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सराय ख्वाजा, गवर्नमेंट मॉडर्न कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ओल्ड फरीदाबाद, खालसा विद्यालय, अशोका मेमोरियल विद्यालय एवं के एल मेहता विद्यालय के बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुत देते हुए अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस बार गणतंत्र दिवस समारोह में हरियाणा डॉग स्क्वायड की बेहतरीन प्रस्तुति लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र बनेगी। इस अवसर पर पुलिस आयुक्त सत्येंद्र कुमार गुप्ता, एडीसी साहिल गुप्ता सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी मौजूद रहे।

## चेक बाउंस के मामले में महिला पुलिसकर्मी को तीन महीने की सजा



● कोर्ट ने महिला पुलिसकर्मी पर लगाया 8.5 लाख रुपये का जुमार्ना

प्रात: किरण, संवाददाता

ग्रेटर नोएडा, । विशेष न्यायालय-138 एनआई एक्ट गौतमबुद्धनगर के न्यायाधीश राजेंद्र कुमार तृतीय ने चेक बाउंस के मामले में महिला पुलिसकर्मी मोनिका चौधरी को तीन महीने की सजा और 8.5 लाख रुपये के जुमार्ने से दंडित किया है। इसमें से आठ लाख रुपये पीड़ित को प्रतिकर के रूप में दिए जाएंगे और शेष 50 हजार रुपये सरकारी खाते में जमा किए जाएंगे। सूरजपुर पुलिस लाइन में रहने वाली पीड़ित शबनम देवगन ने अदालत में शिकायत दर्ज कराई थी कि मोनिका चौधरी बुलंदशहर में पुलिस के रेडियो विभाग में सहकर्मी है। उसने व्यक्तिगत जरूरतों के लिए उनसे कुल पांच लाख रुपये उधार लिए थे। यह राशि 2017 और 2018 में क्रमशः 2 लाख रुपये और 3 लाख रुपये के रूप में दी गई थी। दोनों पक्षों के बीच लिखित समझौता हुआ था और मोनिका चौधरी ने भुगतान के लिए दो चेक दिए थे। पीड़ित के अनुसार दोनों चेक बैंक में जमा किए गए, लेकिन पर्याप्त धनराशि न होने और भुगतान रुकवाने के कारण चेक बाउंस हो गए। मोनिका चौधरी ने अपने बचाव में आरोप लगाया कि चेक चोरी हो गए थे। चेक पर उसके हस्ताक्षर नहीं हैं और उनके खाते से गलत तरीके से उपयोग किए गए थे। लेकिन अदालत ने मोनिका के तर्क को खारिज कर दिया। पीड़ित ने अपने पक्ष में गवाह और दस्तावेजी साक्ष्य प्रस्तुत किए, जिससे यह साबित हुआ कि मोनिका ने उधार ली गई राशि की अदायगी नहीं की थी। अदालत ने मोनिका चौधरी को तीन महीने की साधारण कारावास की सजा सुनाई और 8.5 लाख रुपये का जुमार्ना लगाया।

## भारत के सनातन का डंका पूरी दुनिया में बज रहा है : पंडित मोहन लाल बड़ौली

प्रात: किरण, संवाददाता

फरीदाबाद, । भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली ने कहा कि सनातन धर्म में महिलाओं का सम्मान सर्वोपरि है। जब भी हमें शक्ति की जरूरत पड़ती है तो बेटियों की पूजा करते हैं। उन्होंने कहा कि भारत के सनातन का डंका पूरी दुनिया में बज रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत की सनातन परम्परा को विश्व में मजबूती के साथ पहुंचाया है, यही कारण विश्व के लोग हमारी सनातन परम्परा को देखने भारत आ रहे हैं। श्री बड़ौली शुक्रवार को फरीदाबाद के सेक्टर 16 स्थित पंडित जवाहर लाल नेहरू राजकीय महाविद्यालय में राष्ट्रीय बालिका दिवस और अंतर्राष्ट्रीय शिक्षा दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने 25 जनवरी को नायब सरकार के 100 दिन पूरे होने की अग्रिम बधाई भी दी। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली ने कहा कि भाजपा सरकार ने महिलाओं को सशक्त करने के लिए अनेको योजनाएं चलाई हैं। लखपति दीदी, ड्रोन दीदी, सेल्फ हेल्फ ग्रुप के जरिए महिलाएं आत्मनिर्भर बन रही हैं। महिलाओं को जागरूक करने के लिए सरकार और सामाजिक संगठन लगातार आयोजन कर महिलाओं को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक कर रहे हैं। पंडित मोहन लाल बड़ौली ने कहा कि भारत को विश्व गुरू बनाने के लिए देश की 140 करोड़ लोगों की जिम्मेदारी बनती है। हमारा देश महान तभी बनेगा जब देश में रहने वाले हर व्यक्ति महान होंगे। उन्होंने कहा कि हम अपने लिए तो काम हर दिन करते हैं, लेकिन समाज और देश के लिए भी काम करने की भावना हमारे अंदर होनी चाहिए। श्री बड़ौली ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश विकसित होने की राह पर तेजी से आगे बढ़ रहा है। पीएम मोदी के नेतृत्व, कार्यशैली को पूरी दुनिया ने देखा है। युक्रेन और रूस को एक टेबल पर बैठाकर शांति का संदेश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिया है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की कार्यशैली की तारीफ करते हुए श्री बड़ौली ने कहा कि हरियाणा के लोगों की सेवा करना ही मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का विजन है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने संकल्प पत्र में जो वादे किए हैं उन्हें भाजपा सरकार संकल्प के साथ पूरा करेगी। राष्ट्रीय बालिका दिवस और अंतर्राष्ट्रीय शिक्षा दिवस के मौके पर महाविद्यालय में रोटरी क्लब के सौजन्य से आयोजित रक्त्दान शिविर का आयोजन भी किया गया। श्री बड़ौली ने प्रिंसिपल और शिक्षकों के साथ दीपशिखा प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। छात्रों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जिनकी प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली, प्रिंसिपल डॉक्टर चन्द्रशेखर वशिष्ठ और शिक्षकों खूब प्रंशसा की। प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली वातावरण को स्वच्छ बनाने के लिए देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अभियान ह्यह्यएक पेड़ मांह्लह्ल के नाम लगाने का आह्वान भी किया। विभिन्न विषयों में नेट की परीक्षा पास करने वाले और एमएनसी कंपनी में प्लेसमेंट हासिल करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित भी किया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली ने हरियाणा व्हील चेयर क्रिकेट खिलाड़ियों के लिए क्रिकेट पिच का उद्घाटन भी किया। मंच संचालन डॉ.प्रतिभा चौहान और डॉ.जोरावर सिंह ने किया। इस मौके पर प्रिंसिपल डॉक्टर चन्द्र शेखर वशिष्ठ, वरिष्ठ भाजपा नेता अमन गोयल, भाजपा ज़िला अध्यक्ष राजकुमार वोहरा, किसान मोर्चा उपाध्यक्ष सोहनपाल सिंह, ज़िला महामंत्री मनोज वशिष्ठ, सुरेन्द्र जांगड़ा पूर्व ज़िला महामंत्री मूलचंद मित्तल, ज़िला मीडिया प्रभारी विनोद गुप्ता, ज़िला उपाध्यक्ष सुखबीर मलेरना, वजीर सिंह डागर, पंकज सिंगला, भूतपूर्व प्राचार्य डॉ. पी. डी.शर्मा, डॉ. गजराज यादव, डॉ. नरेंद्र, डॉ. ओ.पी रावत, डॉ. राजपाल, डॉ.एम. के. गुप्ता, डॉ. डी. के. शर्मा, डॉ. एस. पी. फोगाट, डॉ. सुनील शर्मा, शोभित अरोड़ा, योगेश तेवतिया, सीमा भारद्वाज, मुकेश झा, शिव गुप्ता डॉ. प्रमिला काजल, डॉ.कमला चौधरी, डॉ. ज्योत्सना सिंह, डॉ. मोनीषा, डॉ. रेनू सरधाना, डॉ. शालिनी शर्मा, श्री शशि कुमार, डॉ. राजबीर सिंह, डॉ. कमल डॉ. राजविंदर कौर, प्रियंका पराशर, डॉ. हरवंश, डॉ. विशाल सिंह, रजनीश, डॉ. विपिन आदि मौजूद रहे।

## वाहन से कुचलकर मजदूर की मौत

प्रात: किरण, संवाददाता

ग्रेटर नोएडा, । नवादा गोल चक्कर के समीप बुधवार की सुबह अज्ञात वाहन की टक्कर मजदूर की मौत हो गई। उसके साले ने सेक्टर बीटा-2 थाने में केस दर्ज करवाया है। पुलिस के अनुसार नवादा गांव में 32 वर्षीय दिलीप कुमार परिवार के साथ रहता था। वह मजदूरी करता था। वह बुधवार की सुबह काम पर जाने के लिए निकला था। नवादा गोल चक्कर के समीप किसी वाहन ने उसे टक्कर मार दी। आरोपी चालक घटना को अंजाम देकर भाग गया। हादसे में गंभीर रूप से घायल दिलीप को कासना स्थित जिम्स अस्पताल पहुंचाया गया। डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस मामले में दिलीप के साले अजीत कुमार ने आरोपी वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवाया है। कोतवाली प्रभारी के कहना है कि मुकदमा दर्ज कर लिया है। गाड़ी का पता लगाकर आरोपी चालक के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## फरीदाबाद : शेयर बाजार में निवेश के नाम पर 21 लाख ठगे



प्रात: किरण, संवाददाता

फरीदाबाद, । फरीदाबाद जिले में साइबर ठगों ने एक और बड़ी वारदात को अंजाम दिया है। ग्रेटर फरीदाबाद स्थित बीपीटीपी पार्क गंडूरा में रहने वाले एक निजी कंपनी के अधिकारी वैभव अग्रवाल के साथ शेयर बाजार में निवेश के नाम पर 21 लाख रुपए से अधिक की धोखाधड़ी की गई। मामले की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मामले के अनुसार 1 नवंबर 2024 को ठगों ने पीड़ित को ह्यमास्टर कैपिटल सर्विस लिमिटेडह्ल नाम के एक वॉट्सऐप ग्रुप में जोड़ा। ग्रुप में शेयर बाजार में निवेश करके मोटा मुनाफा कमाने का लालच दिया गया। धीरे-धीरे ठगों ने पीड़ित को अपने जाल में फंसाया और विभिन्न बैंक खातों में कुल 21, 02, 000 रुपए जमा करवा लिए। जब पीड़ित ने अपना मुनाफा निकालने की कोशिश की, तो ठगों ने 7.5 लाख रुपए और जमा करने की मांग कर दी। जिस पर पीड़ित को धोखाधड़ी का शक हुआ। उन्होंने तुरंत साइबर हेल्पलाइन 1930 पर शिकायत दर्ज कराई और 22 जनवरी को सेंट्रल साइबर थाने में लिखित शिकायत दी। सेंट्रल साइबर थाने के प्रभारी जसवीर के अनुसार मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस टीम सभी तकनीकी पहलुओं की जांच कर रही है, लेकिन अभी तक आरोपियों का कोई सुराग नहीं मिला है। मामला एक बार फिर साइबर ठगी से सावधान रहने की चेतावनी देता है।

## गणतंत्र दिवस पर सुरक्षा व्यवस्था रहेगी चाक-चौबंद : सतेंद्र गुप्ता

**पुलिस आयुक्त ने सुरक्षा व्यवस्था व रिहर्सल को लेकर किया निरीक्षण**

प्रात: किरण, संवाददाता



फरीदाबाद। गणतंत्र दिवस समारोह को लेकर शुक्रवार को पुलिस आयुक्त सतेंद्र कुमार गुप्ता ने समारोह स्थल सेक्टर-12 पहुंचकर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया तथा ड्युटियों व कार्यक्रम की अंतिम रिहर्सल का निरीक्षण किया। पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि कार्यक्रम के दौरान पुलिस बल की 4 प्लाटून परेड में शामिल होगी जिसमें एक महिला प्लाटून भी होगी। प्रतीक गहलोत द्वारा का परेड का नेतृत्व किया जाएगा। इसी के साथ हरियाणा पुलिस का ब्रॉस बण्ड भी परेड कार्यक्रम में शामिल होगा तथा डॉग शो व घोडा पुलिस का भी शो होगा। उन्होने बताया कि सुरक्षा के मद्देनजर 2000 के करीब पुलिस कर्मचारी ड्युटी पर तैनात रहेगें, 12 सहायक पुलिस आयुक्त हाथों में कानून व्यवस्था की कमान रहेगी। फरीदाबाद के साथ लगते दिल्ली के बॉर्डर क्षेत्र बदरपुर, पहलादपुर, शूटिंग रेंज, दुर्गा बिल्डर, मांगर होते हुए छतरपुर जाने वाले रोड पर पुलिस के नाके लगाए हुए है जहां पर लगातार चेकिंग की जा रही है। इसके अतिरिक्त समारोह स्थल के चारो तरफ आईओसीएल टी पॉइंट सेक्टर-9, 12 व 13, फोर्ड/एस्कोर्ट कम्पनी, सेक्टर-15 रेड लाइट, सैशन कोर्ट और थाना सैन्ट्रल के सामने नाके लगाए गए हैं। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर प्रवेश द्वारा पर 6 डीएफएमडी लगाए गए है। सिनिफर डॉग टीम व एंटी डिस्पोजल टीम को भी नियुक्त किया गया है। इसके अतिरिक्त बल्लबगढ़ व एनआईटी में भी गणतंत्र दिवस के अवसर पर ध्वजरोहण किया जाएगा। जहा पर प्रयाप्त संख्य पुलिस बल नियुक्त किया गया है। यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने के लिए यातायात पुलिसकर्मी नियुक्त किए गए है तथा समारोह के लिए 2 अलग-अलग स्थनों पर वाहनों के लिए पार्किंग की व्यवस्था की गई है। 25 जनवरी रात्रि 10.00 बजे से लेकर 26 जनवरी दोपहर 1.30 बजे तक शहर में भारी वाहनों का प्रवेश वर्जित रहेगा। जिस संबंध में यातायात पुलिस द्वारा भी नाके लगाए जाएगे। उन्होंने और अधिक जानकारी देते हुए बतलाया कि फरीदाबाद पुलिस के थाना व चौकी के पुलिस कर्मचारियों द्वारा बस स्टैण्ड, होटल, ढाबा, धर्मशाला, गेस्ट हाउस, साइबर कैफे, धार्मिक स्थलों, मैट्रों स्टेशन, मोबाईल फोन व स्क्ष्रू विक्रता इत्यादि स्थानों पर लगातार चेकिंग की जा रही है, साथ ही अपराध शाखाओं द्वारा भी लगातार चेकिंग जारी है।

## नोएडा में छठी मंजिल से कूदकर खुदकुशी, कुछ देर सोचती रही और फिर लगा दी छलांग



प्रात: किरण, संवाददाता

नोएडा, । नोएडा के सेक्टर 73 में एक महिला ने छठी मंजिल की इमारत से कूदकर अपनी जान दे दी है। बताया जा रहा है कि महिला डिप्रेश की शिकार थी। खुदकुशी का एक वीडियो भी सामने आया है, जिसमें वह छत पर पैर लटकाकर कुछ देर बैठी दिखती है और फिर लोगों के बार-बार मना करने के बावजूद कूद जाती है। प्रारंभिक जांच के अनुसार महिला का नाम पूजा है और ढाई साल पहले उसकी शादी सम्राट नाम के शख्श से हुई थी। सम्राट इंजीनियर है और मूल रूप से उत्तर प्रदेश के प्रतापगढ़ का रहने वाला है। बताया जा रहा है कि महिला डिप्रेशन का शिकार थी इसके चलते ही उसने आत्महत्या की है। 1.40 मिनट का एक वीडियो भी सामने आया है जिसमें महिला पैर लटकाए बैठी दिखती है। वह कुछ देर तक नीचे देखते हुए सोचती रहती है। इस दौरान आसपास मौजूद लोग आवाज लगाकर उसे वहां से उतर जाने को भी कहते हैं। कुछ लोगों ने छत पर जाकर उसे बचाने की भी कोशिश की, लेकिन इससे पहले ही पूजा ने छलांग लगा दी। थाना 113 की पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। महिला के परिजनों को सूचना दे दी गई है और पुलिस अग्रिम कार्रवाई कर रही है।

## युवा उद्यमी विकास योजना में 211 युवाओं के आवेदन आए

**21 से 40 वर्ष तक की आयु के युवा बिना ब्याज पांच लाख तक का ले सकेंगे ऋण**

प्रात: किरण, संवाददाता

ग्रेटर नोएडा, । युवा उद्यमी विकास योजना के तहत जिले में 211 युवाओं ने कारोबार और स्टार्टअप शुरू करने के लिए आवेदन किया। इसमें से 43 युवाओं के आवेदन स्वीकृत हो चुके हैं। योजना के तहत कोई भी युवा कारोबार शुरू करने के लिए पांच लाख तक मदद प्राप्त कर सकता है। उपायुक्त उद्योग अनिल कुमार ने बताया कि यूपी दिवस के मौके पर मुख्यमंत्री ने युवा उद्यमी विकास अभियान योजना शुरू की है। इस योजना के तहत 21 से 40 वर्ष तक की आयु का युवा आवेदन कर सकता है। बशर्ते युवा के 8वीं पास हो और या फिर उसके पास आईटीआई या किसी भी प्रशिक्षण का सर्टिफिकेट हो। सरकार की ओर से युवा को अपना स्टार्टअप शुरू करने के लिए पांच लाख रुपये तक की मदद दी जाएगी। इससे युवा मैन्युफैक्चरिंग और सर्विस से जुड़े कार्य करा सकेगा। खास बात यह है कि सरकार से मिलने वाली मदद पर युवा को कोई ब्याज भी नहीं देना होगा। साथ ही छह माह तक किसी किस्त का भी भुगतान करने की जरूरत नहीं होगी। इस योजना में आवेदन कर युवा किसी भी प्रकार का बिजनेस शुरू कर सकता है, हालांकि इसके लिए उत्तरप्रदेश का नागरिक होना अनिवार्य है।

## अतिक्रमण के कारण सड़कों पर गंदगी बढ़ रही

ग्रेटर नोएडा, । ग्रेटर नोएडा वेस्ट के सेक्टर 16बी में गंदगी के कारण निवासी परेशान हैं। लोगों का आरोप है कि सड़कों पर बढ़ रहे अतिक्रमण के कारण जगह-जगह कचरा पड़ा रहता है। कई स्थान पर भारी मात्रा में कचरे के ढेर लगे हैं। इनकी सफाई के लिए प्राधिकरण से भी कई बार शिकायत की जा चुकी है, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हो रही। निवासी राज ने बताया कि सेक्टर 16 बी में कई ग्रुप हाउसिंग सोसायटी बनी हुई है। इनमें हजारों परिवार रहते हैं, लेकिन सभी लोग सड़कों पर बढ़ रहे अतिक्रमण के कारण परेशान हैं। सड़कों पर जगह-जगह पर विभिन्न रेहड़ी खड़ी रहती हैं। इस वजह से फुटपाथ की स्थिति भी खराब हो रही है। लोगों का इस पर चलना मुश्किल हो गया है। जगह-जगह से टाइल उखड़ चुकी है। ग्रीन बेल्ट की हरियाली नष्ट हो गई है। सड़कों पर खाने-पीने की रेहड़ी पर आने वाले लोग गंदगी को अधिक बढ़ा रहे हैं। जो भी खाने की चीज प्लास्टिक अन्य किसी भी प्लेट में खाते हैं।

## फरीदाबाद में रिश्वत मामले में फरार क्लर्क गिरफ्तार




फरीदाबाद, । फरीदाबाद में एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) ने होमगार्ड मुख्यालय में तैनात क्लर्क दीपक कुमार को रिश्वतखोरी के मामले में गिरफ्तार किया है। आरोपी एक महीने से फरार चल रहा था और इस दौरान उसकी अग्रिम जमानत याचिका हाईकोर्ट से खारिज हो गई। मामला 20 दिसंबर का है, जब डबुआ कॉलोनी के होमगार्ड सुनील कुमार ने एसीबी में शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में बताया गया कि दीपक कुमार ड्यूटी लगाने के एवज में 7 हजार रुपए की रिश्वत मांग रहा था। रिश्वत की राशि लेने के लिए आरोपी ने शिकायतकर्ता को ईएसआई चौक पर बुलाया था। जब सुनील एसीबी की टीम के साथ निर्धारित स्थान पर पहुंचा, तो दीपक को भनक लग गई और वह अपनी गाड़ी छोडकर मौके से फरार हो गया। एसीबी ने जांच के बाद मामला दर्ज कर लिया। फरारी के दौरान आरोपी ने हाईकोर्ट में अग्रिम जमानत याचिका दायर की, जिसे कोर्ट ने खारिज कर दिया। एसीबी की टीम ने एनआईटी क्षेत्र से आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। एसीबी अधिकारियों के अनुसार, दीपक कुमार को शुक्रवार को कोर्ट में पेश किया जाएगा। जिसके बाद टीम पूछताछ लिए रिमांड पर लेगी।

राष्ट्रीय दैनिक प्रातःकिरण
नई दिल्ली, शनिवार, 25 जनवरी, 2025





# अक्षय कुमार ने सैफ अली खान को बताया बहादुर



अक्षय कुमार इन दिनों फिल्म स्काई फोर्स को लेकर सुर्खियों में हैं। इस बीच एक इवेंट के दौरान उन्होंने अपने को-स्टार सैफ अली खान पर हुए हमले के बारे में बात की। अक्षय ने सैफ को बहादुर बताया और कहा कि सैफ ने जिस तरह से अपनी फैमिली को प्रोटेक्ट किया, वो बहादुरी का काम है। अपनी फिल्म स्काई फोर्स के प्रमोशन के दौरान अक्षय कुमार ने कहा, ये बहुत अच्छा है कि वो सुरक्षित हैं। पूरी इंडस्ट्री इस बात से खुश है कि वो सुरक्षित हैं। जिस तरह से उन्होंने अपनी फैमिली को प्रोटेक्ट किया, वो बहादुरी का काम है। अक्षय कुमार ने आगे कहा, मैंने सैफ के साथ मैं खिलाड़ी तू अनाड़ी में एक साथ काम किया था। लेकिन अब अगर अगली बार हम फिल्म बनाएंगे तो उसका टाइटल 'दो खिलाड़ी' होगा। बता दें, अक्षय कुमार और सैफ अली खान 1994 की फिल्म मैं खिलाड़ी तू अनाड़ी में साथ नजर आए थे। यह फिल्म हिट साबित हुई थी। इसके अलावा दोनों ने फिल्म टशन में भी साथ काम किया था।

15 जनवरी की रात सैफ अली खान के बांद्रा स्थित घर पर एक आरोपी ने सैफ पर चाकू से हमला किया। इस दौरान उनके गले, पीठ, हाथ और सिर समेत 6 जगह चाकू लगा था। उन्हें रात में ही हॉस्पिटल ले जाया गया था। लीलावती अस्पताल के डॉक्टर के मुताबिक सैफ की रीढ़ की हड्डी में चाकू का टुकड़ा फंसा था और फ्लूड भी लीक हो रहा था। सर्जरी करके इसे निकाला गया। डॉक्टर ने कहा कि अगर एक्टर की रीढ़ में चाकू 2 मिमी और धंस गया होता तो रीढ़ की हड्डी को काफी नुकसान पहुंच सकता था। हालांकि, अब सैफ खतरे से बाहर हैं और जल्द ही उन्हें अस्पताल से छुट्टी मिल सकती है।



# डीके निर्देशित वेब सीरीज रक्त ब्रह्मांड में नजर आएंगी सामंथा

सामंथा पैन इंडिया प्रोजेक्ट्स पर ज्यादा ध्यान दे रही हैं। उन्हें आखिरी बार राज और डीके द्वारा निर्देशित वेब सीरीज सिटाडेल में देखा गया था, जो ओटीटी स्पेस में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाई थी। अब सामंथा जल्द ही एक और वेब सीरीज में नजर आएंगी, जिसका नाम रक्त ब्रह्मांड होगा। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, सामंथा ने फिर से उन्हीं निर्देशकों के साथ एक और वेब सीरीज साइन की है, जिनके साथ वह सिटाडेल कर चुकी हैं। जी हां सामंथा की आगामी इस सीरीज का निर्देशन राज और डीके करेंगे। इस सीरीज का नाम रक्त ब्रह्मांड रखा गया है।

## सीरीज की शूटिंग

सामंथा रुथ प्रभु ने कुछ समय पहले शूटिंग से ब्रेक लिया था और वह कुछ खास समय अकेले में बिताने के लिए विदेश चली गई थीं। जानकारी के अनुसार, कल सामंथा मुंबई में रक्त ब्रह्मांड की शूटिंग में शामिल हुईं और इस वेब सीरीज के लिए कुछ बहुत ही दिलचस्प सींस को फिल्माया। बहरहाल, तेलुगु में, उन्होंने अभी तक अपनी अगली फिल्म की घोषणा नहीं की है और उनके प्रशंसक उत्सुकता से इंतजार कर रहे हैं कि आने वाले दिनों में वह अपने प्रशंसकों के लिए क्या खास प्रोजेक्ट लेकर आती हैं।

## सामंथा का पोस्ट

आज सामंथा ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर किया, जिसमें उन्होंने अपनी कुछ तस्वीरों के साथ कैप्शन में लिखा, मैं पिछले दो सालों से इस छोटे से रिचुअल्स का अभ्यास कर रहा हूं और इसने मुझे मेरे कुछ सबसे कठिन पलों से निकलने में मदद की है। यह सरल लेकिन शक्तिशाली है- मैं कहां था, मैं कहां हूं और आगे क्या होने वाला है। आप उन तीन चीजों को लिख लें जिनके लिए आप आज आभारी हैं- उन्हें बड़ा होना जरूरी नहीं है, बस ईमानदार होना चाहिए। लेकिन अगर लिखना कठिन या मजबूर लगता है, तो यह भी ठीक है। कभी-कभी, अपने दिल में एक शांत धन्यवाद लेकर बैठना भी काफी होता है। यह छोटा सा अभ्यास पहली बार में सरल लग सकता है, लेकिन इसमें आपके हर चीज को देखने के तरीके को बदलने की शक्ति है। इसे आजमाएं - यह मेरे लिए गेम-चेंजर रहा है।



# माता-पिता को भगवान का दर्जा देते हैं अभिषेक बच्चन

साहित्य से लेकर सिनेमा तक बच्चन परिवार का अलग रुतबा है। अभिषेक बच्चन के दादा व कवि हरिवंश राय बच्चन ने साहित्य जगत में नई लकीर खींचीं तो पिता अभिताभ बच्चन ने अभिनय की दुनिया में इतिहास रचा है। हाल ही में जूनियर बच्चन ने परिवार से मिली रचनात्मक विरासत पर बात की। इस दौरान उन्होंने जिंदगी में परिवार के महत्व पर बात करते हुए कहा कि वे बहुत ज्यादा पारिवारिक हैं और उनके लिए माता-पिता ईश्वर से पहले आते हैं।

## माता-पिता भगवान के बराबर हैं

अभिषेक बच्चन ने इंटरव्यू में कहा कि उनके लिए माता-पिता भगवान के बराबर हैं। एक्टर से जब पूछा गया कि क्या वे धार्मिक हैं? इस पर उन्होंने कहा, मुझे नहीं पता कि मैं बहुत धार्मिक हूं या नहीं। भगवान के साथ मेरा रिश्ता है, लेकिन भगवान के पास जाने से पहले मैं अपने माता-पिता के पास जाता हूं। मुझे लगता है कि माता-पिता ही ऐसे पहले होने चाहिए, जिन पर आपको भरोसा करना चाहिए। मेरे लिए, वे भगवान के बराबर हैं। मैं जो कुछ भी हूं, अपने परिवार की वजह से हूं। मैं बहुत ज्यादा पारिवारिक इंसान हूं। मैं जो कुछ भी करता हूं वह अपने परिवार के लिए करता हूं और वे मेरे सबसे करीबी लोग हैं।

## परिवार की राय सबसे ऊपर

अभिषेक बच्चन का कहना है कि परिवार के विचार उनके लिए सबसे पहले मायने रखते हैं। एक्टर ने कहा, जब तक आप एक प्यार करने वाले, हमेशा साथ खड़े रहने वाले, स्वस्थ और खुशहाल परिवार के पास घर लौट सकते हैं, मेरे ख्याल से आप ठीक हैं। मेरे लिए परिवार की राय सबसे ऊपर है। अभिषेक ने अपनी विरासत और अपने सरनेम पर बात करते हुए कहा, मुझे अपने दादाजी से मिले सरनेम पर गर्व है। उन्होंने जो काम किया, उसकी वजह से हमें मिलने वाले प्यार और सम्मान की निरंतरा सुनिश्चित करने के लिए मैं काम करूंगा। मुझे पूरी उम्मीद है कि मेरी बेटी और आगे आने वाली पीढ़ियां भी इस विरासत का सम्मान करेंगी।

## जूनियर बच्चन ने जाहिर की ये इच्छा

अभिषेक बच्चन ने कहा कि वे भी अपने पीछे कुछ ठोस और साकार छोड़कर जाना चाहते हैं। एक्टर ने कहा, मेरे दादा कवि थे। मेरे माता-पिता कलाकार हैं। मैं भी अभिनेता हूं और मेरी पत्नी भी अदाकारा हैं। हमारी विरासत रचनात्मक है। लेकिन, अगर मैं अपने पीछे कुछ ठोस छोड़ कर जा सकूं तो मुझे लगता है कि यह परिवार के लिए एक महत्वपूर्ण योगदान होगा। वर्क फ्रंट की बात करें तो अभिषेक बच्चन की पिछली फिल्म आई वांट टू टॉक रही।

# निया शर्मा ने थाईलैंड में किए फायर स्टंट, फिर लगी चोट

जानी मानी टीवी एक्ट्रेस निया शर्मा थाईलैंड में छुट्टियां मना रही हैं। वह लगातार थाईलैंड से अपनी तस्वीरें सोशल मीडिया पर साझा कर रही थीं। अब उन्होंने अब थाईलैंड से बहुत खतरनाक स्टंट करते हुए वीडियो शेयर किया है।

## निया ने किया आग वाला स्टंट

इस वीडियो में निया कुछ खतरनाक आग के स्टंट करती नजर आ रही हैं। एक क्लिप में, वह बीच में कूदती हुई दिखाई दे रही हैं, जबकि एक आदमी रस्सी को गोलाकार गति में घुमा रहा है। मोटी रस्सी में आग लगा दी गई थी। दूसरे वीडियो में, वह खतरनाक तरीके से जलती हुई छड़ को पार करती हुई दिखाई दे रही हैं।

## निया को लग गई चोट

इस स्टंट में निया को काफी चोट भी लग गई। उन्होंने स्टंट को करने से निया को काफी चोट लग गई। वे थाईलैंड में काफी मस्ती कर रही हैं। फायर स्टंट करती नजर आईं निया फायर स्टेंट के साथ निया डांस करती भी नजर आ रही हैं। थाईलैंड में निया बेबी पिंक शॉर्ट स्कर्ट और व्हाइट शॉर्ट टॉप पहने हुए हैं। निया के इस वीडियो को फैंस ने भी बहुत पसंद किया है। उन्होंने कमेंट्स में निया की तारीफ की है।

## इन टीवी शोज में नजर आईं निया

निया शर्मा इससे पहले खतरों के खिलाड़ी में नजर आईं थीं। निया खतरों के खिलाड़ी की फाइनलिस्ट रहीं। लाफ्टर शेफ्स में नजर आ चुकी हैं। इन शोज के अलावा निया सुहागन चुडैल, विक्की जैन, जन्नत जुबैर, सुदेश लहरी, कृष्णा अभिषेक और कश्मीरा शाह के साथ दिखाई दी थीं।




# उर्वशी रौतेला ने खुद को कहा 150 करोड़ के क्लब में शामिल होने वाली पहली आउटसाइडर एक्ट्रेस



डाकू महाराज एक्ट्रेस उर्वशी रौतेला लगातार सुर्खियों में बनी हुई हैं। उनके इंटरव्यूज वायरल हो रहे हैं, जिसमें वह अपनी शोबाजी करने से बाज नहीं आ रही हैं। और इसके लिए उन्हें लोगों की आलोचना का भी सामना करना पड़ रहा है। अपनी ही एक अलग दुनिया में मग्न उर्वशी ने अब खुद को पहली आउटसाइडर एक्ट्रेस बताया है, जिसकी फिल्म 2025 में दो दिन में ही 150 करोड़ के क्लब में शामिल हो गई है। उर्वशी रौतेला से इंस्टैंट बॉलीवुड ने सवाल किया कि उनके माता-पिता को फिल्म कितनी पसंद आ रही है, उनका क्या रिएक्शन है? इस पर मुस्कुराते हुए वह बोलीं, उन्हें बहुत पसंद आ रही है और वह इसे प्यार भी दे रहे हैं। और मुझे गिफ्ट भी मिल गया है। मुझे जिसने भी कॉल्स आ रहे हैं, सब मुझे फोन पर यही बोल रहे हैं कि उर्वशी तुम पहली भारतीय आउटसाइडर एक्ट्रेस हो 2025 की, जिसकी फिल्म 105 करोड़ के क्लब में शामिल हो गई है। वो भी बहुत जल्दी, एक-दो दिन के अंदर ही। एक्ट्रेस ने अपने इंस्टाग्राम पर एक टेक्स्ट फोटो शेयर की है, जिसमें लिखा है, इतिहास रच दिया। 2025 की पहली आउटसाइडर एक्ट्रेस, जिसने 3 दिन में 100 करोड़ पार कर लिया।

उर्वशी के इस पोस्ट पर ओरी ने रोते हुए इमोजी के साथ लिखा, हो ही नहीं सकता। एक यूजर ने लिखा, दुनिया की पहली महिला जिसने अंकल के साथ एक्टिंग करके इतिहास रच दिया। एक ने लिखा, ये जो भी करती हैं, उसमें हमेशा पहली ही होती हैं।



# किलर चार्ल्स शोभराज का किरदार निभाना डरावना था

एक्टर सिद्धांत गुप्ता ने वेब सीरीज ब्लैक वारंट में सीरियल किलर चार्ल्स शोभराज का किरदार निभाया है। इस सीरीज में उनके अपराधों को तिहाड़ जेल के पूर्व जेलर सुनील गुप्ता की गवाही के जरिए दिखाया गया है। हाल ही में दैनिक भास्कर से बातचीत में, सिद्धांत ने शोभराज का किरदार निभाने के अपने एक्सपीरियंस और इसकी चुनौतियों पर चर्चा की। साथ 5ही, लेखक सत्यांशु सिंह और डायरेक्टर विक्रमादित्य मोटवानी ने भी अपने अनुभव शेयर किए।

## चार्ल्स शोभराज को समझना एक अलग ही सफर था

सिद्धांत गुप्ता ने बताया कि इस रोल में उतरना उनके लिए आसान नहीं था। उन्होंने कहा, सबसे बड़ी बात यह थी कि कोई इंसान इतने बड़े अपराध करने के बाद भी नॉर्मल कैसे रह सकता है? मैंने किताबें पढ़ीं और यह समझने की कोशिश की कि ऐसे लोग अपने कामों को कैसे सही ठहराते हैं। धीरे-धीरे मुझे लगा कि मैं उसकी सोच को समझने लगा हूं, और फिर यह किरदार निभाना मेरे लिए आसान हो गया।

## रोल में खो जाने का अनुभव

सिद्धांत ने यह भी बताया कि शूटिंग के दौरान वह इस किरदार में इतने गहरे उतर गए थे कि कई बार घर लौटने के बाद भी चार्ल्स शोभराज का असर उनके दिमाग पर बना रहता था। उन्होंने कहा, कई बार ऐसा लगा जैसे मैं खुद उसकी तरह सोचने लगा हूं। उसकी पर्सनालिटी और तरीका बहुत कॉम्प्लेक्स था, लेकिन जब चीजें समझ में आईं, तो सब कुछ अपने आप फ्लो होने लगा। यह थोड़ा डरावना लेकिन दिलचस्प एक्सपीरियंस था।

लेखक सत्यांशु सिंह ने स्क्रिप्ट और चार्ल्स शोभराज को लिखने के अपने प्रोसेस के बारे में बताया। उन्होंने कहा, चार्ल्स शोभराज जैसे इंसान को समझना और उसकी हरकतों को पर्दे पर सही ढंग से दिखाना एक बड़ा चैलेंज था। उसके अंदर एक क्रिमिनल माइंड के साथ-साथ एक अलग सा चार्म भी था। स्क्रिप्ट लिखते वक्त इसे बैलेंस करना आसान नहीं था।

## डायरेक्टर विक्रमादित्य मोटवानी की तारीफ

डायरेक्टर विक्रमादित्य मोटवानी ने सिद्धांत की परफॉर्मेंस को लेकर कहा, सिद्धांत इस रोल में पूरी तरह डूब गए थे। सेट के बाहर भी वह चार्ल्स शोभराज की तरह बिहेव करते थे। उनकी मेहनत और डेडिकेशन ने ही इस किरदार को इतना असली बना दिया।

# भारत की मिट्टी में फिर से हो जन्म मेरा

अक्षरा ने इंस्टाग्राम पर एक देश भक्ति भरा गीत शेयर किया है। यह गाना अक्षरा ने खासतौर पर गणतंत्र दिवस के अवसर के लिए गाया है। इस वीडियो सॉन्ग में अक्षरा देश भक्ति के रंग में रंगी नजर आ रही हैं । स वीडियो के साथ अक्षरा ने कैप्शन में लिखा, तेरे ज्ञान की ज्योति से, मिटे जग का अंधेरा, भारत की मिट्टी में फिर से हो जन्म मेरा। अक्षरा के एक प्रशंसक ने लिखा अक्षरा जी आपका गाना बहुत बहुत अच्छा और प्यारा है। जय हिन्द। अक्षरा के एक और प्रशंसक ने लिखा, मेरा भारत महान।






## मुकेश अंबानी बनाएंगे दुनिया का सबसे बड़ा डेटा सेंटर

### गौतम अडानी पहले ही कर चुके इस फील्ड में एंट्री

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत और एशिया के सबसे बड़े रईस मुकेश अंबानी दुनिया का सबसे बड़ा डेटा सेंटर बनाने की तैयारी में हैं। ब्लूमबर्ग की एक रिपोर्ट के अनुसार रिलायंस इंडस्ट्रीज का यह महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट गुजरात के जामनगर में बनाया जाएगा। इसी के साथ रिलायंस एआई सेक्टर में एंट्री मारने जा रही है। रिपोर्ट के मुताबिक अंबानी एआई तकनीक में दुनिया की अग्रणी कंपनी एनवीडिया से सेमीकंडक्टर खरीद रहे हैं। अडानी ग्रुप पहले ही इस सेक्टर में कूद चुका है। अडानी एंटरप्राइजेज ने अमेरिका की कंपनी एजकनेक्स के बीच जॉइंट वेंचर बनाया है। इसे अडानीकॉनेक्स नाम दिया गया है जो भारत में हाइपरस्केल डेटा सेंटर का नेटवर्क बनाने की योजना बना रहा है।

पिछले साल अक्टूबर एनवीडिया एआई समिट के दौरान रिलायंस और एनवीडिया ने भारत में एआई इन्फ्रास्ट्रक्चर बनाने के लिए मिलकर काम करने की घोषणा की थी। एनवीडिया ने तब कहा था कि वह रिलायंस द्वारा बनाए जा रहे एक



गीगावाट डेटा सेंटर के लिए अपने ब्लैकवेल एआई प्रोसेसर की सप्लाई करेगी। हुआंग ने तब अंबानी के साथ बातचीत में कहा था कि भारत को अपना एआई खुद बनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि की भारत को इंटेलीजेंस आयात करने के लिए डेटा निर्यात नहीं करना चाहिए। भारत को रोटी आयात करने के लिए आटा निर्यात नहीं करना चाहिए।

### अंबानी ने क्या कहा था

तब अंबानी ने भारत में इंटेलीजेंस कैपेसिटी पर बोलते हुए कहा था, हम वास्तव में सभी लोगों के लिए समृद्धि लाने और दुनिया में समानता लाने के लिए इंटेलीजेंस का उपयोग कर सकते हैं। अमेरिका और चीन के अलावा भारत में सबसे अच्छा डिजिटल कनेक्टिविटी इन्फ्रास्ट्रक्चर है। पिछले साल सितंबर में, रिलायंस इंडस्ट्रीज और एनवीडिया ने भारत में एआई सुपरकंप्यूटर विकसित करने और देश की अलग-अलग भाषाओं पर बड़े भाषा मॉडल बनाने के लिए साझेदारी की घोषणा की। बाद में एनवीडिया ने टाटा ग्रुप के साथ भी इसी तरह की पार्टनरशिप की थी।

### भारत में एआई


भारत सरकार ने भी स्टार्टअप, एआई प्रोजेक्ट्स और एलएलएम के विकास के लिए 10,000 करोड़ रुपये से अधिक के निवेश का वादा किया है। हालांकि इनमें कई चुनौतियां हैं। भारत की चिपमेकिंग इंडस्ट्री अभी शुरुआती चरण में है।

# सोना 82900 रुपये प्रति 10 ग्राम के नए शिखर पर पहुंचा

### 11 महीने में 32 प्रतिशत से ज्यादा की मजबूती

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार सकारात्मक वैश्विक रुख के बीच दिल्ली में गुरुवार को सोने का भाव 170 रुपये मजबूत होकर 82,900 रुपये प्रति 10 ग्राम के नये सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया। बुधवार को यह बहुमूल्य धातु 82,730 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी। 23 फरवरी, 2024 के बाद लगभग एक साल सोने की कीमतें 62,720 रुपये प्रति 10 ग्राम के भाव से 20,180 रुपये या 32.17 प्रतिशत मजबूत होकर 82,900 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गई है।

**लगातार सातवें करोबारी सत्र में सोने के भाव चढ़े-** लगातार सातवें कारोबारी सत्र में सोने में बढ़त जारी रही। इस दौरान, 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 170 रुपये की तेजी के साथ 82,500 रुपये प्रति 10 ग्राम के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गई। पिछले कारोबारी सत्र में सोना 82,330 रुपये प्रति 10 ग्राम के भाव पर बंद हुआ था। पिछले सात कारोबारी सत्रों में 99.9 और 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत में 2,320-2,320 रुपये का इजाफा हुआ। हालांकि, गुरुवार को चांदी की



कीमत 500 रुपए घटकर 93,500 रुपए प्रति किलोग्राम रह गई। बुधवार को इसका भाव 94,000 रुपए प्रति किलोग्राम पर बंद हुआ था।

**आभूषण और खुदरा विक्रेताओं की बढ़ती मांग के कारण बाजार में तेजी-** सर्राफा कारोबारियों के अनुसार, बहुमूल्य धातुओं की कीमतों में तेजी का कारण आभूषण विक्रेताओं और खुदरा विक्रेताओं की बढ़ती मांग और अंतरराष्ट्रीय बाजारों का मजबूत रुख है। वायदा कारोबार में गुरुवार को मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर फरवरी डिलीवरी वाले सोने के अनुबंध की कीमत 19 रुपये या 0.02 प्रतिशत की तेजी के साथ 79,583 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई। हालांकि, चांदी वायदा का भाव 422 रुपये या 0.46 प्रतिशत घटकर 91,522 रुपये प्रति किलोग्राम रह गया, जबकि बुधवार को यह 91,944 रुपये प्रति किलोग्राम के भाव पर बंद हुआ था। विदेशी बाजारों में कॉमेक्स सोना वायदा 13.20 डॉलर प्रति औंस या 0.48 प्रतिशत गिरकर 2,757.70 डॉलर प्रति औंस पर आ गया।

### वैश्विक बाजार में सोने की कीमतों में नरमी

एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक (कमोडिटीज) सौमिल गांधी ने कहा, अमेरिकी डॉलर और ट्रेजरी यील्ड में सुधार के कारण गुरुवार को सोने की कीमतें स्थिर से नकारात्मक स्तर पर कारोबार कर रही थीं। एशियाई बाजार में चांदी कॉमेक्स वायदा 1.03 प्रतिशत की गिरावट के साथ 31.10 डॉलर प्रति औंस पर बोला गया। इसके अलावा, चैनानी ने कहा, ट्रम्प ने घोषणा की कि उनकी सरकार कनाडा और मैक्सिको पर 25 प्रतिशत कर लगाने पर विचार कर रही है।

## 80 फीसदी भारतीय कंपनियों को नहीं मिल रहे कौशल वाले कर्मचारी

### आईटी में सर्वाधिक संकट



**नई दिल्ली, एजेंसी।** मांग होने के बावजूद देश के 80 फीसदी नियोक्ता कौशल वाले कर्मचारियों को ढूंढने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। यह प्रवृत्ति 2022 से बनी हुई है और 2024 तक 74 फीसदी के वैश्विक औसत से ऊपर रही है। मैनपावरग्रुप टैलेंट शॉर्टेज सर्वे में दावा किया गया है कि भारतीय नियोक्ता 2025 की पहली तिमाही में कौशल वाले कर्मचारियों की भर्ती को लेकर सावधानी बरत रहे हैं, क्योंकि प्रतिभा की कमी के कारण नियुक्ति प्रयासों में बाधा उत्पन्न होने की आशंका है।

सर्वे के मुताबिक, कोई भी क्षेत्र प्रतिभा से लैस कर्मचारियों के अभाव से अछूता नहीं है और यह कमी वैश्विक श्रम बाजार की प्रमुख चिंता बनी हुई है। आईटी, ऊर्जा और यूटिलिटी जैसे उद्योग सबसे अधिक दबाव महसूस कर रहे हैं, क्योंकि डाटा एवं आईटी जैसे विशेष कौशल की मांग लगातार बढ़ रही है। इसमें आगे कहा गया है कि सिर्फ 22 फीसदी नियोक्ता ही अस्थायी भर्ती बढ़ाने के पक्ष में हैं। दक्षिण भारत सबसे अधिक 85 फीसदी प्रतिभा की कमी से जूझ रहा है।

## 180 प्रतिशत बढ़ा जी एंटरटेनमेंट का मुनाफा, 120 रुपये के पार पहुंचे कंपनी के शेयर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** जी एंटरटेनमेंट एंटरप्राइजेज लिमिटेड को चालू वित्त वर्ष की दिसंबर तिमाही में 164 करोड़ रुपये का कंसॉलिडेटेड नेट प्रॉफिट हुआ है। सालाना आधार पर कंपनी का मुनाफा 180 पर्सेंट बढ़ा है। एक साल पहले की समान अवधि में कंपनी को 53.3 करोड़ रुपये का प्रॉफिट हुआ था। जी एंटरटेनमेंट एंटरप्राइजेज लिमिटेड के शेयर गुरुवार को बीएसई में 2 पर्सेंट से अधिक के उछाल के साथ 120.65 रुपये पर बंद हुए हैं।

### 1979 करोड़ रुपये कंपनी का ऑपरेटिंग रेवेन्यू

चालू वित्त वर्ष की दिसंबर तिमाही में जी एंटरटेनमेंट एंटरप्राइजेज लिमिटेड का ऑपरेटिंग रेवेन्यू 3 पर्सेंट घटकर 1979 करोड़ रुपये रहा है। एक साल पहले की समान अवधि में कंपनी का रेवेन्यू 2046 करोड़ रुपये था। तिमाही आधार पर जी एंटरटेनमेंट एंटरप्राइजेज के नेट प्रॉफिट में 22 पर्सेंट की गिरावट देखने को मिली है। सितंबर 2024 तिमाही में कंपनी का मुनाफा 209 करोड़ रुपये था। दिसंबर 2024 तिमाही में कंपनी का इबिट्डा सालाना आधार पर 52 पर्सेंट बढ़कर 318 करोड़ रुपये रहा। वहीं, कंपनी के मार्जिन्स सुधार के साथ 16.5 पर्सेंट पहुंच गए।

### 982 करोड़ रुपये रहा सब्सक्रिप्शन रेवेन्यू

चालू वित्त वर्ष की दिसंबर तिमाही में जी एंटरटेनमेंट एंटरप्राइजेज का ऐडवर्टाइजिंग रेवेन्यू तिमाही आधार पर 4 पर्सेंट बढ़ा है। वहीं, सालाना आधार पर इसमें 8 पर्सेंट की गिरावट देखने को मिली है। अक्टूबर-दिसंबर 2024 तिमाही के दौरान कंपनी का सब्सक्रिप्शन रेवेन्यू सालाना आधार पर 7 पर्सेंट बढ़कर 982 करोड़ रुपये रहा है। दिसंबर 2024 को खत्म हुए नौ महीने में कंपनी का रेवेन्यू सालाना आधार पर 6 पर्सेंट घटकर 6110 करोड़ रुपये रहा है। वहीं, कंपनी का मुनाफा 283 पर्सेंट बढ़कर 491 करोड़ रुपये रहा है। वित्त वर्ष 2025 के नौ महीनों में इबिट्डा सालाना आधार पर 31 पर्सेंट बढ़कर 911 करोड़ रुपये रहा है।

## 3 साल की ऊंचाई पर पहुंचे विप्रो के शेयर, 14 बार बोनस शेयर बांट चुकी है कंपनी




**नई दिल्ली, एजेंसी।** आईटी कंपनी विप्रो के शेयर गुरुवार को तीन साल की ऊंचाई पर पहुंच गए। विप्रो के शेयर बीएसई में इंट्राडे में 5 पर्सेंट के उछाल के साथ 324.55 रुपये पर जा पहुंचे। कंपनी के शेयरों ने 20 दिसंबर 2024 को बनाए गए अपने पिछले हाई 319.95 रुपये को पीछे छोड़ दिया है। विप्रो के शेयर जनवरी 2022 के बाद से अपने हाइएस्ट लेवल पर पहुंच गए हैं। कंपनी के शेयर 14 अक्टूबर 2021 को 369.90 रुपये के रिकॉर्ड हाई पर थे। विप्रो ने शुरुआत से लेकर अब तक अपने शेयरहोल्डर्स को 14 बार बोनस शेयर का तोहफा दिया है।

### 4 दिन में कंपनी के शेयरों में 15 प्रतिशत की तेजी

दिग्गज आईटी कंपनी विप्रो के शेयरों में पिछले 4 दिन में 15 पर्सेंट का उछाल आया है। दिसंबर 2024 तिमाही में कंपनी का इबिट मार्जिन 12 तिमाही के हाई 17.5 पर्सेंट पर पहुंच गया है। चालू वित्त वर्ष की दिसंबर तिमाही में विप्रो का कंसॉलिडेटेड नेट प्रॉफिट सालाना आधार पर 24 पर्सेंट बढ़कर 3354 करोड़ रुपये पहुंच गया है। वहीं, अक्टूबर-दिसंबर 2024 तिमाही में कंपनी का रेवेन्यू बढ़कर 22,319 करोड़ रुपये जा पहुंचा है। तिमाही आधार पर विप्रो का मुनाफा करीब 5 पर्सेंट बढ़ा है।

**14 बार बोनस शेयर दे चुकी है आइटी कंपनी-** विप्रो ने हाल में अपने शेयरहोल्डर्स को बोनस शेयर का तोहफा दिया है। कंपनी ने दिसंबर 2024 में 1:1 के रेशियो में बोनस शेयर दिए हैं। यानी, कंपनी ने हर 1 शेयर पर 1 बोनस शेयर बांटा है। इससे पहले, कंपनी 13 बार बोनस शेयर दे चुकी थी। यानी, विप्रो ने शुरुआत से लेकर अब तक अपने निवेशकों को 14 बार बोनस शेयर दिए हैं।

## कोटक ने इस बैंक के लोन बुक का किया अधिग्रहण




**नई दिल्ली, एजेंसी।** प्राइवेट सेक्टर कोटक महिंद्रा बैंक ने 3,330 करोड़ रुपये में स्टैंडर्ड चार्टर्ड बैंक के लोन बुक का अधिग्रहण पूरा कर लिया है। कोटक महिंद्रा बैंक ने स्टॉक एक्सचेंज फाइलिंग में यह जानकारी दी है। इस खबर के बीच गुरुवार को कोटक बैंक के शेयर में भारी उतार-चढ़ाव रहा। सप्ताह के चौथे कारोबारी दिन यह शेयर 1.18 प्रतिशत टूटकर 1894.60 रुपये पर बंद हुआ। ट्रेडिंग के दौरान शेयर 1923.60 रुपये के स्तर तक पहुंच गया था।

**क्या कहा कोटक बैंक ने-** कोटक बैंक ने स्टॉक एक्सचेंज को बताया- हम सूचित करना चाहते हैं आवश्यक विनियामक अनुमोदन प्राप्त करने और पूर्ववर्ती प्रासंगिक शर्तों को पूरा करने के बाद 23 जनवरी, 2025 को स्टैंडर्ड चार्टर्ड बैंक के लोन बुक के अधिग्रहण का काम पूरा कर चुके हैं।

## 11 अरब डॉलर के साथ भारत आ रही दुनिया की सबसे बड़ी एसेट मैनेजर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** देश में सबसे ज्यादा जीडीपी वाले राज्य महाराष्ट्र के लिए गुड न्यूज है। दुनिया की सबसे बड़े ऑल्टरनेटिव एसेट मैनेजमेंट कंपनी ब्लैकस्टोन अगले तीन से पांच साल में महाराष्ट्र में 11 अरब डॉलर के निवेश की योजना बनाई है। इस रकम को राज्य के प्रमुख शहरों में डेटा सेंटर, रियल एस्टेट और इन्फ्रास्ट्रक्चर से जुड़ी एसेट्स में इनवेस्ट किया जाएगा। अमेरिका के इस इंस्टीट्यूशनल इनेवस्टर ने भारत के तेजी से बढ़ रहे प्रॉपर्टी और डिजिटल इन्फ्रास्ट्रक्चर सेक्टर में अपनी उपस्थिति का विस्तार करने की व्यापक रणनीति बनाई है। इसके तहत कंपनी ने स्विट्जरलैंड के दावोस में राज्य सरकार के साथ तीन अलग-अलग समझौतों पर हस्ताक्षर किए हैं। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस इस साल वर्ल्ड इकनॉमिक फोरम में राज्य के प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे हैं।

## तेलंगाना सरकार ने राज्य में विनिर्माण सुविधा स्थापित करने के लिए जेएसडब्ल्यू डिफेंस के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए

- जेएसडब्ल्यू डिफेंस 800 करोड़ रुपये के निवेश से मानव रहित हवाई प्रणाली के निर्माण के लिए सुविधा स्थापित करेगी



**दावोस, एजेंसी।** तेलंगाना सरकार ने राज्य में मानव रहित हवाई प्रणाली (यूएएस) बनाने के लिए अत्याधुनिक विनिर्माण सुविधा स्थापित करने हेतु जेएसडब्ल्यू डिफेंस की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी जेएसडब्ल्यू यूएवी लिमिटेड के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं।

इस रणनीतिक पहल के हिस्से के रूप में, जेएसडब्ल्यू यूएवी एक अग्रणी अमेरिकी रक्षा प्रौद्योगिकी कंपनी के साथ प्रौद्योगिकी व्यवस्था के माध्यम से परियोजना में लगभग 800 करोड़ रुपये का निवेश करने के लिए तैयार है। दावोस में चल रहे विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) के अवसर पर तेलंगाना के माननीय मुख्यमंत्री श्री रेवंत रेड्डी और जेएसडब्ल्यू समूह के पार्थ जिंदल तथा राज्य के वरिष्ठ गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति में समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। इस अवसर पर तेलंगाना के माननीय मुख्यमंत्री श्री रेवंत रेड्डी ने कहा, हैदराबाद और तेलंगाना लंबे समय से वैश्विक बाजार में सॉफ्टवेयर और फार्मा लीडर के रूप में स्थापित हैं। स्पष्ट दृष्टि और मेहनती प्रयासों के साथ, हम अब तेलंगाना को सेमीकंडक्टर, रक्षा, निजी अंतरिक्ष से लेकर एफएमसीजी तक के सभी क्षेत्रों में विनिर्माण में निवेश के लिए एक स्पष्ट नेता के रूप में स्थापित कर रहे हैं।

## टाटा एआईए लाइफ ने सपनों की शादी को हकीकत बनाने के लिए पेश किया 'शुभ मुहूर्त'

**मुंबई , एजेंसी।** भारत में शादियां सिर्फ रस्में पूरी करने का एक समारोह भर नहीं हैं बल्कि शादी संस्कृति, प्यार और खुशी साझा करने का भव्य उत्सव है। यह किसी परिवार के जीवन में सबसे यादगार पलों में शामिल है। साथ ही, शादियां सोशल स्टेटस भी बन गई है, थीम और डेस्टिनेशन वेडिंग होने लगी हैं, जो दिनों से लेकर कई हफ्तों तक चल सकती हैं। नतीजतन, इस अवसर के लिए धन के बंदोबस्त और उसे खर्च करने के सही तरीकों के लिए महीनों ही नहीं बल्कि सालों तक सोच-समझ कर योजना बनानी पड़ती है। परंपरागत रूप से, भारतीय शादियों के लिए सोना, फिक्स्ड डिपॉजिट, और सामुदायिक बचत के तरीकों पर निर्भर रहे हैं। रियल एस्टेट और पारंपरिक बचत योजनाओं में निवेश भी लोकप्रिय रहा है, जो स्थिरता और लंबी अवधि के लाभ देते हैं।

लेकिन, इन विकल्पों में अक्सर लचीलापन कम होता है या वे तेजी से धन बढ़ाने में सक्षम नहीं होते। यहां बताया गया है कि जीवन बीमा समाधान लक्ष्य-आधारित बचत के लिए एक व्यवस्थित तरीका प्रदान करते हैं, जिसमें धन सृजन और वित्तीय सुरक्षा दोनों शामिल हैं। इससे यह सुनिश्चित होता है कि बच्चे की मनचाही शादी की आकांक्षाएं किसी भी अप्रत्याशित घटना के बावजूद पूरी हो सकें।एक निवेश बैंकिंग और पूंजी बाजार फर्म जेफरीज की रिपोर्ट के अनुसार भारत में 2024 में 80 लाख से अधिक शादियां हुईं।

## उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड ने अपनी 8वीं वर्षगांठ मनाई, 15 नई बैंकिंग आउटलेट्स का उद्घाटन किया

**मुंबई** , एजेंसी। उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड गर्व के साथ अपनी 8वीं वर्षगांठ मना रहा है, जो इसके विकास और वित्तीय समावेशन के प्रति निरंतर प्रतिबद्धता का प्रतीक है।

2017 में अपनी शुरुआत से लेकर, बैंक ने भारत भर में 1043 बैंकिंग आउटलेट्स के नेटवर्क के रूप में अपना विस्तार किया है। इस अद्वितीय यात्रा की सराहना करते हुए, बैंक अपनी वर्षगांठ के अवसर पर कई नई बैंकिंग आउटलेट्स का उद्घाटन कर रहा है, जो इसके परिवर्तनकारी बैंकिंग सेवाओं को और अधिक समुदायों तक पहुंचाएगा।

विस्तार पर टिप्पणी करते हुए उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड के एमडी और सीईओ श्री गोविंद सिंह ने कहा, हमारी 8वीं वर्षगांठ हमारे निरंतर विकास और सेवा उत्कृष्टता की खोज में एक गौरवपूर्ण क्षण है। 1043 बैंकिंग आउटलेट्स के साथ देश भर में एक अमिट छाप छोड़ने की हमारी यात्रा में, हमें अपने ग्राहकों का अटूट विश्वास और समर्थन प्राप्त करने का सौभाग्य मिला है, जिसने हमें देश के अग्रणी स्मॉल फाइनेंस बैंक में से एक बनने में सक्षम बनाया है। हमारी 8वीं वर्षगांठ के इस दिन 15 नए आउटलेट्स का शुभारंभ, जिसमें सिक्किम राज्य में हमारा पहला आउटलेट भी शामिल है, जो अब हमें 27 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में अपनी उपस्थिति दर्ज कराते हुए, भारत भर में समुदायों की सेवा करने के हमारे समर्पण को और मजबूत करता है। सुलभ और अभिनव बैंकिंग समाधान प्रदान करके, हम वित्तीय सशक्तिकरण को बढ़ावा देने और उन क्षेत्रों के सामाजिक-आर्थिक विकास में योगदान देने के लिए प्रतिबद्ध हैं, जहां हम सेवा प्रदान कर रहे हैं।

बैंक अपने ग्राहकों को वित्तीय उत्पादों और सेवाओं की एक विस्तृत श्रृंखला प्रदान करने की स्थिति में है, जिसमें बचत और चालू खाते, सावधि जमा, और आवर्ती जमा शामिल हैं। अपने ग्राहकों की आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए, बैंक आवास ऋण, व्यवसाय ऋण और संपत्ति के खिलाफ ऋण जैसे विभिन्न ऋण उत्पाद प्रदान करता है।



साल 2024 की सर्वश्रेष्ठ टेस्ट टीम में तीन भारतीय

# रोहित-विराट और अश्विन को जगह नहीं

**दुबई (एजेंसी)।** आईसीसी ने शुक्रवार को साल 2024 के लिए पुरुषों की सर्वश्रेष्ठ वनडे टीम के एलान के बाद सर्वश्रेष्ठ टेस्ट टीम का भी एलान कर दिया है। इस टीम में भारत के तीन खिलाड़ियों को जगह मिली है, लेकिन इनमें न तो रोहित शर्मा हैं और न ही विराट कोहली और रविचंद्रन अश्विन। टीम की कमान ऑस्ट्रेलियाई कप्तान पैट कमिंस को सौंपी गई है। सर्वश्रेष्ठ टेस्ट टीम में इंग्लैंड के सबसे ज्यादा चार खिलाड़ी हैं। वहीं, भारत के तीन और न्यूजीलैंड के दो खिलाड़ियों को जगह मिली है। ऑस्ट्रेलिया का सिर्फ एक खिलाड़ी इस टीम में है, जबकि विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंचने वाली दक्षिण अफ्रीका की टीम का कोई खिलाड़ी इस टीम में नहीं है।

**फैव-4 में से सिर्फ दो को मिली जगह-** टीम में मौजूदा दौर के चार सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजों में से दो ही को जगह मिली है। इनमें न्यूजीलैंड के केन विलियम्सन और जो रूट शामिल हैं। स्टीव स्मिथ और विराट कोहली जगह नहीं बना पाए। भारत के जिन तीन खिलाड़ियों को इसमें जगह दी गई है, उनमें ओपनर यशस्वी जायसवाल, ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा और तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह शामिल हैं। बुमराह मौजूदा समय में आईसीसी टेस्ट रैंकिंग में शीर्ष गेंदबाज हैं, जबकि जडेजा टेस्ट में शीर्ष रैंकिंग वाले ऑलराउंडर हैं।

### रूट और यशस्वी का रहा है जलवा

रूट पिछले साल टेस्ट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी रहे थे। वहीं, यशस्वी इस लिस्ट में दूसरे नंबर पर थे। विलियम्सन ने भी चोट से वापसी करने के बाद शानदार फॉर्म दिखाया था। हालांकि, तीनों की टीमें आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल की रेस से बाहर हो चुकी हैं। फाइनल में ऑस्ट्रेलिया का सामना जून में ऐतिहासिक लॉर्ड्स के मैदान पर दक्षिण अफ्रीका से होगा।

### टीम में और कौन-कौन

आईसीसी की टीम में ओपनिंग में यशस्वी का साथ इंग्लैंड का बेन डकेट निभा रहे हैं। जबकि तीसरे स्थान पर विलियम्सन और चौथे स्थान पर रूट हैं। पांचवें स्थान पर इंग्लैंड के ही हैरी ब्रूक और छठे स्थान पर श्रीलंका के ऑलराउंडर कामिंदु मेंडिस हैं। विकेटकीपर की जिम्मेदारी इंग्लैंड के जेमी स्मिथ को सौंपी गई है। तेज गेंदबाजी का जिम्मा कमिंस के अलावा न्यूजीलैंड के मैट हेनरी और बुमराह के हाथों में होगा।

### आईसीसी की वर्ष 2024 की पुरुष वनडे टीम

चैरिथ असलांका (कप्तान) (श्रीलंका), सईम अयूब (पाकिस्तान), रहमानुल्लाह गुरबाज़ (अफगानिस्तान), पथुम निसांका (श्रीलंका), कुसल मेंडिस (विकेटकीपर) (श्रीलंका), शेरफेन रदरफोर्ड (वेस्टइंडीज), अजमतुल्लाह उमरजई (अफगानिस्तान)), वानिंदु हसरंगा (श्रीलंका), शाहीन शाह अफरीदी (पाकिस्तान), हारिस रऊफ (पाकिस्तान), एएम गजनफर (अफगानिस्तान)।

# हैरी ब्रूक ने पहले टी20 में हार के बाद वापसी की ट्रिक बताई

**चेन्नई (एजेंसी)।** शीर्ष क्रम के बल्लेबाज हैरी ब्रूक ने शुक्रवार को कहा कि अगर इंग्लैंड कोलकाता में सात विकेट से मिली करारी हार से उबरकर श्रृंखला बराबर करना चाहता है तो मेहमान टीम को भारत पर लगातार दबाव बनाना होगा। ईडन गार्डन्स में जीत के बाद भारत पांच मैच की श्रृंखला में 1-0 से आगे चल रहा है।

ब्रूक ने दूसरे टी20 मैच की पूर्व संध्या पर कहा, 'हम बिलकुल भी दबाव में नहीं हैं। भारत एक बहुत अच्छी टीम है इसलिए हम जानते थे कि वे हमें कड़ी टक्कर देंगे और हां, उन्होंने शानदार खेल दिखाया। हमें बस दबाव बनाए रखने की जरूरत है, वही संदेश जो बैज (ब्रेंडन मैकुलम) हर समय देते रहे हैं। हमें उनके गेंदबाजों पर दबाव बनाने और उनकी पारी



के दौरान विकेट लेने की कोशिश करनी होगी। आपको हमेशा थोड़ा और बेहतर करने की जरूरत होती है।

ब्रूक ने ईडन गार्डन्स में कप्तान जोस बटलर के शानदार अर्धशतक से कुछ सीख लेने की उम्मीद जताई जिन्होंने 44 गेंद में 68 रन की पारी खेली। उन्होंने कहा, 'हां, उन्हें निश्चित रूप से भारत में खेलने का काफी अनुभव है। उन्होंने आईपीएल में और जब भी वह इंग्लैंड के लिए यहां खेले हैं तो शानदार प्रदर्शन किया है। इसलिए उन्हें मैदान पर उतरते और रन बनाते देखकर काफी अच्छा लगता है। उन्हें दूसरे छोर से थोड़ी देर तक देखना सुखद था। ब्रुक ने उम्मीद जताई कि वह शनिवार को चेपक में इंग्लैंड की संभावित जीत में और अधिक महत्वपूर्ण योगदान दे सकेंगे। उन्होंने कहा, 'यह एक आदर्श शुरुआत नहीं थी लेकिन यह सिर्फ एक मैच था। मेरा लक्ष्य जीत में योगदान देना होगा। मैं सिर्फ केवल एक ही चीज के बारे में सोचता हूं, वह है मैच विजेता बनने की कोशिश करना और अगर मैं यहां इस श्रृंखला में से एक या दो मैच भी जिताता हूं, तो मुझे इससे बहुत खुशी होगी।

# 'मैं सिर्फ कप्तान नहीं बनना चाहता'

## सूर्यकुमार ने इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टी20 से पहले साझा किए विचार



**नई दिल्ली(एजेंसी)।** भारत के टी20 कप्तान सूर्यकुमार यादव सिर्फ कप्तान नहीं बल्कि ग्रुप के लीडर बनना चाहते हैं। उन्होंने चेन्नई में इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टी20 मैच से पहले अपने विचारों पर विचार किया। सूर्यकुमार की अगुआई में भारत ने बुधवार को ईडन गार्डन्स में सीरीज के पहले मैच में इंग्लैंड को सात विकेट से हराया। मेजबान टीम ने पांच मैचों की टी20 सीरीज में 1-0 की बढ़त हासिल कर ली है।

सूर्यकुमार ने कहा, मुझे लगता है कि मैं सिर्फ कप्तान नहीं बनना चाहता; मैं लीडर बनना चाहता हूं। अगर हम एक ग्रुप के तौर पर कुछ हासिल करना चाहते हैं, तो सभी को एक ही पन्ने पर होना चाहिए। ये छोटी-छोटी बातें हैं जो मैं उन्हें बताता रहता हूं - बुनियादी बातें, मैदान पर और मैदान के बाहर पालन करने की अच्छी आदतें। जब आप मैदान पर उतरें, तो बस अपने शरीर को छोड़ दें और जो हो रहा है उसका आनंद लें।

रोहित शर्मा के टी20आई प्रारूप से संन्यास के बाद सूर्यकुमार को नियुक्त किया गया था। रोहित, विराट कोहली और रवींद्र जडेजा ने बारबाडोस में टी20 विश्व कप का खिताब जीतने के बाद अपने टी20 करियर को अलविदा कह दिया। भारत के टी20 कप्तान बनने पर अपने विचारों को दर्शाते हुए सूर्यकुमार ने इसे एक भावनात्मक क्षण बताया, जिसे उन्होंने अपने परिवार के साथ मनाया। उन्होंने कहा, यह एक भावनात्मक क्षण था। मैंने अपने परिवार को फोन किया और हमारी अच्छी बातचीत हुई। फिर मैंने एक गहरी सांस ली, उस पल को महसूस किया और जश्न मनाया। हम घर पर बैठे, मेरी पत्नी की मदद से कुछ खाना बनाया और शाम का आनंद लिया। यह मजेदार और बहुत ही खास एहसास था।

# रोहित रणजी ट्रॉफी में वापसी के दूसरे प्रयास में भी फेल, मुश्किल से बना पाए 28 रन

**मुंबई (एजेंसी)।** रोहित शर्मा की रणजी ट्रॉफी में वापसी कुछ खास नहीं रही और दूसरी पारी में भी वह कमाल नहीं दिखा पाए। भारतीय कप्तान ने उमर नजीर की गेंद पर छक्का लगाया और फिर औकीब नबी तथा युद्धवीर सिंह की गेंदों पर आसानी से दो और शॉट लगाकर अपनी सर्वश्रेष्ठ पारी की झलक दिखाई। लेकिन आखिरकार 28 रन पर उनकी पारी का अंत हुआ। इस दौरान उन्होंने 35 गेंदें खेली जिसमें 2 चौके और 3 छक्के शामिल थे।

एक दशक में मुंबई के लिए घरेलू रेड-बॉल क्रिकेट में अपना पहला मैच खेल रहे रोहित का पहला दिन बहुत खराब रहा, जब 37 वर्षीय यह खिलाड़ी जम्मू कश्मीर के खिलाफ रणजी ट्रॉफी मुकाबले के शुरुआती घंटे में 19 गेंदों पर 3 रन बनाकर आउट हो गए। शुक्रवार को रोहित ने खुद को बेहतर साबित करते हुए 28 रन की शानदार पारी खेली जो पिछले साल न्यूजीलैंड के खिलाफ बेंगलुरु टेस्ट की दूसरी पारी में 52 रन बनाने के बाद प्रथम श्रेणी क्रिकेट में उनका



सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। रोहित ने न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ लगातार मैचों में 0, 8, 18, 11, 3, 6, 3 और 9 रन बनाए हैं। अक्टूबर के मध्य में भारत विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप अंक तालिका में शीर्ष पर था और राष्ट्रीय टीम के लिए घर पूरी तरह से व्यवस्थित था। लेकिन न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया से हार के बाद यह सब बिखर गया जिसने भारतीय सुपरस्टार्स को घरेलू क्रिकेट खेलने के लिए मजबूर कर दिया। शुक्रवार को, वह एक बड़ी पारी की तलाश में थे, लेकिन ऐसा नहीं हुआ।

रोहित की 28 रनों की पारी में शुरुआती दौर में हिट और मिस दोनों शामिल थे जो चौथे ओवर में नजीर द्वारा छोड़े गए एक मुश्किल मौके से शुरू हुआ, जब वह अपने फॉलो थ्रू पर रिटर्न कैच नहीं पकड़ सके। रोहित ने तुरंत स्कायर लेग पर छक्का लगाने के लिए पुल शॉट के साथ जवाब दिया। एक मोटा बाहरी किनारा फिर गली और दूसरी स्लिप में फील्डर के बीच से उड़ गया और अंतिम गेंद पर रोहित ने जोरदार और वाइड शॉट लगाया और गेंद को ऑफ-साइड पर एक और चौका लगा दिया।

रोहित ने एक समय 11 गेंदों पर 21 रन बना लिए थे लेकिन वे ज्यादातर समय सतर्क रहे, हालांकि कुछ मौकों पर वे रन बनाने में विफल रहे। बीकेसी में दूसरे दिन विकेट पर तुलनात्मक रूप से नमी नहीं होने के कारण जम्मू-कश्मीर के गेंदबाजों को भी इसे कड़ा रखने के लिए कड़ी मेहनत करनी पड़ी, लेकिन वे रोहित को तीन छक्के और दो चौके लगाने से नहीं रोक सके। आखिरकार जम्मू-कश्मीर के आबिद मुश्ताक ने नजीर की गेंद पर मिडविकेट पर एक हाथ से कैच लपका, जिन्होंने रोहित को मैच में दूसरी बार आउट किया जिससे भारतीय कप्तान क्रीज पर नहीं टिक पाए।

# भारत की निगाह शमी की फिटनेस और विजय अभियान जारी रखने पर, ये हो सकती है प्लेइंग 11

### भारत-इंग्लैंड टी-20

चेन्नई (एजेंसी)। तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी की फिटनेस को चल रही चिताओं के बीच भारतीय टीम इंग्लैंड के खिलाफ शनिवार को यहां होने वाले दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में पहले मैच का प्रदर्शन दोहरा कर विजय अभियान जारी रखने के उद्देश्य के साथ मैदान पर उतरेगी। भारत ने बुधवार को कोलकाता में पहला मैच सात क्रिकेट से जीत कर पांच मैच की श्रृंखला में शुरुआती बढ़त हासिल की थी।

भारतीय टीम निश्चित तौर पर शमी को मैदान पर उतारना चाहेगी लेकिन यह सब कुछ उनकी फिटनेस पर निर्भर करेगा। भारत को हालांकि पहले मैच में इस 34 वर्षीय तेज गेंदबाज की कमी नहीं खली। इस मैच में तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह और स्पिनर वरुण चक्रवर्ती ने शानदार प्रदर्शन करके भारत की जीत में अहम भूमिका निभाई थी। ईडन गार्डंस की पिच से तेज और स्पिन गेंदबाजों को पर्याप्त मदद मिल रही थी लेकिन यहां चेपक स्टेडियम की पिच से स्पिनरों को और अधिक मदद मिलने की संभावना है। ऐसी परिस्थितियों में वरुण, उप कप्तान अक्षर पटेल और रवि बिश्नोई का अंतिम एकादश में बने रहना तय है।

इंग्लैंड की तरफ से अनुभवी स्पिनर आदिल रशीद और लियम लिविंगस्टोन भारतीय बल्लेबाजों के सामने



चुनौती पेश करेंगे। जहां तक उसके तेज गेंदबाजों का सवाल है तो पहले मैच में अभिषेक शर्मा और संजू सैमसन के सामने जोफ्रा आर्चर को छोड़कर उसका कोई भी गेंदबाज नहीं चल पाया था। अभिषेक और सैमसन ने पहले मैच में भारत को अच्छी शुरुआत दिलाई थी तथा यह दोनों एक बार फिर से उसे दोहराना चाहेंगे। पिछले छह मैच में तीन शतक बनाने वाले सैमसन लंबी पारी नहीं खेल पाए थे लेकिन अभिषेक ने 34 गेंद पर 79 रन की तूफानी पारी खेली थी।

सैमसन यहां पहले मैच की भरपाई करना चाहेंगे। अभिषेक और सैमसन की सलामी जोड़ी को अगर अगले साल भारत में होने वाले टी20 विश्व कप के लिए अपना दावा मजबूत रखना है तो उन्हें अपने प्रदर्शन में निरंतरता लानी होगी। इंग्लैंड भी अपने सलामी बल्लेबाजों से अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद करेगा। पहले मैच में फिल साल्ट और बेन डकेट दोनों ने मिलकर कुल सात गेंद का सामना करके चार रन बनाए थे। भारत को कप्तान सूर्यकुमार यादव से भी बड़ी पारी की उम्मीद होगी जो पिछले मैच में जल्दी आउट हो गए थे।

असल में सूर्यकुमार पिछले साल टी20 विश्व कप के बाद 11 पारियों में केवल दो अर्धशतक लगा पाए हैं। भारत की अपनी अंतिम एकादश में खास बदलाव करने की संभावना नहीं है। अगर शमी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी के लिए फिट हो जाते हैं तो उन्हें नीतीश कुमार रेड्डी की जगह टीम में लिया जाएगा। जहां तक इंग्लैंड का सवाल है तो यहां की परिस्थितियों को देखकर वह युवा स्पिनर रेहान अहमद को अंतिम एकादश में शामिल कर सकता है।

### संभावित प्लेइंग 11

इंग्लैंड - अभिषेक शर्मा, संजू सैमसन (विकेट कीपर), तिलक वर्मा, सूर्यकुमार यादव (कप्तान), हार्दिक पांड्या, रिंकू सिंह, नितीश कुमार रेड्डी, अक्षर पटेल, मोहम्मद शमी, अर्शदीप सिंह, वरुण चक्रवर्ती

भारत -फिल साल्ट (विकेट कीपर), बेन डकेट, जोस बटलर (कप्तान), हैरी ब्रूक, लियाम लिविंगस्टोन, जैकब बेथेल, जेमी ओवरटन, रेहान अहमद, जोफ्रा आर्चर, आदिल राशिद, मार्क वुड

**समय - मैच शाम 7 बजे शुरू होगा।**

# कुहनेमैन चोट से उबरने के बाद श्रीलंका के खिलाफ टेस्ट टीम में होंगे शामिल

**मेलबर्न (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलिया के बाएं हाथ के स्पिनर मैथ्यू कुहनेमैन को अंगूठे की चोट की सर्जरी के बाद ठीक होने के बाद दो मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए हरी झंडी दे दी गई है। बिग बैश लीग (बीबीएल)दौरान पिछले सप्ताह कुहनेमैन का दाहिना अंगूठा टूट गया था, लेकिन फिलहाल गुरुवार को अभ्यास सत्र के दौरान वह नेट्स में अच्छी गेंदबाजी करने में सफल रहे हैं। वह श्रीलंका पहुंचेंगे। गुरुवार को एलन बॉर्डर फील्ड में कुहनेमैन को हीट और क्वींसलैंड के गेंदबाजी कोच एंडी बिचेल ने आठ ओवर गेंदबाजी और बल्लेबाजी करते हुए आउट किया। हीट के फिजियो एडम स्मिथ की देखरेख में उन्होंने फील्डिंग करते हुए कुछ कैच पकड़े। गुरुवार को ब्रिस्बेन में सफल अभ्यास सत्र के बाद कुहनेमैन श्रीलंका में होने वाली



आगामी दो मैचों की सीरीज के लिए ऑस्ट्रेलिया की टेस्ट टीम में शामिल होने की मंजूरी मिलने को लेकर आशावादी हैं। 28 वर्षीय बाएं हाथ के ऑर्थोडॉक्स स्पिनर को होबार्ट हरिकेंस से हारने के बाद ब्रिसबेन हीट के लिए खेलते समय चोट लगी थी। खेल के दौरान अंगूठे पर चोट लगने के बाद कुहनेमैन को टीम के साथी डेनियल ड्रू द्वारा अस्पताल ले जाया गया, जहां अव्यवस्था को ठीक किया गया। अगली सुबह सर्जरी में फ्रैक्चर में एक पिन डाली गई। चोट की गंभीरता के बावजूद कुहनेमैन की रिकवरी तेजी से हुई। खेलों के दौरान अपने अंगूठे की सुरक्षा के लिए एक कस्टम-मेड प्लास्टिक स्प्लिंट तैयार किया गया है, जिसे कुहनेमैन अपने प्रदर्शन में बाधा डाले बिना पहन सकते हैं। 2023 में भारत में तीन टेस्ट खेलने वाले कुहनेमैन चोट से उबरने के बाद गॉल में पहले टेस्ट के लिए एकादश में जगह बनाने के दावेदार होंगे।

### श्रीलंका बनाम ऑस्ट्रेलिया टेस्ट सीरीज

- 29 जनवरी से 2 फरवरी - गॉल
- 6 फरवरी से 10 फरवरी - गॉल

- **ऑस्ट्रेलिया टीम-** स्टीव स्मिथ (कप्तान), सीन एबॉट, स्कॉट बोलैंड, एलेक्स कैरी, कूपर कोनोली, ट्रैविस हेड (उप-कप्तान), जोश इंग्लिस, उस्मान ख्वाजा, सैम कोंस्टास, मैट कुहनेमैन, मार्नस लाबुशेन, नाथन लियोन, नाथन मैकस्वीनी, टॉड मर्फी, मिशेल स्टार्क, ब्यू वेबस्टर।

# नोवाक जोकोविच चोटिल, पहला सेट हारने के बाद सेमीफाइनल से हटे

**मेलबर्न (एजेंसी)।** नोवाक जोकोविच चोटिल होने के कारण शुक्रवार को यहां अलेक्जेंडर ज्वेरेव के खिलाफ ऑस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस टूर्नामेंट के पुरुष एकल के सेमीफाइनल का पहला सेट हारने के बाद मैच से हट गए।

जोकोविच ने पहला सेट टाईब्रेकर में 7-6 (5) से गंवा दिया था। इसके बाद उन्होंने नेट के चारों ओर चक्कर लगाया और मैच से हटने का



फैसला किया। इस तरह से ज्वेरेव फाइनल में जगह बनाने में सफल रहे। कार्लोस अल्कराज के खिलाफ क्वार्टर फाइनल मैच के दौरान जोकोविच की पांव की मांसपेशियों में खिंचाव आ गया था। उन्होंने प्रशंसकों का आभार व्यक्त किया और उसके बाद कोर्ट से बाहर चले गए।

जोकोविच ने बाद में संवाददाता सम्मेलन में अपने पैर में दर्द का जिक्र करते हुए कहा, 'यह और भी बदतर होता जा रहा था। मैं अगर पहलाा सेट जीत भी लेता तब भी मेरे लिए आगे खेलना मुश्किल होता। जोकोविच ऑस्ट्रेलियाई ओपन में 11वां और कुल 25वां ग्रैंड स्लैम खिताब जीतने की कवायद में थे। उनके और ज्वेरेव के बीच एकमात्र सेट एक घंटे 20 मिनट तक चला।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के ऑन करें
www.pratahkiran.com epaper.pratahkiran.com
@Pratahkiran @Pratahkiran



## संक्षिप्त समाचार

### बेटियां ईश्वर का उपहार हैं, संस्कारों का विस्तार हैं: योगी

**लखनउ, एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को 'राष्ट्रीय बालिका दिवस' की बधाई देते हुए कहा कि बेटियां ईश्वर का उपहार हैं, संस्कारों का विस्तार हैं। मुख्यमंत्री योगी ने 'एक्स' पर पोस्ट किए गए अपने बधाई संदेश में कहा कि ''बेटियां ईश्वर का उपहार हैं, संस्कारों का विस्तार हैं।'' इसी पोस्ट में उन्होंने कहा, ''आज 'राष्ट्रीय बालिका दिवस' के अवसर पर सभी माताओं-बहनों का अभिनंदन एवं प्रदेश वासियों को हार्दिक बधाई!'' योगी ने भरोसा दिलाया, ''डबल इंजन की सरकार 'सुरक्षा कवच' के रूप में सदैव मातृशक्ति के साथ है। आपकी प्रगति, उन्नति एवं आपका सशक्तिकरण हमारी प्रतिबद्धता है।'' वर्ष 2008 में की थी। मोदी सरकार ने विभिन्न पहलों से बाल लिंगानुपात को बढ़ाने और लड़कियों को सशक्त बनाने के लिए 2015 में 22 जनवरी को अपनी महत्वाकांक्षी 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' योजना शुरू की।

### कैम्ब्रिज जुड़ेगा भारत के महत्वाकांक्षी वन नेशन वन सब्सक्रिप्शन पहल से

**भोपाल।** पूरे भारत में रिसर्च एक्सीलेंस और लर्निंग को बढ़ावा देने की योजनाओं की रूपरेखा तैयार कैम्ब्रिज यूनिवर्सिटी प्रेस भारत सरकार की अभूतपूर्व वन नेशन वन सब्सक्रिप्शन (ओएनओएस) पहल में शामिल प्रमुख प्रकाशकों में से एक है, जो देशभर में अकादमिक और रिसर्च एक्सीलेंस को बढ़ावा देने का एक प्रयास है। कैम्ब्रिज अपनी पत्रिकाओं के विशाल भंडार तक पहुँच को बढ़ाएगा, जिससे भारत के अकादमिक समुदाय को हाई-क्वालिटी रिसर्च और पीयर-रिव्यू आर्टिकल्स का लाभ मिल सकेगा। भारत सरकार द्वारा संचालित ओएनओएस पूरे देश में प्रतिष्ठित स्कॉलर्स की क्वालिटी रिसर्च जर्नल्स तक पहुँच सुनिश्चित करने का एक ऐतिहासिक प्रयास है। इस पहल में भाग लेने वाले 30 वैश्विक प्रकाशकों में से कैम्ब्रिज एक है, जो साइंस, टेक्नोलॉजी एंड मेडिसिन और ह्यूमैनिटीज एवं सोशल साइंस के क्षेत्र के 430 जर्नल्स तक पहुँच प्रदान करेगा। ओएनओएस भारत में सरकारी वित्तीय मदद लेने वाले 6,380 संस्थानों में 1.77 करोड़ से अधिक यूजर्स को हाई-क्वालिटी अकादमिक और रिसर्च सामग्री तक निर्बाध पहुँच प्रदान करता है। यह कदम भारत के आगे बढ़ते विकसित भारत 2047 के विजन की दिशा में महत्वपूर्ण मोड़ बनकर आया है। कैम्ब्रिज ज्ञान के लोकतंत्रीकरण और एक मजबूत रिसर्च इकोसिस्टम को साकार करने के भारत के विजन का समर्थन करने के लिए प्रतिबद्ध है। कैम्ब्रिज यूनिवर्सिटी प्रेस में एकेडेमिक पब्लिकेशन की प्रबंध निदेशक मैंडी हिल ने हाल ही में भारत की अपनी यात्रा के दौरान ओएनओएस सहित विभिन्न पहलों पर चर्चा करने के लिए हितधारकों से बातचीत की।


### श्रीमद भागवत सप्ताह का आयोजन 30 जनवरी से

**भोपाल ।** भागवत कथा श्रवण मात्र से पाप से मुक्ति मिलती। जिस स्थान पर कथा होती है वहां भगवान विराजमान होते हैं। भगवन नाम के जाप से सारे विपत्ति नाश हो जाते हैं। इस जगत में भगवत कृपा के बिना कुछ भी संभव नहीं है। मनुष्य को समाज में अच्छे काम करना चाहिए। भगवान श्रीकृष्ण ने कहा है की कर्म ही प्रधान हैए बिना कर्म कुछ संभव नहीं होता है, जो मनुष्य अच्छा व सत्कर्म करता है उसे अच्छा फल मिलता है व बुरे कर्म करने वाले को हमेशा बुरा फल मिलता है। कृष्ण की अनन्त लीलाओं में से बहुत सी लीलाओं का वर्णन भागवत में है। भोपाल में आयोजित भागवत कथा के यजमान चंद्रप्रकाश मिश्रा ने बताया श्री राधारानी जी की असीम कृपा एवं पितृदेव के अतुलित आशीर्वाद से,कण कण में निहित श्री कृष्ण जी की लीलाओं का रसपान हेतु श्रीमद भागवत सप्ताह का आयोजन 30 जनवरी से 6 फरवरी तक स-479,नेहरू नगर पुरानी पानी की टंकी के पास,भोपाल में किया जा रहा है। श्रीमद् भागवत कथा का वाचन बिजेथुआ धाम, कादीपुर, सुल्तानपुर, उत्तरप्रदेश के कथावाचक पंडित कृष्णदेव तिवारी दारा प्रति दिन 3 से 6 बजे तक किया जायेगा । यह कथा केवल एक व्यक्ति के जीवन को नहींए बल्कि उनकी सात पीढ़ियों को मोक्ष प्रदान करने की शक्ति रखती है। श्रीमद्भागवत कथा केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि मानव जीवन को दिशा देने वाला एक महत्वपूर्ण आध्यात्मिक मार्गदर्शक है।

# कांग्रेस के राज वाले कर्नाटक में बदलेगा मुख्यमंत्री? अटकलें फिर हुई तेज

**बेंगलुरु, एजेंसी।**
कांग्रेस शासित कर्नाटक में नेतृत्व परिवर्तन हो सकता है। हालांकि, पार्टी ने आधिकारिक तौर पर इसे लेकर कुछ नहीं कहा है, लेकिन मुख्यमंत्री सिद्धारमैया के ताजा बयानों से ऐसे संकेत मिल रहे हैं। राज्य में हुए विधानसभा चुनाव के बाद कथित तौर पर तय हुआ था कि ढाई साल में सीएम बदले जाएंगे। फिलहाल, इस दौड़ में सबसे आगे उप मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार नजर आ रहे हैं।

गुरुवार को सिद्धारमैया के बयानों से पहली बार संकेत मिले हैं कि उनके और डिप्टी सीएम शिवकुमार के बीच बातचीत हो गई है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, उन्होंने कहा, अंत में आलाकमान को ही हर बात पर फैसला लेना है। पत्रकारों ने राज्य में नेतृत्व परिवर्तन को लेकर सवाल किया था, जिसका उत्तर सिद्धारमैया ने दिया था। दरअसल, इस बयान को उनके पूर्व की टिप्पणियों से जोड़कर देखा जा रहा है। एक ओर जहां वह पहले पांच साल का कार्यकाल पूरा करने की बात कहते थे



और नेतृत्व परिवर्तन की खबरों का खंडन करते थे। इधर, शिवकुमार ने हाल ही में कहा कि वह अपना कर्तव्य करेंगे। साथ ही कहा कि नेतृत्व को लेकर फैसला पार्टी करेगी। हालांकि, रेस में कई और नेता भी दावेदारी पेश करते नजर आ रहे हैं।

साल 2023 विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने बड़ी जीत दर्ज की थी। तब कहा जा रहा था कि शिवकुमार सीएम पद के लिए जोर दे रहे हैं। ऐसे में पार्टी को हस्तक्षेप करना पड़ा और कथित तौर पर 30 महीनों का एक समझौता तैयार हुआ। अब सिद्धारमैया को पद पर रहते हुए 30 महीने पूरे होने जा रहे हैं। दोनों के ही समर्थक अपने-अपने नेताओं का नाम आगे बढ़ा रहे हैं।

**क्या बोले शिवकुमार:** शिवकुमार ने जैन आध्यात्मिक गुरु गुणाधर नंदी महाराज से मुख्यमंत्री बनने का आशीर्वाद मिलने के बाद बुधवार को पार्टी के प्रति अपनी वफादारी दोहराई और शीर्ष पद के लिए किसी भी व्यक्तिगत महत्वाकांक्षा को खारिज कर दिया। जैन गुरु के आशीर्वाद के बाद राज्य में कांग्रेस में नेतृत्व परिवर्तन की अटकलें फिर से तेज हो गई हैं। शिवकुमार ने हुबली हवाई अड्डे पर पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा, आध्यात्मिक नेता अपनी इच्छानुसार आशीर्वाद देने के लिए स्वतंत्र हैं, और हम इसका सम्मान करते हैं। हालांकि, पार्टी के फैसले सर्वोच्च हैं, और हम उनका पालन करेंगे।

शिवकुमार की टिप्पणियों को वर्तमान में मुख्यमंत्री सिद्दारमैया के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार के भीतर आंतरिक तनाव के बारे में अटकलों को शांत करने के प्रयास के रूप में देखा जा रहा है। विश्लेषकों का मानना है कि इस घटनाक्रम से पार्टी के भीतर संभावित नेतृत्व परिवर्तन के बारे में चर्चाएं तेज हो सकती हैं।

# तलाशी अभियान के बाद हथियार और 60 जिंदा गोला-बारूद बरामद

**इंफाल, एजेंसी।** सुरक्षाकर्मियों ने मणिपुर के पहाड़ी और घाटी जिलों के सीमांत और संवेदनशील इलाकों में तलाशी अभियान चलाया. अधिकारियों ने शुक्रवार को बताया कि तलाशी अभियान के दौरान बड़ी संख्या में हथियार और गोला-बारूद बरामद किए गए. पुलिस के अनुसार, जिरीबाम जिले के जिरीबाम पुलिस थाने के अंतर्गत जैरोल और उचाथोल के जंगल से एक एसएमजी कार्बाइन और मैगजीन, एक 12 बोर सिंगल बैरल बोर गन, 60 जिंदा गोला-बारूद, पांच यूबीजीएल राउंड और दो ग्रेनेड बरामद किए गए.

बुधवार को, भारतीय सेना ने पुलिस और अन्य सुरक्षा बलों के साथ कई सफल संयुक्त अभियानों में चूरचंदपुर सहित मणिपुर के चार जिलों के पहाड़ी और घाटी क्षेत्रों से हथियार, गोला-बारूद और युद्ध संबंधी सामान बरामद किए. आधिकारिक बयान के अनुसार कि भारतीय सेना ने मणिपुर पुलिस और अन्य सुरक्षा बलों के साथ मिलकर कई सफल संयुक्त अभियानों में मणिपुर के थौबल, कांगपोकपी, चुरचंदपुर और टेंग्नुपाल जिलों के पहाड़ी और घाटी क्षेत्रों से 12 हथियार, गोला-बारूद और युद्ध संबंधी सामान बरामद किए. आधिकारिक बयान के अनुसार, असम राइफल्स और मणिपुर पुलिस द्वारा 11 जनवरी को चूराचंदपुर जिले के मोंगजांग गांव और 13 जनवरी को कांगपोकपी जिले के फेयेंग हिल के सामान्य क्षेत्रों में, 14 जनवरी को कांगपोकपी जिले के कोटलेन गांव से 6 किमी उत्तर में नेपाली बस्ती, जीरो प्वाइंट - पी1 रेलवे साइट रोड, सलाम पटोंग गांव और थौबल जिले के वेथौ में कार्बाइन मशीन गन, सिंगल बोर बैरल राइफल, एके, पिस्तौल, ग्रेनेड, गोला-बारूद और युद्ध संबंधी सामान बरामद किए गए. मणिपुर उच्च न्यायालय की ओर से राज्य को मैतेई समुदाय को अनुसूचित जनजाति की सूची में शामिल करने पर विचार करने का निर्देश दिए जाने के बाद 3 मई, 2023 को अखिल आदिवासी छात्र संघ मणिपुर (ञ्जस्रू) की एक रैली के बाद मणिपुर में मैतेई और कुकी समुदायों के बीच हिंसा भड़क उठी.

# कर्नाटक में नए साल में एमपॉक्स का पहला केस सामने आया, पीड़ित दुबई से आया था

**बेंगलुरु, एजेंसी।**
कर्नाटक में गुरुवार को इस साल का पहला एमपॉक्स का मामला सामने आया, जो मंगलुरु के 40 वर्षीय एक व्यक्ति में पाया गया. कर्नाटक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग की एक विज्ञप्ति के अनुसार, राष्ट्रीय विषाणु विज्ञान संस्थान पुणे, ने संदिग्ध व्यक्ति के एमपॉक्स की पुष्टि की है. यहीं उसके नमूनों की जांच की गई थी.

उडुपी जिले के करकला का निवासी यह व्यक्ति पिछले 19 वर्षों से दुबई में रहने के बाद 17 जनवरी को मंगलुरु लौटा था. विज्ञप्ति में कहा गया है कि अस्पताल पहुंचने पर उसमें चकत्ते के लक्षण दिखे और दो दिन पहले उसे बुखार भी हुआ था. उसको तुरंत एक निजी अस्पताल में आइसोलेट किया गया और उनके एमपीओएक्स सैंपल को बैंगलोर मेडिकल कॉलेज और उसके बाद एनआईवी, पुणे में भेजा गया. इसमें कहा गया है, उक्त व्यक्ति की हालत स्थिर है और उसे कोई गंभीर जटिलता नहीं है. उसे जल्द ही छुट्टी दे दी जाएगी. वहीं पीड़ित की 36 वर्षीय पत्नी, जिन्होंने उन्हें मंगलुरु हवाई अड्डे पर रिसीव किया था, को प्राथमिक संपर्क के रूप में पहचाना गया है. उन्हें




किसी भी लक्षण पर नजर रखने के लिए कुछ दिनों के लिए अलग रहने की सलाह दी गई है.

विभाग ने कहा कि इस बीमारी का उपचार सामान्यतः लक्षणों का प्रबंधन है, जैसे बुखार, बदन दर्द के लिए दवा तथा संक्रमित घावों/चकत्तों से होने वाले द्वितीयक संक्रमण के लिए एंटीबायोटिक, साथ ही पर्याप्त मात्रा में जलपान, पोषण, आराम आदि सुनिश्चित करना आदि. एमपॉक्स आम तौर पर बहुत करीबी और अंतरंग संपर्क के माध्यम से ही फैलता है. इस बीमारी की संक्रामकता कोविड-19 जितनी गंभीर नहीं है.

स्वास्थ्य विभाग ने लोगों को सलाह दी है कि वे इस बीमारी की हल्की प्रकृति तथा इसकी कम संक्रामकता को देखते हुए मामले की सूचना मिलने पर घबराएं नहीं. हालांकि लोगों से कहा गया है कि वे इस बीमारी से जुड़े सामान्य लक्षणों जैसे बुखार, सिरदर्द, मांसपेशियों में दर्द, ठंड लगना, पसीना आना, गले में खराश और खांसी के साथ त्वचा पर चकत्ते आदि पर नजर रखें और जांच कराएं. खासकर यदि उन्होंने इस वायरस के लिए उच्च जोखिम वाले देशों की यात्रा की हो या वे एमपॉक्स से प्रभावित व्यक्तियों के बहुत निकट संपर्क में रहे हों.

# जो हिंदू-मुस्लिम के बीच दुश्मनी फैलाते हैं, वे हिंदू नहीं हो सकते: उद्धव ठाकरे

**मुंबई, एजेंसी।**
शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे ठाकरे ने भारतीय जनता पार्टी पर तीखा हमला किया. उन्होंने और कहा कि जो कोई भी सांप्रदायिक विद्वेष फैलाता है, वह हिंदू नहीं हो सकता. साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि उनकी पार्टी का हिंदुत्व स्वच्छ है. महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री ने भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार को बैलेट पेपर पर चुनाव कराने की चुनौती भी दी. वह शिवसेना के संस्थापक बालासाहेब ठाकरे की जयंती के अवसर पर एक जनसभा को संबोधित कर रहे थे.

ठाकरे ने कहा कि अगर आपको थोड़ी भी शर्म है, तो ईवीएम को किनारे रखें और बैलेट पेपर से चुनाव कराएं. जो कोई भी हिंदू-मुस्लिम दुश्मनी फैलाता है, वह हिंदू नहीं हो सकता. हमारा हिंदुत्व स्वच्छ है. उल्लेखनीय रूप से, 2024 का महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव शिवसेना (यूबीटी) के लिए बहुत बड़ी हार थी, जो खुद 20 सीटों पर सिमट गई, जबकि भाजपा के नेतृत्व वाली महायुति ने 235 सीटों के साथ शानदार जीत दर्ज की.

इस बीच, भारत ब्लॉक के कई विपक्षी नेता चुनावों में इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों (ईवीएम) की निष्पक्षता पर सवाल उठा रहे हैं और मांग कर रहे हैं कि चुनाव बैलेट पेपर से कराए जाएं. इस महीने की शुरुआत में, मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने मतदान के लिए पेपर बैलेट पर लौटने के सुझाव को खारिज करते हुए कहा कि पुरानी पेपर बैलेट प्रणाली पर लौटना अनुचित और प्रतिगामी है. ऐसी मांग का उद्देश्य चुनाव प्रक्रिया को पटरी से



उतारना है.

इस सप्ताह, दिल्ली उच्च न्यायालय की एक खंडपीठ ने निर्वाचन क्षेत्रों में चुनावों में इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों (ईवीएम) के उपयोग को चुनौती देने वाली अपील को खारिज कर दिया. याचिकाकर्ता ने ईवीएम के इस्तेमाल को लेकर चिंता जताई थी और तर्क दिया था कि संबंधित कानून की धारा 61-ए के तहत प्रतिवादी (भारत के चुनाव आयोग) को प्रत्येक निर्वाचन क्षेत्र में ईवीएम के इस्तेमाल के लिए अलग-अलग औचित्य प्रदान करने की आवश्यकता है. कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश विभु बाखरू की अध्यक्षता वाली और न्यायमूर्ति तुषार राव गेडेला की पीठ ने अपील को खारिज करते हुए कहा कि हमें वर्तमान अपील में कोई योग्यता नहीं मिली, और इसे खारिज किया जाता है.

# महिला बिशप की ट्रम्प से अपील- समलैंगिकों पर दया करें

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प मंगलवार को राजधानी वॉशिंगटन के नेशनल कैथेड्रल चर्च में एक प्रार्थना में हिस्सा लिया था। रॉयटर्स के मुताबिक इस दौरान एपिस्कोपल बिशप राइट रेव मैरिएन एडगर बुडे ने ट्रम्प से समलैंगिक समुदाय और अवैध प्रवासियों पर दया करने की अपील की। इसके साथ ही उन्होंने कहा ऐसी बातें न कहें जिसके लिए आपको पछताना पड़े। बिशप का यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद कई ट्रम्प समर्थकों को गुस्सा उन फूड पड़ा। उन्होंने बिशप पर वामपंथी होने का आरोप लगाया। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक ट्रम्प की बेटी टिफनी ने कहा कि विशप के बयान को पागलपन बताया। वहीं ट्रम्प ने कहा कि उनका भाषण काफी उबाऊ और प्रेरणाहीन था।

इसके बाद महिला बिशप ने टाइम मैगजीन को दिए गए इंटरव्यू में कहा- मैं माफी नहीं मांगने जा रही हूं। मैं राष्ट्रपति ट्रम्प से नफरत नहीं करती। मैं वामपंथी भी नहीं हूं। मैं दूसरों के लिए दया मांगने के लिए माफी नहीं मांगने जा रही हूं। कुछ लोगों



ने कहा है कि वे मेरी मृत्यु की कामना करते हैं यह दुखद है। सभा में एक दर्जन से अधिक धार्मिक नेताओं ने भी अपने विचार व्यक्त किए, जिनमें हिंदू, बौद्ध, यहूदी और मुस्लिम धर्मगुरु शामिल थे। वॉशिंगटन नेशनल कैथेड्रल 1933 से अब तक दोनों प्रमुख दलों के राष्ट्रपतियों के लिए 10 प्रार्थना समारोह आयोजित कर चुका है।

15 मिनट के प्रवचन में बिशप बुडे ने कहा- राष्ट्रपति, मैं आपसे एक अंतिम निवेदन करना चाहती हूं। लाखों लोगों ने आप पर भरोसा किया है। और जैसा कि आपने कल (20 जनवरी) देश को बताया कि जब आप पर हमला हुआ था तब आपने अपने साथ एक दैवीय हाथ को महसूस किया। मैं आपसे ईश्वर के नाम पर, उन लोगों पर दया करने के लिए कहती हूं जो डरे हुए हैं। बिशप ने कहा- वे डेमोक्रेटिक, रिपब्लिकन और अन्य परिवारों के समलैंगिक, लेस्बियन और ट्रांसजेंडर बच्चे हैं, जिनमें से कुछ को अपने जीवन का डर है।

मारियान एडगर बुडे कोलंबिया डिस्ट्रिक्ट और फोर मैरीलैंड काउंटियों में 86 एपिस्कोपल काउंटी और 10 एपिस्कोपल स्कूलों की स्प्रिचुअल लीडर हैं। वह प्रोटेस्टेंट एपिस्कोपल कैथेड्रल फाउंडेशन की अध्यक्ष भी हैं, जो वाशिंगटन नेशनल कैथेड्रल और कैथेड्रल स्कूलों की देखरेख करने वाला संगठन है। उन्होंने न्यूयॉर्क की रोचेस्टर यूनिवर्सिटी से हिस्ट्री में बैचलर्स किया है। इसके साथ ही वर्जीनिया थियोलॉजिकल सेमिनरी से मास्टर्स इन डिविनिटी और डॉक्टर ऑफ मिनिस्ट्री की डिग्री भी प्राप्त की है।

# पीएम अल्बनीज ने की ग्रीन बैंक के लिए अतिरिक्त धनराशि देने की घोषणा

**कैनबरा, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज ने स्वच्छ ऊर्जा परियोजनाओं में निवेश को बढ़ावा देने को देश के ग्रीन बैंक के लिए अतिरिक्त धनराशि की घोषणा की है। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, अल्बनीज और जलवायु परिवर्तन एवं ऊर्जा मंत्री क्रिस बोवेन ने गुरुवार को कहा कि संघीय सरकार ने स्वच्छ ऊर्जा वित्त निगम (सीईएपसी) को अतिरिक्त दो बिलियन ऑस्ट्रेलियाई डॉलर (1.25 बिलियन डॉलर) का निर्देश दिया है।



उन्होंने एक संयुक्त बयान में कहा कि अतिरिक्त निवेश से डी-कार्बोनाइजेशन परियोजनाओं में निजी क्षेत्र के निवेश के अनुमानित छह बिलियन ऑस्ट्रेलियाई डॉलर (3.76 बिलियन डॉलर) का लाभ मिलेगा, जिससे नौकरियों, आर्थिक विकास और ऊर्जा सुरक्षा को बढ़ावा मिलेगा। अल्बनीज ने कहा हम ऑस्ट्रेलिया का भविष्य बना रहे हैं, ऑस्ट्रेलिया को पीछे नहीं ले जा रहे हैं।

सीईएपसी की स्थापना 2012 में सरकार की ओर से डी-कार्बोनाइजेशन अवसरों में निवेश करने के लिए शुरुआती 10 बिलियन ऑस्ट्रेलियाई डॉलर (6.27 बिलियन डॉलर) के वित्तीय शुरुआत के साथ की गई थी। सरकार के अनुसार, यह दुनिया का सबसे बड़ा समर्पित ग्रीन बैंक है।

# तुर्की के स्की रिजॉर्ट में आग की घटना में मरने वालों की संख्या 78 हुई

**अंकारा, एजेंसी।** तुर्की के उत्तर-पश्चिमी बोलू प्रांत स्थित कार्तलकाया स्की रिजॉर्ट में लगी भीषण आग में मरने वालों की संख्या बढ़कर 78 हो गई है। देश के न्याय मंत्री यिलमाज तुनक ने गुरुवार को यह जानकारी दी है। इस घटना के सिलसिले में 11 लोगों को हिरासत में लिया गया है। तुनक ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर बताया कि जिन लोगों को हिरासत में लिया गया है, उनमें उप महापौर, अग्निशमन प्रमुख और होटल के मालिक तथा प्रबंधक शामिल हैं। मामले की जांच जारी है।

बारह मंजिला इस होटल में मंगलवार सुबह आग लग गई थी। चौथी मंजिल पर स्थित एक रेस्टोरेंट में यह आग लगी थी जो धीरे-धीरे ऊपरी मंजिलों तक फैल गई। तुर्की के राष्ट्रपति रेसेप तैयप एर्दोगन ने बुधवार को राष्ट्रीय शोक दिवस की घोषणा की। कैबिनेट बैठक के बाद एक संवाददाता सम्मेलन में एर्दोगन ने कहा, इस घटना के पीछे जो भी दोषी हैं, जिनकी लापरवाही पाई जाएगी, उन्हें कानून के सामने जवाबदेह ठहराया जाएगा। समाचार एजेंसी शिन्हुआ के अनुसार, उन्होंने बताया कि 17 घायलों को अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है तथा अन्य घायलों का उपचार जारी है, जिनमें से एक को गहन चिकित्सा कक्ष (आईसीयू) में रखा गया है।

# पाक सुरक्षा बलों ने बलूचिस्तान में 6 टीटीपी आतंकवादियों को मार गिराया

**बलूचिस्तान, एजेंसी।**
सुरक्षा बलों ने पाकिस्तान-अफगानिस्तान सीमा से बलूचिस्तान के झोब जिले में घुसपैठ करने की कोशिश कर रहे छह आतंकवादियों को सफलतापूर्वक मार गिराया. इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) ने गुरुवार को यह घोषणा की. डॉन की रिपोर्ट के अनुसार, यह अभियान क्षेत्र में बढ़ती आतंकवादी गतिविधियों के बीच चल रही सुरक्षा चुनौतियों को देखते हुए चलाया गया था.

आईएसपीआर के अनुसार कि 22 और 23 जनवरी की रात को, पाकिस्तान-अफगानिस्तान सीमा के माध्यम से घुसपैठ करने की कोशिश कर रहे ख्वारिज के एक



समूह की गतिविधि को सुरक्षा बलों ने झोब जिले के सामान्य क्षेत्र सांबाजा में पकड़ा. ख्वारिज शब्द प्रतिबंधित तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) को संदर्भित करता है.

आईएसपीआर की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि हमारे सैनिकों ने घुसपैठ की उनकी कोशिश को प्रभावी ढंग से नाकाम कर दिया गया. रिपोर्ट के मुताबिक, सुरक्षा बलों ने ऑपरेशन के दौरान हथियारों, गोला-बारूद और विस्फोटकों का एक बड़ा जखीरा भी बरामद किया. आईएसपीआर ने पाकिस्तान की लंबे समय से चली आ रही मांग को दोहराया कि अंतरिम अफगान सरकार आतंकवादी गतिविधियों के लिए अफगान धरती के इस्तेमाल को रोकने के लिए अपनी तरफ से प्रभावी सीमा प्रबंधन सुनिश्चित करे. बयान में कहा गया कि पाकिस्तान लगातार अंतरिम अफगान सरकार से सीमा के अपने हिस्से पर प्रभावी सीमा प्रबंधन सुनिश्चित करने के लिए कह रहा है. अंतरिम अफगान सरकार से अपेक्षा की जाती है कि वह अपने दायित्वों को पूरा करे और ख्वारिज द्वारा पाकिस्तान के खिलाफ आतंकवादी कृत्यों को जारी रखने के लिए अफगान भूमि का उपयोग ना करने दे. बयान में आईएसपीआर ने कहा कि सेना जनता को पाकिस्तान की सीमाओं की सुरक्षा और आतंकवाद का मुकाबला करने के लिए सेना की निरंतर प्रतिबद्धता का भी आश्वासन दिया. इसने कहा कि पाकिस्तान के सुरक्षा बल अपनी सीमाओं की सुरक्षा और देश से आतंकवाद के खतरे को खत्म करने के लिए प्रतिबद्ध हैं. झोब में ऑपरेशन पाकिस्तान में बढ़ते आतंकवाद का मुकाबला करने के व्यापक प्रयास का हिस्सा है. इस सप्ताह की शुरुआत में, आईएसपीआर ने खुलासा किया कि सुरक्षा बलों ने 11 जनवरी को झोब में आतंकवाद में शामिल एक अफगान नागरिक को मार गिराया था. डॉन की रिपोर्ट के अनुसार, अफगानिस्तान के पक्तिका प्रांत के मुहम्मद खान अहमदखेल के रूप में पहचाने गए व्यक्ति को प्रक्रियात्मक औपचारिकताओं के बाद अफगान अधिकारियों को सौंप दिया गया. आईएसपीआर ने कहा कि ऐसी घटनाएं पाकिस्तान में आतंकवादी गतिविधियों में अफगान नागरिकों की संलिप्तता के ठोस सबूत हैं. इस्लामाबाद ने बार-बार अफगान क्षेत्र के उपयोग पर चिंता जताई है. टीटीपी द्वारा पाकिस्तान में हमले शुरू करने की आशंका है. हालांकि, काबुल इन आरोपों से इनकार करता है, जिससे द्विपक्षीय संबंधों में और तनाव पैदा होता है. सीमा पर लगातार होने वाली झड़पों और अनसुलझे सुरक्षा चिंताओं के कारण पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच तनाव बढ़ गया है.

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक देवन प्रसाद द्वारा आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, ए-24, सेक्टर-8, नोएडा, उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं - बी-126, मायापुरी इंडस्ट्रीयल एरिया, फेस-1, नई दिल्ली-110064 से प्रकाशित। सह संपादकः रंजीत राय फोन नं-011-45795464 (नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा दिल्ली उच्च न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. DELHIN/2010/32488, Email: news@pratahkiran.com, मो. 9212228045, 8130691216, 9971557129